राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 259
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
शुक्रवार 01 अप्रैल 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 गाजियाबाद : पेट्रोल पंप के कर्मचारी ने ही फायरिंग कर लूटे थे 25 लाख रुपये, कोर्ट में किया सरेंडर
पेज 5 देवरिया में बैंक की कैश वैन लूटने के प्रयास का मास्टरमाइंड निकला वैन का संरक्षक
पेज 7 अपनी कुर्सी खतरे में देख इमरान खान को आई भारत की याद, लगाया इल्जाम

## हिमाचल में गर्मी ने तोड़ा 60 साल का रिकॉर्ड

### धर्मशाला, मनाली, केलोंग, सोलन और कांगड़ा इतना गर्म कभी नहीं रहा

शिमला। हिमाचल प्रदेश में इस साल गर्मी ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले है। धर्मशाला, मनाली, केलोंग, सोलन और कांगड़ा में अधिकतम तापमान तथा शिमला के न्यूनतम तापमान ने 60 सालों के सभी रिकॉर्ड को ध्वस्त किया है। मौसम विभाग के अनुसार, मार्च 2022 जितनी गर्मी पहले कभी नहीं पड़ी है। आज भी ऊना का पारा 39 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है।

#### धर्मशाला में 29 मार्च को रिकॉर्ड 33.2 डिग्री पहुंचा पारा

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक धर्मशाला में 29 मार्च 2010 को सर्वाधिक 31.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया था, जबकि इस साल 29 मार्च को यह 33.2 डिग्री पहुंच गया।

मनाली में 21 मार्च 1974 को 27 डिग्री



और इस बार 17 व 22 मार्च को 27.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यानी मनाली में 48 साल पहले के सर्वाधिक तापमान का इस बार रिकॉर्ड टूट गया है।

#### केलोंग में भी रिकॉर्ड गर्मी

केलोंग का अधिकतम तापमान 31 मार्च 2018 को 17.5 डिग्री और इस बार 30 मार्च को 17.9 डिग्री, सोलन का 30 मार्च को 2021 को 33.0 डिग्री, जबकि इस बार 30 मार्च को सोलन का तापमान 33 डिग्री और कांगड़ा का अधिकतम पारा 31 मार्च 2017 को 34.1 डिग्री व इस बार 34.8 डिग्री रिकार्ड किया गया।

## न मास्क की मजबूरी, न कोरोना की पाबंदी

### 2 अप्रैल से राज्य में सभी प्रतिबंध हुए खत्म, मॉल, जिम, होटल और सिनेमाघर अब 100 प्रतिशत कैपेसिटी में संचालित होंगे

मुंबई। तकरीबन दो साल बाद महाराष्ट्र में सभी तरह की कोरोना पाबंदियों को 2 अप्रैल यानी गुड़ी पड़वा से खत्म किया जा रहा है। इस फैसले पर गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में मुहर लगा दी गई। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से राज्य के कई शहरों में एक भी कोरोना संक्रमित नहीं मिला है। जिसके बाद यह फैसला उद्धव सरकार ने लिया है। हालांकि, पहले ही काफी हद तक प्रतिबंध हटाए जा चुके थे। स्कूल, थिएटर्स, मॉल्स, रेस्टोरेंट्स, पार्क, ऑफिस खोल दिए गए थे। वहीं रोजमर्रा का कामकाज भी पटरी पर आना शुरू हो गया है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि गुड़ी पड़वा के दिन जुलूस और रैली की भी अनुमति दी गई है। हालांकि, भविष्य में कोरोना के प्रकोप को रोकने



के लिए नागरिकों को मास्क पहनने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने और कोरोना के खिलाफ टीका लगवाने के लिए कहा गया है। स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने कहा कि राज्य में मास्क अब अनिवार्य नहीं रहेगा, लेकिन लोगों को अपनी सेहत का ध्यान रखते हुए खुद ही इसका इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इस संबंध में तत्काल विस्तृत आदेश जारी करने का भी निर्देश दिया गया है।

#### हर साल होगा 22 लाख कर्मचारियों का फ्री हेल्थ चेकअप

इन प्रतिबंध को खत्म करने का ऐलान करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 40-50 वर्ष के आयु वर्ग के लगभग 22 लाख सरकारी कर्मचारियों को एक वर्ष में एक अनिवार्य हेल्थ चेकअप और 50-60 वर्ष की आयु के लिए दो चेकअप प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक कर्मचारी को इसके लिए 5000 रुपए तक राशि प्रदान की जाएगी। इससे सरकार पर हर साल लगभग 105 करोड़ रुपए खर्च आएगा।

#### जितेंद्र आव्हाड ने गुड़ी पड़वा जोरदार ढंग से मनाने को कहा

राज्य सरकार के इस फैसले की जानकारी एनसीपी नेता जितेंद्र आव्हाड ने ट्वीट कर दी है। उन्होंने कहा कि धारा 144 हटाए जाने के बाद गुड़ी पड़वा उत्सव, रमजान और बाबासाहेब शोभा यात्रा जोरदार तरीके से मनाएं। बता दें कि देश के दूसरे राज्यों की तरह अब महाराष्ट्र में भी कोरोना के मामले काफी कम हो गए हैं। राज्य में संक्रमण के मामलों पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है। यही वजह है कि सरकार सभी कोरोना नियमों को हटाने पर विचार कर रही थी। अब सरकार ने धारा 144 हटा दी है। खास बात ये है कि राज्य में अब मास्क लगाना भी वैकल्पिक हो गया है।

#### अब महाराष्ट्र में क्या बदलेगा?

- 2 अप्रैल से महाराष्ट्र में सभी कोरोना प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे।
- गुड़ी पड़वा की शोभायात्रा, डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर जयंती और रमजान को उत्साह से मना सकेंगे लोग।
- मास्क और सामाजिक दूरी की अनिवार्यता को खत्म कर दिया गया है।
- होटल, पार्क, जिम, सिनेमा, शैक्षणिक संस्थान, अंत्येष्टि में उपस्थिति की कोई सीमा नहीं होगी।
- बस, लोकल और ट्रेन से यात्रा करते समय वैक्सीन सर्टिफिकेट दिखाने की जरूरत नहीं होगी।
- सार्वजनिक स्थानों, मॉल, बगीचों में मास्क पहनने या टीकाकरण प्रमाण पत्र दिखाने की आवश्यकता नहीं होगी है।
- महाराष्ट्र में सभी धार्मिक स्थलों पर लगे प्रतिबंधों को हटा दिया गया है।

## देश में एक दिन में कोरोना से 28 लोगो की मौत

### देश में कोरोना मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत, रिकवरी दर 98.76 प्रतिशत

नयी दिल्ली। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से देश में पिछले 24 घंटों के दौरान 28 लोगों की मौत हुई है, जिसके बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 521129 हो गयी है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में सक्रिय मामलों की संख्या 397 घटकर 14307 रह गई है। इस दौरान एक हजार 1,225 नये मामले आने के साथ कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4, 30, 24,440 हो गई, वहीं 1,594 मरीजों के स्वस्थ होने से संक्रमणमुक्त होने वालों की संख्या कुल 4,24,89,004 हो गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान इस बीमारी से 28 लोगों की मौत के साथ मरने वालों की कुल संख्या 521129 हो गई है। देश में कोरोना मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत, रिकवरी दर 98.76 प्रतिशत और संक्रमण दर 0.03 प्रतिशत है।

केरल में पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामलों में 145 की कमी आने के बाद इनकी संख्या घटकर 4242 रह गई। वहीं, 562 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 6460147 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 67865 हो गया है।

कर्नाटक में सक्रिय मामले 71 बढ़कर 1627 हो गये हैं। इस दौरान 105 मरीजों के ठीक होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 3903756 हो गई है। वहीं राज्य में एक और मरीज की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 40053 पर पहुंच गया है।

असम में इस दौरान सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 1354 हो गई है तथा इस महामारी से मुक्त होने वालों की कुल संख्या 716203 तक पहुंच गई है, वहीं मृतकों का आंकड़ा 6639 पर स्थिर रहा।

पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में 53 सक्रिय मामले कम होने के साथ इनकी संख्या 1048 रह गयी है। इस दौरान राज्य में 152 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 222628 हो गई है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 684 पर स्थिर है।

महाराष्ट्र में इस दौरान 21 सक्रिय मामले घटने के साथ इनकी संख्या 939 हो गई है। इस दौरान राज्य में 138 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 7725120 हो गई है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 147782 हो गया है। पश्चिम बंगाल में इस दौरान सक्रिय मामले 29 घटकर 636 रह गए हैं तथा मृतकों का आंकड़ा 21197 पर स्थिर है। राज्य में 1995482 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं।

पर्वतीय राज्य उत्तराखंड में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 493 रह गई है और राज्य में अभी तक 429055 लोग इस जानलेवा वायरस से निजात पा चुके हैं। मृतकों का आंकड़ा 7691 पर स्थिर है।

तेलंगाना में सक्रिय मामले पांच बढ़कर 462 रह गए हैं, जबकि मृतकों का आंकड़ा 4111 पर स्थिर है। इस महामारी से 786680 लोग निजात पा चुके हैं।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस दौरान कोरोना के सक्रिय मामले 16 बढ़कर 459 हो गए हैं, जबकि 106 और मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी से मुक्त होने वालों की कुल संख्या बढ़कर 1838246 तक पहुंच गई है। राजधानी में मृतकों का आंकड़ा 26151 है।

ओडिशा में कोरोना के सक्रिय मामले 453 हैं। राज्य में कोरोना मुक्त होने वालों की संख्या 1278035 हो गई है तथा मृतकों का आंकड़ा 9120 पहुंच गया है।

उत्तर प्रदेश में कोरोना के 17 सक्रिय मामले घटकर 354 हो गए हैं और संक्रमण से निजात पाने वालों की कुल संख्या 2046824 हो गई है, वहीं मृतकों का आंकड़ा 23495 है।

तमिलनाडु में सक्रिय मामलों में 17 की कमी आने के बाद इनकी संख्या अब 322 रह गई हैं। कुल 3414443 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि मरने वालों की संख्या 38025 पर बरकरार है।

आंध्र प्रदेश में सक्रिय मामले घटकर 288 रह गए हैं। राज्य में इस जानलेवा वायरस को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 2304506 हो गई है। मृतकों की संख्या 14730 पर स्थिर है।

#### कोविड टीकाकरण में 184.06 करोड़ टीके लगे

**देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 184.06 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 184 करोड़ छह लाख 55 हजार पांच कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के एक हजार 225 नये मरीज सामने आये हैं।**

## नगालैंड, असम और मणिपुर में अफस्पा क्षेत्र के दायरे में कमी की सरकार ने

नयी दिल्ली। केन्द्र सरकार ने पूर्वोत्तर के राज्यों नगालैंड , असम और मणिपुर में सशस्त्र सेना विशेषाधिकार अधिनियम के तहत आने वाले अशांत क्षेत्र के दायरे में कमी करने का निर्णय लिया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरूवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सरकार ने नगालैंड , असम और मणिपुर में सशस्त्र सेना विशेषाधिकार अधिनियम के तहत आने वाले अशांत क्षेत्र के दायरे में कमी करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर क्षेत्र में विकास के कार्यक्रमों और उग्रवाद समाप्त करने के लिए किये गये विभिन्न समझौतों के कारण स्थिति में सुधार के परिणामस्वरूप उठाया गया है। श्री शाह ने कहा कि इस निर्णय के लिए वह प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र कई दशकों से उपेक्षित रहा था लेकिन अब वहां शांति, समृद्धि और असाधारण विकास की लहर चल रही है।

## महंगाई के खिलाफ राहुल ने लगाए नारे

### कांग्रेस के अभियान पर नकवी बोले- मम्मी के घर से मनमोहन जी के घर तक पदयात्रा करें, तब पता चलेगा महंगाई क्यों बढ़ी



नई दिल्ली। देश में लगातार बढ़ती तेल की कीमत और महंगाई को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार को घेराव शुरू कर दिया है। गुरुवार को राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेताओं ने विजय चौक पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान नेताओं ने गैस सिलेंडर और बाइक सामने रखे और उन पर माला डालकर पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों का विरोध किया। राहुल के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अभिषेक सिंघवी भी मौजूद रहे। उन्होंने रोलबैक फ्यूल प्राइस हाइक के नारे वाली तख्तियों के साथ प्रदर्शन किया।

दूसरी ओर कांग्रेस के इस अभियान पर केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने तंज कसते हुए कहा है कि लोगों को इतनी मेहनत करने की जरूरत नहीं है। वह अपनी मम्मी जी के घर से मनमोहन जी के घर तक पदयात्रा करें, तब उनको समझ आएगा कि महंगाई क्यों बढ़ी थी। आज महंगाई सप्लाई चेन और युद्ध की वजह से बढ़ी है।च में 20त्न से ज्यादा महंगाई बढ़ी है।

प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि पिछले 10 दिन में 9 बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं और इसका परिणाम मध्यम वर्ग और गरीब लोगों पर पड़ता है। हमारी मांग है कि सरकार पेट्रोल-डीजल के दाम को बढ़ाना बंद करें। पूरे देश में हमारा प्रदर्शन चलेगा और काफी दिनों तक चलेगा।

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार जैसे आम लोगों की जेबों में डाका डाल रहे हैं उसके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। 10 दिनों में 9 बार पेट्रोल-डीज़ल के दाम बढ़ाने से मोदी जी ने एक इतिहास बना दिया। 137 दिनों बाद धड़ल्ले से दाम बढ़ रहे हैं। हमारी मांग है कि यह दाम सरकार वापस ले।

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि जब पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ते हैं तब हर चीज के दाम बढ़ते हैं। जब दुनिया में कच्चे तेल के दाम सबसे कम थे तब भी यह सरकार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा रही थी। 101 रुपये का तेल भराने में 52 रुपए सरकार के पास एक्साइज टैक्स के रूप में जा रहे हैं।

कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हर दिन पेट्रोल-डीजल और अन्य चीजों के दाम बढ़ रहे हैं। इसका परिणाम आवश्यक वस्तुओं पर हो रहा है, इसलिए आज हम राहुल गांधी के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहें। कांग्रेस की मांग है कि क्क सरकार के दौरान जो कीमतें थी वही वापस की जानी चाहिए।

#### चेन्नई में भी कांग्रेस का प्रदर्शन

उधर, चेन्नई के कोयम्बेडु में भी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि कांग्रेस ने इसे महंगाई मुक्त भारत अभियान नाम दिया है। अभियान तीन चरणों में 31 मार्च से 7 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान देश भर में रैलियां और मार्च किए जाएंगे।

#### विमोचन समारोह



उपराष्ट्रपति, श्री एम. वेंकैया नायडू नई दिल्ली में फिक्की महिला संगठन (एफएलओ) द्वारा तैयार एक नीति दस्तावेज – महिला अग्रणी भारत के औद्योगिक आउटलुक का विमोचन करते हुए।

## दिल्ली में चिलचिलाती गर्मी का बरपा कहर

नयी दिल्ली। दिल्ली की जनता को अगले तीन दिनों तक चिलचिलाती गर्मी से राहत नहीं मिलेगी और अगले दो दिनों तक यहां का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

मौसम विभाग ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

मौसम विभाग ने कहा कि देश के उत्तरी क्षेत्रों में लंबे समय से शुष्क रहने के कारण अगले चार-पांच दिनों तक लू चलने की आशंका है।

मौसम विभाग ने ट्वीट किया कि मध्य और पश्चिमी भारत में अगले चार-पांच दिनों में तीव्र गर्म हवाएं चलने की संभावना है और एक से तीन अप्रैल को उत्तर-पश्चिम भारत में गर्म हवाओं की तीव्रता कम होने की संभावना है।

बहरहाल, बुधवार को दिल्ली के सफदरजंग क्षेत्र का अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था जो पहले की तुलना में आठ डिग्री से अधिक है।

उन्होंने बताया कि मार्च 1951 के बाद यह दूसरा सबसे अधिक अधिकतम तापमान रहा।

#### विधानसभा सत्र

### लॉ-एंड-ऑर्डर पर माले का हंगामा, स्पीकर के निर्देश पर विधायकों को किया गया मार्शल आउट

## बिहार विधानसभा का सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

पटना। बिहार विधानसभा के बजट सत्र का आज समापन हो गया। इसकी शुरुआत हंगामे के साथ हुई। बिहार में बिगड़ती कानून व्यवस्था और बेलगाम अपराध के मसले पर जबरदस्त हंगामा देखने को मिला। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाकपा माले के विधायकों ने बिहार में बेलगाम अपराध के मसले पर हंगामा शुरू कर दिया।



सदन में हंगामा कर रहे विधायकों को विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा ने शांत होने के लिए कहा लेकिन जब उन्होंने स्पीकर की बात नहीं मानी तो माले विधायकों को मार्शल आउट करवा दिया गया। इसके बाद माले विधायक विधानसभा परिसर में धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे माले विधायकों को मनाने के लिए अध्यक्ष ने राजद विधायक भाई वीरेंद्र को मनाने और सदन में लाने के लिए भेजा। भाई वीरेंद्र के मानने पर माले विधायक मान गए और वापस सदन में लौट गए।

वहीं विधान परिषद के कार्यकारी सभा पति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि 200वें सत्र आज समापन हो रहा है। इस सत्र में कुल 22 बैठकें आयोजित हुई। वही इस सत्र के लिए कुल 1030 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई, जिसमे से 922 प्रश्नों को स्वीकृत भेजा जा चुका है और जो बच गई है उसको भी भिजवा देंगे।

#### वित्त विभाग में लड्डू सेरेमनी मनाया गया

बिहार सरकार के वित्त विभाग में लड्डू सेरेमनी मनाया गया। वित्तीय वर्ष 2021-22 बिहार सरकार ने 2 लाख करोड़ रूपये खर्च करने का आकड़ा प्राप्त कर के देश का पांचवा सबसे ज्यादा खर्च करनेवाला राज्य बन गया है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और बिहार भी अब दो लाख करोड़ रूपये से ज्यादा खर्च किये हैं।

बिहार का खर्च लगातार बढ़ते जा रहा था लेकिन कोरोना काल में थोड़ा लड़खड़ाया था। इस बार सारी संभावनाओं के अनुकूल वित्त बजट 218302.70 करोड़ के बनस्पत 200461.51 करोड़ रूपये खर्च करके वित्त विभाग काफी सुखद अनुभव करते हुए लड्डू सेरेमनी का आयोजन किया।

वित्त मंत्री व उपमुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद ने दो लाख करोड़ से ज्यादा खर्च करने वाले राज्यों में बिहार पांचवे स्थान पर पहुंचने को ऐतिहासिक बताया।

## सिविल सेवा परीक्षा पर केंद्र दो सप्ताह में विचार करे : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार से गुरुवार को कहा कि इस साल जनवरी में हुई सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा में कोविड-19 के कारण शामिल नहीं हो पाने वाले अभ्यार्थियों को अतिरिक्त प्रयास का मौका देने की अनुमति के मामले में वह दो सप्ताह में विचार करें।

न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर की अध्यक्षता वाली पीठ ने सरकार से कहा कि वह एक संसदीय समिति की कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए की गई सिफारिश के मद्देनजर अतिरिक्त मौका देने पर विचार करे।



याचिकाकर्ताओं ने सुनवाई के दौरान अदालत से गुहार लगाते हुए दलील दी थी कि समिति ने महामारी से प्रभावित अभ्यर्थियों को अतिरिक्त मौका देने की सिफारिश की थी।

शीर्ष अदालत के समक्ष पिछली सुनवाई 30 मार्च को केंद्र सरकार ने कहा था कि परीक्षा के लिए अतिरिक्त मौका देना संभव नहीं है।

केंद्र सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने शीर्ष अदालत में अपने लिखित जबाव में कहा था कि इस मामले पर विचार किया गया है। सिविल सेवा परीक्षा की प्रक्रिया के संबंध में प्रयासों की संख्या और आयु-सीमा के मौजूदा प्रावधानों को बदलना संभव नहीं है।

सरकार ने यह भी आशंका जताई थी कि परीक्षा के लिए अतिरिक्त मौका दिए जाने से देशभर में अन्य परीक्षाओं के लिए भी इसी तरह की मांग की जा सकती है।

विभाग ने यह भी कहा था कि इस परीक्षा के लिए छूट देने से मौजूदा परीक्षा के पात्र उम्मीदवारों के चयनित होने की संभावनाएं प्रभावित होंगी।

## शार्ट न्यूज

### हर्ष हत्याकांड : भड़काऊ भाषण में कर्नाटक के मंत्री केएस ईश्वरप्पा के खिलाफ जांच के आदेश

**बेंगलुरु।** बजरंग दल कार्यकर्ता हर्ष की हत्या के बाद दिए गए भड़काऊ भाषणों के लिए एक विशेष अदालत ने ग्रामीण विकास मंत्री केएस ईश्वरप्पा के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। अदालत ने पुलिस को ईश्वरप्पा के खिलाफ मामला दर्ज करने और भड़काऊ भाषणों के आरोपों की जांच करने के लिए कहा है, जिसमें मंत्री ने कथित तौर पर कहा था कि हर्ष की हत्या राजनीतिक और धार्मिक कारणों से हुई थी। दरअसल, केएस ईश्वरप्पा ने 21 फरवरी को आरोप लगाया था कि शिवमोग्गा जिले में 23 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या में मुस्लिम गुंडे शामिल थे। ईश्वरप्पा ने कहा था, मुस्लिम गुंडों ने उसे मार डाला है। डीके शिवकुमार के हालिया बयान के कारण ऐसा हुआ। उनके बयान ने मुस्लिम गुंडों को प्रोत्साहित किया। यह गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बजरंग दल के कार्यकर्ता हर्ष की कथित झगड़े के दौरान चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। राज्य सरकार ने हर्ष की हत्या और राज्य में हिजाब के विरोध के बीच किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया था। इस बीच, ईश्वरप्पा ने गुरुवार को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी पर कांग्रेस शासन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं पर हुए हमले पर चुप रहने का आरोप लगाया। ईश्वरप्पा ने कहा, सिद्धारमैया के कार्यकाल में 23 भाजपा कार्यकर्ताओं और अन्य की हत्या कर दी गई थी। कुमारस्वामी चुप क्यों थे? हर्ष की हत्या हुई थी। वह चुप क्यों रहे? हम राज्य में हिंसा बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि उन्होंने बजरंग दल के कार्यकर्ता की हत्या करने वालों के लिए गुंडा शब्द का इस्तेमाल किया जो मुस्लिम समुदाय के लोगों के संदर्भित नहीं था। उन्होंने कहा, मैं सभी मुसलमानों के लिए गुंडे शब्द का इस्तेमाल नहीं कर रहा हूं। मैं इस शब्द का इस्तेमाल केवल उन मुसलमानों के लिए कर रहा हूं जिन्होंने हत्या की है।

### प्रेगनेंट बकरी का रेप कर हत्या की, केरल के युवक को पुलिस ने किया पकड़ा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कासरगोड में पुलिस ने एक शख्स को चार माह की प्रेगनेंट बकरी के साथ रेप और हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान तमिलनाडु के रहने वाले सेंथिल के रूप में हुई है जो कि यहां एक होटल में काम करता था। होटल के मालिक ने ही उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। होटल मालिक के मुताबिक मंगलवार को रात 11 बजे के आसपास जब बकरी के मेंमियाने की आवाज सुनी तो सभी वर्कर उठ गए। देखा तो वहां पास में ही एक प्रेग्नेंट बकरी पड़ी थी और खून बह रह था। लोगों ने देखा कि वहां से एक शख्स भाग रहा था। बाद में उसकी पहचान आरोपी के रूप में की गई। सेंथिल होटल में करीब दो साल से काम कर रहा था। पुलिस ने संबंधित धारा में केस दर्ज किया है। मालिक ने इस अपराध में दो अन्य लोगों को भी संलिप्त बताया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि केवल सेंथिल ही इस अपराध में शामिल था। होसदुर्ग स्टेशन हाउस ऑफिसर का कहना है कि अप्राकृतिक अपराध को भी शिकायत में शामिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा, सरकारी जानवरों के डॉक्टर ने बकरी का पोस्टमॉर्टम किया। इससे पता चला है कि उसके साथ अप्राकृतिक सेक्स किया गया। पूरी रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

### एनआईए ने की टीआरएफ आतंकवादियों के खिलाफ इनाम की घोषणा

श्रीनगर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के प्रमुख संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ)' के चार फरार आतंकवादियों के खिलाफ 10 लाख रुपये नकद इनाम की घोषणा की है। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने गुरुवार को यह घोषणा की। एनआईए द्वारा वांछित चार में से दो सलेम रहमानी उर्फ अबू साद साजिद जाट पाकिस्तानी नागरिक हैं जबकि सज्जाद गुल उर्फ शेख सैजाद और अहमद डार भारतीय नागरिक हैं। एनआईए प्रवक्ता ने कहा, चारों आतंकवादी जम्मू-कश्मीर और शेष भारत में हिंसक गतिविधियों को प्रेरित करने के लिए जम्मू-कश्मीर के युवाओं को कट्टरपंथी बनाने, और भर्ती करने की साजिश से संबंधित एक मामले में एनआईए द्वारा वांछित हैं।

### त्रिकुटा पहाड़ी पर लगी आग, वैष्णो देवी यात्रा सुचारू

जम्मू। जम्मू कश्मीर में रियासी जिले के कटरा शहर के त्रिकुटा पहाड़ी पर जंगलों में गुरूवार को आग लग गई। एक अधिकारी ने बताया कि त्रिकुटा पर्वत पर मां वैष्णो देवी की यात्रा इस आग के बावजूद जारी है। देवी द्वार के पास ही कार मार्ग पर यह आग लगी है लेकिन इसके कारण मंदिर की यात्रा बाधित नहीं हुई है। अधिकारियों ने कहा आग लगने की सूचना मिलने के बाद श्राइन बोर्ड अधिकारियों की टीम, अग्निशमन विभग, पुलिस विभाग, आपदा प्रबंधन की टीम घटनास्थल पर पहुंची और संयुक्त तौर से आग को नियंत्रित किया। उन्होंने कहा कि आग के कारणों का पता नहीं चला है। श्राइन बोर्ड अधिकारियों ने बताया कि गुरूवार सुबह देवी द्वार इलाके में बैटरी कार मार्ग के पास पहाड़ी पर अचानक धुआं निकलते देखा गया, आग की घटना के कारण तीर्थयात्रा प्रभावित नहीं हुई। अलग-अलग एजेंसियों के टीम अधिकारियों ने गैजेट्स के सहयोग और आग निरोधक यंत्र से आग को बुझाया और फैलने से रोका। अधिकारियों ने कहा तीर्थयात्रा सुचारू है और कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है।

### हज यात्रियों से ठगी करने के आरोप में दो के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

श्रीनगर। कश्मीर अपराध शाखा (सीबीके) ने गुरुवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) श्रीनगर की अदालत में हज यात्रियों को कथित तौर पर धोखा देने और ठगी करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। सीबीके के एक बयान में कहा गया है कि श्रीनगर के कर्ण नगर निवासी शोएब अशरफ और गुलाब बाग के आशिक हुसैन के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया। जिसमें कहा गया है कि ए एंड वाई टूर एंड ट्रैवल्स के मालिकों ने हज यात्रा के बहाने हज यात्रियों से आठ लाख रुपये की ठगी की है। सीबीके ने कहा कि नजीर अहमद डार की लिखित शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया है। सीबीके की जांच में पता चला है कि आरोपी शोएब खान एक अन्य आरोपी आशिक हुसैन मीर के साथ निगीन और कंगन में एडराल टूर एंड ट्रैवल्स और ए एंड वाई नाम से टूर एंड ट्रैवल कंपनियां चला रहा है। जानकारी के अनुसार, आरोपियों द्वारा आठ लाख रुपए की ठगी करने के बाद उन्होंने अपना टूर एंड ट्रैवल कार्यालय बंद कर दिया, जिसका कोई पता नहीं चल सका है।

### अब भाजपा का विस्तारकों से सम्वाद

देहरादून। उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विभिन्न मिथकों को विराम देते हुये लगातार दूसरी बार बहुमत से सत्ता प्राप्त करने के बावजूद, सांगठनिक क्षमता को बढ़ाने में जुट गई है। इसी कड़ी में गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय संगठक वी सतीश ने 70 विस्तारकों के संग परिचर्चा की। ऋषिकेश स्थित मुनि की रेती स्थित एक रिसॉर्ट में श्री सतीश के साथ, सभी विस्तारकों ने अपने-अपने अनुभव भी साझा किए। सतीश ने विस्तारको से आग्रह किया कि जीवित संगठन सतत प्रयासरत रहता है। हम सब को निरंतर कार्य करते हुए पार्टी को और ऊंचाई देनी है। हम चाहे विस्तारक के रूप में रहे या सामान्य कार्यकर्ता के रूप में, संगठन का हित कैसे हो, यह हमारी निरंतर चिंतन का विषय रहता है। उन्होंने सभी विस्तारको से आग्रह किया कि वे सामाजिक रूप से समाज के घटक बनकर, निरंतर संगठन के लिए विशिष्ट कार्य करते रहें। उन्होंने कहा कि यह कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ता भाजपा संगठन की रीढ़ की हड्डी हैं। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय ने विस्तारको द्वारा चुनाव के पूर्व में किए कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि विस्तारको ने विधानसभाओं में बूथ स्तर कार्यकर्ताओं को सक्रीय करने के कार्य से पार्टी को बहुत लाभ मिला है। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक के अलावा, विस्तारक योजना के प्रमुख मनोज पाठक, सह प्रमुख आदित्य कोठारी, कुंदन परिहार, ऋषि कंडवाल, खूब सिंह विकल समेत सभी 70 विस्तारक व अन्य विशिष्ट जन उपस्थित थे।

## सरकार ने सात शिक्षकों को किया निलंबित

### हिजाब पहनी लड़कियों को परीक्षा में बैठने की दी थी इजाजत



बेंगलुरु। कर्नाटक के गडग जिले में कथित तौर पर हिजाब पहने लड़कियों को 10वीं की बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति देने वाले सात शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग के सूत्रों ने यह जानकारी दी। निलंबित शिक्षक सीएस पाटिल स्कूल में परीक्षा पर्यवेक्षक थे। उन्होंने बताया कि दो अन्य शिक्षक जो केंद्र अधीक्षक थे उन्हें भी निलंबित किया गया है।

कार्रवाई इसलिए की गई क्योंकि यह कर्नाटक हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ था जिसमें उडुपी गवर्नमेंट प्री-यूनिवर्सिटी गर्ल्स कॉलेज की मुस्लिम लड़कियों की याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। लड़कियों ने हिजाब या शांति, सद्भाव और सार्वजनिक व्यवस्था को भंग करने वाले किसी भी कपड़े पर प्रतिबंध लगाने के सरकारी आदेश को चुनौती दी थी। अदालत ने कहा था कि हिजाब एक आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं है और छात्रों को स्कूल की वर्दी के नियमों का पालन करना होगा।

कर्नाटक के उडुपी जिले की 40 मुस्लिम छात्राओं ने मंगलवार को पहली प्री-यूनिवर्सिटी परीक्षा छोड़ दी क्योंकि वे हाल में आए हाई कोर्ट के उस आदेश से कथित तौर पर आहत थीं जिसके अनुसार कक्षा के भीतर हिजाब पहनकर प्रवेश को मंजूरी नहीं दी गई थी।

यह छात्राएं कक्षा में हिजाब पहनने पर कानूनी लड़ाई में शामिल थीं। इन लड़कियों ने पहले प्रायोगिक परीक्षा भी छोड़ दी थी।

आर एन शेट्टी पीयू कॉलेज में 28 मुस्लिम छात्राओं में से 13 परीक्षा में उपस्थित हुईं। हालांकि कुछ छात्राएं हिजाब पहनकर परीक्षा केंद्र पहुंची लेकिन उन्हें प्रवेश करने की अनुमति नहीं मिली।

## प्रवासी मजदूरों की 150 झुग्गियां जलकर राख, कर्मचारी झुलसा

शिमला। हिमाचल प्रदेश में ऊना जिले में आज भीषण अग्निकांड में प्रवासी मजदूरों की 150 से भी अधिक झुग्गियां जलकर राख हो गई।

यह हादसा हरोली उपमंडल के तहत पड़ते बाथू गांव में गुरुवार को सामने आया, जिसमें एक दमकल विभाग का कर्मचारी भी झुलस गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। उपायुक्त ऊना राघव शर्मा ने हादसे की पुष्टि की है।

उन्होंने कहा कि आगजनी की घटना की सूचना मिलते ही इंडस्ट्रियल एरिया टाहलीवाल के दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आगजनी पर काबू पाते हुए फायर ब्रिगेड का एक कर्मचारी आग की चपेट में आने से झुलस गया है। जिसे उपचार के लिए नजदीकी हॉस्पिटल ले जाया गया है। आगजनी के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया। पुलिस और दमकल विभाग की टीम मामले की जांच में संयुक्त रूप से जुटी है।

दूसरी तरफ उपायुक्त राघव शर्मा ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अग्निकांड के प्रभावित प्रवासी मजदूरों को प्राथमिकता के आधार पर फौरी राहत प्रदान की जा रही है। अधिकतर प्रवासी मजदूर क्षेत्र के उद्योगों में काम करने वाले थे।

## फिरौती मांगने वाले सिपाहियों को मिली तीन-तीन साल की सजा

नैनीताल। उत्तराखंड के नैनीताल स्थित भ्रष्टाचार निवारण अदालत ने गुरुवार को अवैध हथियार की आड़ में दो आरोपियों के परिजनों से फिरौती मांगने के आरोपी पुलिस के दो सिपाहियों को तीन-तीन साल व दो सह अभियुक्तों को एक-एक साल की सजा सुनाई है। प्रकरण वर्ष 2014 का है। हल्द्वानी के मल्ला गोरखपुर निवासी विजय पाठक को एक अदद लाइसेंसी पिस्तौल की आवश्यकता थी। विजय पाठक के भाई संजय पाठक को उसके मित्र उस्मान ने बताया कि काशीपुर उसके ममेरे भाई इदरीश के पास लाइसेंसी पिस्तौल है। गत 29 मार्च, 2014 को संजय व उस्मान पिस्तौल देखने के लिये काशीपुर पहुंचे। बताया जाता है कि दोनों को वह पसंद नहीं आयी और उन्होंने खरीदने से इनकार कर दिया। वापस लौटते वक्त दोनों को रेलवे फाटक के पास चार लोग मिले। जिनमें दो सिपाही गोविंद प्रसाद, विजेन्द्र नेगी के अलावा इदरीश के ताज मोहम्मद शामिल थे। चारों लोग दोनों को स्थानयी एक होटल में ले गये और उन्हें बंदी बना लिया। उनकी जमकर पिटायी की और उसके बाद परिजनों को फोन कर छह लाख रुपये की फिरौती मांगी गयी। सूचना मिलते ही परिजन होटल पहुंचे और बंदियों को छुड़ाने के लिये कुछ फिरौती की रकम दी। संजय पाठक के भाई विजय पाठक तत्काल काशीपुर थाना पहुंचे और इस प्रकरण की शिकायत की। तत्कालीन थाना प्रभारी बहादुर सिंह मौके पर पहुंचे और चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले की सुनवाई नैनीताल की विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण) की अदालत में हुई। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश प्रीतू शर्मा ने दोनों सिपाहियों को तीन-तीन साल व सह अभियुक्तों को एक-एक साल की सजा सुनाई। अदालत ने चारों को दो दिन पूर्व दोषी माना था और सजा के लिये आज की तिथि नियुक्त कर दी थी।

### तमिलनाडु में जम्मू कश्मीर ने दिखायी पर्यटन के क्षेत्र में अपनी संभावनाएं

**चेन्नई।** जम्मू-कश्मीर की पर्यटन क्षेत्र से जुड़ी टीम ने गुरूवार को तमिलनाडु के चेन्नई में शुरू हुए ट्रैवल एंड टूरिज़्म फेयर में अपने राज्य की अपार संभावनाओं का प्रदर्शन किया। जम्मू कश्मीर की टीम की अगुवाई कर रहे बक्शी हुमांयू जावेद ने दक्षिण के बाजार में टीटीएफ के प्लेटफार्म पर उनके राज्य में पर्यटन और साहसिक कार्यों के लिए अपार संभावनाओं को दिखाया । टीटीएफ का उद्घाटन तमिलनाडु के पर्यटन मंत्री ने पर्यटन के निर्देशक, तमिलनाडु पर्यटन के महानिदेशक तथा दक्षिण भारत के लिए दक्षिण भारत सरकार के निदेशक पर्यटन के साथ किया। जम्मू-कश्मीर के जीडीएमए तथा गोल्फ विकास प्राधिकरण के एसकेआईसीसी तथा महानिदेशक बख्शी हुमायूं जावेद ने केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में पर्यटन के बुनियादी ढांचे में सुधार लाने के लिए विस्तार से व्याख्यान दिया।

## रोजगार से जुड़े व्यावसायिक पाठ्यक्रम को बढ़ावा दें : उनियाल

देहरादून। उत्तराखंड के तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने गुरुवार को तकनीकी शिक्षा से जुड़े अधिकारियों की बैठक में रोजगार से जुड़े व्यवसायिक पाठ्यक्रम-प्रशिक्षण को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

श्री उनियाल ने इस संबंध में महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को पॉलिटेक्निक संस्थाओं में डिमांड आधारित, शॉर्ट-टर्म कोर्स पर फोकस करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कोर्स को बढ़ावा दिया जाए, जिससे रोजगार के अवसर पैदा हो सकें।

श्री उनियाल ने कहा कि पॉलिटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश संख्या बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि हाईस्कूल और इंटर के छात्रों को विशेष कैरियर काउंसलिंग की व्यवस्था की जाए जिससे छात्रों की रूझान पॉलिटेक्निक की ओर अग्रसर हो। साथ ही प्लेसमेंट हेतु अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करें। उन्होंने कैरियर काउंसलिंग सेल की स्थापना के साथ, समय-समय पर रोजगार मेलों का भी आयोजन करने के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री ने सभी संस्थाओं में हाई स्पीड इंटरनेट से जोड़ने के भी निर्देश दिए। उन्होंने संस्थानों में तैनात कार्मिकों के विवरण की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरने की प्रक्रिया पूर्ण करें। यह भी कहा कि जब तक स्थायी नियुक्ति नहीं होती है तब तक वैकल्पिक व्यवस्था अमल में लाई जाए।

बैठक में सचिव नितेश कुमार झा ने मंत्री को प्राविधिक शिक्षा से संबंधित जानकारियों से अवगत कराते हुए प्राविधिक शिक्षा निदेशालय द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्य, निदेशालय में स्वीकृत, भरे व रिक्त पदों का विवरण, राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित हो रहे राजकीय, सहायता प्राप्त एवं निजी क्षेत्र के पॉलिटेक्निक संस्थाओं का विवरण एवं उसमें संचालित पाठ्यक्रमों की सूची, राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के रोजगार की स्थिति व वर्ष 2022-23 हेतु भावी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी।

बैठक में निदेशक प्राविधिक शिक्षा हरि सिंह, अपर निदेशक आरपी गुप्ता, सचिव प्राविधिक शिक्षा देशराज, संयुक्त सचिव डॉ मुकेश पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार से ट्रांस गिरी क्षेत्र को जनजातीय क्षेत्र घोषित करने मामला उठाया: जयराम ठाकुर



शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि सिरमौर जिले के ट्रांस गिरी क्षेत्र को जनजातीय क्षेत्र घोषित करने का मामला केंद्रीय गृह मंत्री के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उठाया है।

उन्होंने कहा कि वह हाटी समुदाय के प्रतिनिधिमंडल के साथ पुन: केंद्रीय गृह मंत्री से मिलेंगे,ताकि क्षेत्र को जनजातीय क्षेत्र का दर्जा मिल सके। सिरमौर जिले के कफोटा के पब गांव में आज जनसभा को सम्बोधित करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल के दौरान प्रदेश के विकास और लोगों के कल्याण के लिए कुछ नहीं किया। कोरोना महामारी के कारण वर्तमान सरकार के दो वर्ष प्रभावित हुए हैं, इसके बावजूद राज्य का निर्बाध विकास सुनिश्चित किया है।

उन्होंने कहा कि देश के चार राज्यों में हाल ही में हुए चुनावों के बाद प्रदेश में कांग्रेस नेतृत्व की स्थिति दयनीय है। भाजपा ने इन सभी राज्यों में भारी जनादेश से जीत हासिल की है और प्रदेश के लोगों ने हिमाचल में भी भाजपा सरकार को पुन: सत्ता में लाने का मन बना लिया है। कांग्रेस नेताओं के पास राज्य सरकार के विरूद्ध कोई मुद्दा नहीं है और वे आपस में लड़ने और पार्टी में ही अपना वर्चस्व साबित करने में व्यस्त हैं। कांग्रेस ने जनकल्याण के लिए एक भी योजना आरम्भ नहीं की, जबकि वर्तमान राज्य सरकार ने गरीबों और पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने सिरमौर जिला के शिलाई क्षेत्र में 20 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए और सतौन में डिग्री कॉलेज और कफोटा में चिकित्सा खण्ड तथा बालीकोटी और हलाह में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में मजबूत नेतृत्व प्राप्त हुआ है और अब देश एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा है तथा दुनिया भारत की ताकत से अवगत हुई है।

उन्होंने राज्य के लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सहयोग करने का आग्रह किया ताकि भारत आगामी वर्षों में विश्व गुरु के रूप में उभर सके।

इस अवसर पर सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुरेश कश्यप, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के उपाध्यक्ष बलदेव तोमर, ऊर्जा मंत्री सुखराम चौधरी और अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे।

### पीएसपीसीएल, पीएसटीसीएल के लिए वित्त वर्ष 2022-23 के लिए टैरिफ आदेश जारी

चंडीगढ़। पंजाब राज्य विद्युत नियामक आयोग ने आज वित्त वर्ष 2022-23 के लिए टैरिफ शुल्क वाले टैरिफ आदेश जारी किए हैं। आदेशों में, आयोग ने वित्त वर्ष 2020-21 की सत्यता, वित्त वर्ष 2021-22 की वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा (एपीआर) और पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) और पंजाब स्टेट ट्रांसमिशन की कुल राजस्व आवश्यकता (एआरआर) का निर्धारण किया है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए आयोग ने पीएसपीसीएल का एआरआर 36237.65 करोड़ रुपये निर्धारित किया है, जिसमें पीएसटीसीएल के लिए एआरआर 1492.56 करोड़ रुपये टैरिफ के माध्यम से वसूल किए जाने हैं। आयोग इस तथ्य से भी अवगत है कि राज्य और देश दो साल के कोविड-19 महामारी के प्रभाव से उभर रहे हैं, जिसके परिणाम स्वरूप पर्याप्त आर्थिक संकट पैदा हुआ है। इस प्रकार, सभी क्षेत्रों के लिए स्थिरता, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्र, कृषि, वाणिज्यिक उपक्रम और उद्योग, जो कि अधिकतम कार्यबल को रोजगार देने वाले सबसे बड़े उपभोक्ता क्षेत्र हैं, को भी उपयोगिता की राजस्व आवश्यकता को संबोधित करते हुए ध्यान में रखा गया है। आयोग ने उपभोक्ताओं पर कोई अतिरिक्त बोझ डाले बिना उपयोगिताओं के लिए एक व्यवहार्य राजस्व मॉडल पर पहुंचने का प्रयास किया है। घोषित टैरिफ से अपेक्षित शुद्ध राजस्व 36149.60 करोड़ रुपये चालू वर्ष के लिए अग्रेषित शुद्ध अधिशेष को समायोजित करने के बाद 88.05 करोड़ रुपये का बैलेंस गैप वित्त वर्ष 2023-24 के लिए टैरिफ के निर्धारण के समय समायोजित करने के लिए आगे बढ़ाया जा रहा है।

## जलमार्ग से पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयासरत : राजसिंह

बीकानेर। राजस्थान में भरतपुर पूर्व राजघराने के सदस्य राजसिंह ने कहा कि वे जल मार्ग से पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयासरत है और शीघ्र ही बनारस से कोलकाता तक जल मार्ग से यातायात सेवा प्रारंभ होगी। राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा कोलकाता में आयोजित गोष्ठी में यह बात राजसिंह ने कही। उन्होंने राजस्थान के चम्बल नदी में भी इस तरह के प्रयोग किये जाने की बात कही। कोलकाता में स्थापित राजस्थान सूचना केंद्र के सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक हिंगलाज दान रतनू ने बताया कि कार्यक्रम में प्रधान वक्ता राजस्थानी भाषा के मर्मज्ञ रतन शाह ने कहा कि राजस्थान के गौरवशाली इतिहास को बनाये रखने के लिए राजस्थानी भाषा को मान्यता दिलाने और प्राचीन विरासत को सहेजे जाने की जरुरत है।

## अदालत के हस्तक्षेप से मिली सुरक्षा के बीच दलित छात्र ने दी दसवीं की परीक्षा

सिरसा। हरियाणा में सिरसा के गांव शाहपुरिया में आज एक दलित छात्र ने अदालत के हस्तक्षेप से मिली सुरक्षा के बीच दसवीं की परीक्षा दी।

जिला एवं सत्र न्यायालय ने पुलिस को छात्र को सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया था।

छात्र एवं परिजनों के अनुसार छात्र के एक पेपर में अच्छे अंक आने के बाद एक सहपाठी ने दबंगों के साथ मिलकर छात्र और उसके पिता को बुरी तरह पीटा था और नाथूसरी चौपटा पुलिस थाने में 26 मार्च को 10 आरोपियों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपियों में स्कूल (शाहपुरिया के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय) के प्राचार्य बलजीत सिंह शामिल थे। मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है। दूसरी तरफ, स्कूल में छात्र से कहा गया कि उसका नाम काट दिया गया है और उसे स्कूल में नहीं आने दिया जाएगा। आरोप है कि पीड़ित परिवार को उनका घर फूंक देने की धमकी दी गई जिसके बाद परिवार भय के कारण गांव से पलायन कर गया। बाद में परीक्षा के लिए परिवार ने पुलिस से सुरक्षा मांगी पर पुलिस ने सुरक्षा देने से इनकार कर दिया तब परिवार ने अदालत का दरवाजा खटखटाया और जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश मल्होत्रा ने पुलिस अधीक्षक को छात्र को सुरक्षा मुहैया कराने का आदेश दिया।

पुलिस अधीक्षक अर्पित जैन ने संपर्क करने पर स्वीकार किया कि न्यायालय के निर्देश पर छात्र व परिवार को सुरक्षा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच पुलिस उपाधीक्षक को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि छात्र के खिलाफ कुछ छात्राओं ने दो दिन पहले छेड़छाड़ की शिकायत दी है और सारे मामले की जांच की जा रही है। इधर, हरियाणा वाल्मिकी महासभा के प्रतिनिधि पंकज चौहान ने कहा कि प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कल (शुक्रवार को) दलित संगठन रोष प्रदर्शन करेंगे।

## हेमंत सरकार, केंद्र सरकार पर दोषारोपण छोड़ ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य में लाये तेजी : दीपक प्रकाश

**रांची।** प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत झारखंड में सड़क परियोजनाओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा सदन में वस्तुस्थिति से सम्बंधित सवाल उठाया।

उन्होंने पूछा कि प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के चरण 1 चरण-2 और चरण-3 में झारखंड में संस्वीकृत और निर्मित सड़कों की कुल लंबाई कितना है, कितने प्रस्ताव लंबित है और प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए क्या-क्या उपाय किए गए हैं?

इसका उत्तर देते हुए ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने आज सदन को बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चरण एक दो और तीन के तहत कुल 7513 सडक निर्माण कि स्वीकृत दी गयी है जिनमें 7216 सडक ही निर्माण हो सका है। जिसके तहत 28180 किलोमीटर सडक का निर्माण कराया जाना है जबकि 26194 किलोमीटर सडक का निर्माण हुआ है। वहीं 505 पुल निर्माण किया जाना था जिसमें मात्र 439 पुल का निर्माण ही हो सका है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य को पीएमजीएसवाई 1 और 2 के अंतर्गत सभी लक्ष्य स्वीकृत किया जा चुका है। पीएमजीएसवाई 1 और 2 को पूरा करने के लिए समय सीमा सितंबर, 2022 है।

उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई ।।। के अंतर्गत, झारखंड राज्य को 4.125 कि.मी. सड़क लंबाई आवंटित की गई है जिसमें से 979 कि.मी. लबाई राज्य को स्वीकृत कर दी गई है। पीएमजीएसवाई- ३ के अंतर्गत झारखंड राज्य का कोई प्रस्ताव के मंत्रालय में इस समय स्वीकृति के लिए लंबित नहीं है। पीएमजीएसवाई 3 के तहत स्वीकृत कार्यों को पूरा करने के लिए समय सीमा मार्च, 2025 है।उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई दिशानिर्देशों के अनुसार इस कार्यक्रम के तहत निर्मित सड़कों का रखरखाव राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है और मानक बोली दस्तावेज के अनुसार सभी सड़क कार्यों का शुरुआती पंचवर्षीय रखरखाव भी उसी ठेकेदार के साथ की जाने वाली निर्माण की संविदा में शामिल होता है। अनुबंध को पूरा करने के लिए रखरखाव निधि का बजटीय प्रावधान राज्य सरकारों द्वारा किया जाना अपेक्षित होता है और एक अलग रखरखाव खाते में राज्य ग्रामीण सड़क विकास एजेंसियों पीएमजीएसवाई सड़कों को समय-समय पर रखरखाव चक्र के अनुसार नवीनीकरण सहित 5 साल के रखरखाव के क्षेत्रीय रखरखाव ठेकों के तहत रखा जाना होता है जिसे राज्य सरकारों द्वारा भी वित्तपोषित किया जाता है।

राज्य सरकारों से अपेक्षा की जाती है कि वे आवश्यक बजट प्रावधान करें और ऐसे क्षेत्रीय रखरखाव संविदाओं के लिए एसआरआरडीए में निधियां रखें।

## बिहार विधानमंडल की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

पटना। बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों की कार्यवाही गुरुवार को बजट सत्र समाप्त होने के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। विधानमंडल का बजट सत्र 25 फरवरी से शुरू हुआ था, जो 31 मार्च तक चला। विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा ने सदन के निर्धारित कामकाज में सहयोग देने के लिए सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने सदन की कार्यवाही की अच्छी कवरेज के लिए मीडियाकर्मियों की भी सराहना की। आज के सभी निर्धारित कार्यों को संपन्न करने के बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी। इसी तरह बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह ने भी सदन के निर्धारित कार्य के संचालन में सहयोग के लिए उच्च सदन के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। आज के निर्धारित कार्य को पूरा करने के बाद सभापति ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

बजट सत्र के दौरान विधानमंडल के दोनों सदनों में बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक 2022, बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2022, बिहार मद्य निषेध और उत्पाद (संशोधन) विधेयक 2022, बिहार कृषि विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2022, बिहार शहरी आयोजना तथा विकास (संशोधन) विधेयक 2022 और बिहार पुलिस (संशोधन) विधेयक 2022 सहित कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए।

## शार्ट न्यूज

### थाना सेक्टर 39 पुलिस ने दो अभियुक्तों को अवैध असलहे के साथ किया गिरफ्तार



**नोयडा।** थाना सेक्टर 39 पुलिस ने गुरुवार को दो अभियुक्तों विशाल उर्फ ढोला पुत्र हरिकिशन निवासी ग्राम सदरपुर सेक्टर 45 नोएडा थाना सेक्टर-39 जनपद गौतमबुद्धनगर, विपिन उर्फ बोना पुत्र करतार सिंह निवासी गली नंबर 2 ग्राम गेझा थाना फेस टु जनपद गौतमबुद्धनगर को गोदरेज कम्पनी रोड सेक्टर 43 नोएडा के पास से गिरफ्तार कर लिया ।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय चार कारतूस जिन्दा और एक तमंचा बारह बोर मय दो कारतूस जिन्दा बरामद किए हैं ।अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं ।दोनों अभियुक्तगणों के विरुद्ध विभिन्न थानों में तीन दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं ।जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### थाना सेक्टर 63 पुलिस ने दो वाछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**नोयडा।** थाना सेक्टर 63 पुलिस ने ने गुरुवार को दो वांछित अभियुक्तों संतोष पुत्र भूरे सिंह निवासी नंगला फोगट थाना निधोली जिला एटा वर्तमान पता महेश यादव का मकान पुस्ता रोड बहलोलपुर थाना सेक्टर 63 जनपद गौतमबुद्धनगर, सहदेव उर्फ कालू पुत्र बारी लाल निवासी देहकी थाना कोतवाली देहात जनपद एटा वर्तमान पता महेश यादव का मकान पुस्ता रोड बहलालेपुर सेक्टर 63 नोएडा गौतमबुद्धनगर को एफएनजी रोड से गिरफ्तार कर लिया ।उपरोक्त अभियुक्तगण थाना फेस थ्री पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 981/2021 धारा 407 भादवि के अंतर्गत वाछिंत चल रहे थे। उपरोक्त दोनों अभियुक्तगणों ने मिलकर अपने मालिक के डम्फर को गायब कर दिया था। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### दिल्ली आरडीएक्स प्लांट मामला : स्पेशल सेल ने दो संदिग्धों के स्केच तैयार किए, देशभर के कई शहरों में जारी है रेड

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आरडीएक्स प्लांट करने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आरडीएक्स प्लांट करने वाले दो संदिग्धों के स्केच तैयार किए हैं। ये स्केच कुछ अहम चश्मदीदों की मदद से तैयार किए गए हैं। इनकी मदद से देशभर के कई शहरों में स्पेशल सेल और सेंट्रल एजेंसियों की छपेमारी जारी है। स्कैच के हुलिए के हिसाब से संदिग्धों की हाइट लगभग 5 फिट 4 या 5 इंच के आसपास की है। वहीं उनकी भाषा यूपी की बोली से मिलती-जुलती बताई गई है। स्पेशल सेल की टीमें अबतक इस मामले में 70 से ज्यादा लोगो से पूछताछ कर चुकी है।

### दिल्ली सरकार ने 59 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों को दी सब्सिडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत राज्य में 1,39,945 पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लगभग 59 प्रतिशत मालिकों को सब्सिडी दी है। सप्ताह की शुरुआत में दिल्ली विधानसभा में विधायक अजय महावर द्वारा उठाए गए सवाल के लिखित जवाब में परिवहन विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि पात्र इलेक्ट्रिक वाहनों के 57,796 मालिकों को विभिन्न कारणों से सब्सिडी नहीं दी गई है। इन वाहन मालिकों को दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत वाहनों के पात्र नहीं होने और मालिकों द्वारा उचित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कारण सब्सिडी नहीं दी गई है। विभाग ने बताया कि कुछ मामलों में इलेक्ट्रिक वाहनों के मालिकों द्वारा आवेदन नहीं करने के कारण भी सब्सिडी नहीं दी गई। परिवहन विभाग ने कहा किवाहन 4.0 डेटाबेस के अनुसार, 21 मार्च, 2022 तक दिल्ली में 1,39,945 इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण किया गया है। इसमें से 82,149 वाहन मालिकों को दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2020 के तहत सब्सिडी दी गई है। विभाग ने आश्वासन दिया है कि सभी पात्र ईवी मालिकों को जल्द ही सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

### स्कूलों के आगे जर्जर सड़क पर हाई कोर्ट नाराज, सरकार और नगर निगम से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के मदनपुर खादर इलाके में सरकार के स्कूल ऑफ एक्सीलेंस सहित दो सरकारी और एक निगम विद्यालय के सामने जर्जर सड़क पर हाई कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने इसे गंगीरता से लेते हुए सरकार और निगम के संबंधित विभागों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही सड़क को कचरा मुक्त और इस बारे में स्थिति रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति नवीन चावला की पीठ ने एक जनहित याचिका पर विचार करते हुए यह आदेश दिया है। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश तस्वीरों को देखते हुए कहा कि हालत ऐसी है कि इसे शायद ही सड़क कहा जा सकता है। पीठ ने दिल्ली सरकार, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम, दिल्ली विकास प्राधिकरण और दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने सभी पक्षकारों को अगली सुनवाई 18 अप्रैल से पहले जवाब दाखिल करने को कहा है। इससे पहले, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने पीठ को बताया कि सड़क से कचरा साफ कर दिया गया है। पीठ ने सड़क की देखरेख की जिम्मेदारी किसकी है, दिल्ली सरकार या एसडीएमसी या डीयूएसआईबी की। इस पर भी जवाब मांगा है। हाई कोर्ट ने गैर सरकारी संगठन सोशल ज्यूरिस्ट की ओर से अधिवक्ता अशोक अग्रवाल और कुमार उत्कर्ष द्वारा दाखिल याचिका पर यह आदेश दिया है। उन्होंने पीठ को बताया कि स्कूल के सामने एक किलोमीटर सड़क की स्थिति जर्जर है। इससे रोजाना हजारों छात्रों को स्कूल आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### कूलर के पैड और घास बनाने वाली फैक्टरी में भीषण आग, कई कर्मचारी झुलसे

ग्रेटर नोएडा/दादरी। बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के बिश्नूली गांव स्थित कूलर की पैड और घास बनाने वाली फैक्टरी में गुरुवार तड़के अचानक आग लग गई। इससे कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। आग में झुलसने और नीचे गिरने से चार महिलाओं समेत पांच कर्मचारी घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से चार महिला कर्मचारियों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस और दमकल की टीम ने फैक्टरी में फंसे करीब 25 कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब पांच घंटे में आग पर काबू पाया। बादलपुर कोतवाली पुलिस के मुताबिक दिल्ली निवासी महेंद्र गुप्ता की बिश्नुली गांव के पास कूलर के पैड और घास बनाने की फैक्टरी है। गर्मी के सीजन को देखते हुए फैक्टरी में दो शिफ्ट में काम करवाया जा रहा था। गुरुवार की रात फैक्टरी में करीब 25 कर्मचारी काम कर रहे थे जबकि कुछ कर्मचारी फैक्टरी के अंदर पहली मंजिल की छत पर सोए थे। गुरुवार तड़के करीब 5:00 बजे फैक्टरी में अचानक आग लग गई जिससे अफरातफरी मच गई।

# युवा नेतृत्व तलाशने और तराशने को लेकर चलेगी बड़ी मुहिम : अनुपम

## 2024 तक युवा नेतृत्व की फौज तैयार करने का लक्ष्य, गाँव गाँव शहर शहर में पढ़ाई कमाई दवाई के लिए संघर्षरत जुझारू युवाओं को मिलेगा राष्ट्रीय प्लेटफार्म

नई दिल्ली। बेरोज़गारी को राष्ट्रीय बहस बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले युवा हल्ला बोल संस्थापक अनुपम ने कहा है कि राजनीतिक दलों से उम्मीद गंवा चुके युवा अब अपनी लड़ाई खुद लड़ना चाहते हैं। बेहतर भविष्य के संघर्ष को आउटसोर्स न करके बदलाव की ज़िम्मेदारी अपने हाथों में लेना चाहते हैं। विशेष तौर पर पांच राज्यों के चुनाव परिणाम के बाद अब बेरोज़गार युवाओं ने निर्णय लिया है कि वो अपने राजनीतिक आंदोलन का नेतृत्व स्वयं करेंगे।

इसी समझ के तहत युवा नेतृत्व तलाशने और तराशने के लिए अनुपम ने एक बड़ी मुहिम की शुरुआत की है। मक़सद है कि 2024 तक युवाओं की एक ऐसी फौज तैयार हो जो देश बेचने वालों के खिलाफ पूरी ताकत से देश बचाने का संघर्ष कर सके। इस लीडरशिप प्रोग्राम के जरिए गाँवों और शहरों तक पढ़ाई कमाई दवाई जैसे मुद्दों पर संघर्षरत जुझारू युवाओं को राष्ट्रीय प्लेटफॉर्म मिलेगा।

अनुपम का कहना है कि भारत अत्यंत कठिन दौर से गुज़र रहा है। देश की 70ब आबादी युवाओं की है लेकिन इस बड़ी आबादी को अपना भविष्य अंधकार में दिखता है। डेमोग्राफिक डिविडेंड आज डेमोग्राफिक डिज़ास्टर बनता जा रहा है। बेरोज़गारी ने राष्ट्रीय आपदा का रूप ले लिया है। इसी



असुरक्षा के भाव के कारण युवा मानसिक अवसाद में जा रहा है। लेकिन इस चिंताजनक परिस्थिति को ठीक करने की बजाए सरकार देश बेचने पर उतारू है। एक एक कर सभी राष्ट्रीय उपक्रमों को बेचा जा रहा है जिससे नौकरियों में और कटौती होती जा रही। बेरोज़गारी का समाधान निकालना तो दूर, सबसे दुखद है कि सरकार ये मानने को भी तैयार नहीं कि हालात इतने विस्फोटक है।

ऐसे में हताश युवाओं के एक बड़े वर्ग में नाउम्मीदी ऐसी है कि उन्हें आत्महत्या करना ही आखिरी विकल्प दिखने लगा है। आये दिन ऐसी खौफनाक खबरें मिल रही हैं। अनुपम ने कहा कि युवाओं को समाधान मरने से नहीं, लड़ने से मिलेगा। इसी लड़ाई को आगे बढ़ाने और मजबूत करने के लिए लीडरशिप प्रोग्राम की शुरुआत की गयी है। उन काबिल युवाओं को एक राष्ट्रव्यापी संघर्ष का हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा जो देश की सेवा करना चाहते हैं। आदर्शवादी और ऊर्जावान युवाओं के लिए यह एक अवसर है संवेदनहीन सरकार और नकारे पार्टियों से अलग हटकर राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने का।

लीडरशिप प्रोग्राम के लिए आवेदन फॉर्म भरना पड़ेगा जो युवा हल्ला बोल के सभी सोशल मीडिया चैनल्स पर उपलब्ध होगा। प्रोग्राम के लिए एक हेल्पलाइन नंबर 9810408888 भी जारी किया गया है जिसपर संपर्क करके आवेदन फॉर्म मंगाया जा सकता है।

लीडरशिप प्रोग्राम के दूसरे चरण में चयनित उम्मीदवारों का साक्षात्कार होगा जिसका पूरा कैलेंडर सार्वजनिक किया जाएगा। इस प्रोग्राम के माध्यम से चुने गए सभी युवा नेताओं के लिए मई के महीने में पालमपुर में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होगा। अंतत: प्रशिक्षण शिविर से निकलकर ये सभी राष्ट्रीय युवा आंदोलन में अहम भूमिका निभाने के लिए तैयार होंगे।

# हत्या कर पेट्रोल डाल कर शव को छिपाने का प्रयास करने वाला वांछित अभियुक्त मुठभेड़ के उपरांत गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** थाना ईकोटेक थ्री पुलिस ने गुरुवार को चैकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ के उपरांत हत्या कर शव को पेट्रोल डालकर छिपाने का प्रयास करने वाले फरार अभियुक्त अमन पुत्र राम नारायण वर्तमान निवासी हल्दौनी थाना इकोटेक तृतीय जनपद गौतमबुद्धनगर मूल निवासी पाराखेडा थाना टीकमगढ जिला टीकमगढ मध्य प्रदेश को मिलेनियम स्कूल तिहारे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान उपरोक्त अभियुक्त पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। जिसे पुलिस द्वारा उपचार के लिए अस्पताल



भर्ती कराया गया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय एक कारतूस जिन्दा व एक कारतूस खोका और एक स्पेलण्डर मोटरसाइकिल नंबर डीएल 7 एस सीसी 5258 बरामद की है ।गौरतलब है कि 25/26 मार्च 2022 की रात मे उपरोक्त अभियुक्त ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर विवेक पुत्र संजय कुमार निवासी हबीबपुर थाना इकोटेक तृतीय जनपद गौतमबुद्धनगर की हत्या कर शव की पहचान छुपाने के लिये मृतक विवेक के शव को जंगल ग्राम जलपुरा डंपिंग यार्ट मोरफोर्स बिल्डिंग के पास डालकर पेट्रोल छिडक कर आग लगा दी थी। बदमाश अमन के साथी मोहन, आकाश, संजय,सफी उर्फ सफिया उर्फ फारूख को 30 मार्च 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है। जिसके विरूद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## किसानों का कंपनी के गेट पर दूसरे दिन प्रदर्शन, पुलिस से नोकझोंक

**ग्रेटर नोएडा।** किसान मजदूर सभा के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग को लेकर गुरुवार को भी हायर कंपनी पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया। इस बीच किसानों और पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे 12 किसानों को हिरासत में लिया था। उसके बाद देर शाम को पुलिस लाइन से रिहा कर दिया गया। किसानों ने चेतावनी दी है कि वह शुक्रवार को फिर से कंपनी के गेट पर प्रदर्शन करेंगे। किसान बेरोजगार सभा के प्रदेश अध्यक्ष व प्रवक्ता विजयपाल भाटी ने बताया कि पुलिस की कार्रवाई से किसानों में आक्रोश है। किसान गुरुवार को फिर से कंपनी पर प्रदर्शन करने पहुंचे थे। इस बीच पुलिस ने किसानों को धमकाया और दबाव बनाने की कोशिश की। पुलिस से उनकी नोकझोंक हुई। किसानों ने चेतावनी दी है कि जब तक स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिल जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। किसानों ने शुक्रवार को फिर से कंपनी के गेट पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। पुलिस ने प्रदर्शन करने पहुंचे 12 किसानों को हिरासत में लिया था। पुलिस सभी किसानों को सूरजपुर स्थित पुलिस लाइन ले गई थी। जहां से देर शाम को सभी किसानों को रिहा कर दिया गया।

## सीवर में गिरकर मौत मामले में पुलिस ने 3 लोगों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी**

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के दल्लूपुरा में दिल्ली जल बोर्ड के सीवर में गिरकर दो कर्मचारी की मौत के मामले में दिल्ली पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ये तीन लोग केपी सिंह (प्लांट इंचार्ज), राजकुमार (सुपरवाइजर) और मोहम्मद हारून (शिफ्ट इंचार्ज) हैं।

बता दें कि बुधवार शाम दल्लूपुरा स्थित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट में मोटर ठीक करने उतरे दो कर्मचारी पानी में डूब गए।

सूचना मिलते ही पुलिस व अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुचाया गया, जहां डॉक्टरों ने 25 वर्षीय नितेश व 26 वर्षीय यशदेव को मृत घोषित कर दिया।

**मोटर खराब हो गया था**

पुलिस जांच में पता चला कि सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के अंदर चलने वाला मोटर खराब हो गया था। दोनों कर्मचारी उसे ठीक करने के लिए उतरे थे। तभी अचानक नीचे गहरे पानी में गिर गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस उनके अचानक गहरे पानी में गिरने के कारणों का पता लगा रही है। अधिकारियों का यह भी मानना है कि सीवर के अंदर गैस रहता है। ऐसा भी हो सकता है कि गैस की वजह से दोनों बेहोश होकर गहरे पानी गिरकर डूब गए हो या फिर पैर फिसने से अंदर चले गए हो।

**कीचड़ की वजह से निकलना आसान नहीं**

सीवर के अंदर गंदा पानी व कीचड़ भरा हुआ था। ऐसे में उन दोनों को बाहर निकलना आसान नहीं था। हालांकि सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के सामने ही फायर स्टेशन है। सूचना मिलते ही टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई थी, लेकिन गंदे पानी व कीचड़ से उन्हें निकालने में करीब डेढ़ घंटे का वक्त लग गया।

हालांकि पुलिस यह भी पता लगा रही है कि सीवर में उतरते वक्त दोनों ने सुरक्षा उपकरण प्रयोग किए थे या नहीं। पुलिस इसकी भी जांच कर रही है कि किसकी लापरवाही से दोनों की जान गई।

# गाजियाबाद : पेट्रोल पंप के कर्मचारी ने ही फायरिंग कर लूटे थे 25 लाख रुपये, कोर्ट में किया सरेंडर

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में दिनदहाड़े गोलियां बरसाकर 25 लाख रुपये लूटने का सूत्रधार पेट्रोल पंप का कर्मचारी ही निकला। पुलिस उसकी तलाश में खाक छानती रही, लेकिन उसने पांच साल पुराने पशुवध के मामले में पुलिस को चकमा देकर गुरुवार को एसीजेएम-5 की कोर्ट में सरेंडर कर दिया। पुलिस ने वारंट रिकॉल कराने की भरसक कोशिश की, लेकिन वकीलों ने एनकाउंटर के लिए फर्जी फंसाने का आरोप लगाते हुए जिला जज से शिकायत की। जिसके बाद एसीजेएम कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी को अब पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।

28 मार्च को डासना स्थित अरिहंत पेट्रोल पंप के दो कर्मचारी 25 लाख रुपये बैंक में जमा कराने के लिए गोविंदपुरम स्थित बैंक जा रहे थे। जबकि पंप मैनेजर समेत दो कर्मचारी उन्हें कवर करते हुए पीछे-पीछे आ रहे थे। गोविंदपुरम बी-ब्लॉक में पहुंचते



ही दो बाइकों पर आए तीन नकाबपोश बदमाशों ने गोलियां बरसाकर 25 लाख रुपये लूट लिए थे। पुलिस की जांच में पेट्रोल पंप पर नौकरी करने वाला साहिबाबाद निवासी आसिफ नाम का कर्मचारी घटना का सूत्रधार निकला। घटना के बाद से मोबाइल बंद करके वह फरार हो गया था। पुलिस आसिफ की तलाश में खाक छान रही थी, लेकिन उसने चकमा देते हुए गुरुवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

**पंप पर नाम बदलकर नौकरी कर रहा था आसिफ**

पुलिस के मुताबिक आसिफ पेट्रोल पंप पर नाम बदलकर नौकरी कर रहा था। वहां उसने अपना नाम राशिद बताया हुआ था। उसने कुछ दिन पहले पेट्रोल पंप से ढाई लाख रुपये भी साफ किए थे, जिसका पता लगते ही पुलिस को उस पर शक हो गया। इसके बाद घटना के अगले ही दिन से वह मोबाइल बंद करके फरार हो गया। असली नाम पता लगने पर पुलिस ने उसका आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला तो उस पर लूट व पशु वध समेत कई मामले दर्ज मिले। गुरुवार को वह वकीलों के साये में कोर्ट में सरेंडर करने पहुंच गया और पुलिस को भनक तक नहीं लग सकी।

**पांच साल से हो रही गैरजमानती वारंट**

पुलिस के मुताबिक आसिफ वर्ष 2017 में लूट के मामले में जेल गया था। इसके खिलाफ पशुवध के मामले भी दर्ज थे। साहिबाबाद थाने में दर्ज पशु वध के मामले में उसके गैर जमानती वारंट जारी होते आ रहे थे। हालांकि पुलिस अधिकारियों का तर्क है कि यह वार्ट सिर्फ कोर्ट में फाइलों में चले आ रहे थे। पुलिस को वारंट नहीं मिले थे। साहिबाबाद थाने में उसके वारंट का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। पांच साल पुराने इसी मामले में उसने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

**एनकाउंटर ने लिए फर्जी फंसाने का लगाया आरोप**

आसिफ द्वारा सरेंडर करने का पता लगते ही पुलिस अधिकारी भी कोर्ट पहुंच गए। उन्होंने उसके वारंट रिकॉर कराने की कोशिश की। लेकिन आसिफ की तरफ से पैरवी कर रहे अधिवक्ता खालिद खान, मुमताज अहमद और अमित राणा समेत करीब दो दर्जन अधिवक्ता जिला जज से मिले। उन्होंने कहा कि पुलिस ने फर्जी एनकाउंटर करने के लिए आसिफ का नाम लूट में घसीट रही है।

अधिवक्ता खालिद खान का कहना है कि जिला जज ने एसीजेएम-5 को तलब कर लिया, जिसके बाद एसीजेएम-5 ने आसिफ के वारंट खारिज करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं, आसिफ ने भी लूट में शामिल होने से इनकार किया।

## नाबालिग का किडनैप करके किया रेप, 16 साल बाद दिल्ली पुलिस ने आरोपी भाई-बहन को किया अरेस्ट

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने 21 मार्च को नांगलोई में एक नाबालिग लड़की को अगवा और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में राजधानी से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस अपराध में शामिल आरोपी भाई-बहन की जोड़ी है। जिनकी पहचान जोगिंदर सिंह और कमलजीत सिंह उर्फ कमलेश के रूप में हुई है। इन्हें क्रमश: उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ और दिल्ली के कड़कड़डूमा मेट्रो स्टेशन से पकड़ा गया था। मामला नांगलोई पुलिस स्टेशन में 2006 में दर्ज किया गया था।

दिल्ली पुलिस ने कहा, 19 अप्रैल 2006 को, एक 13 वर्षीय नाबालिग के लापता होने की रिपोर्ट उसके पिता ने नांगलोई पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई थी। उन्होंने जोगिंदर और कमलेश पर अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर अपहरण करने का आरोप लगाया था। शिकायत दर्ज होने के दिन से ही दोनों आरोपी फरार थे। हालांकि, बाद में लड़की को बरामद कर लिया गया और दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

11 सितंबर 2009 को तीस हजारी कोर्ट ने भाई-बहन को भगोड़ा घोषित कर दिया था। दिल्ली और उत्तर प्रदेश के अंतर-राज्यीय प्रकोष्ठ, अपराध ने आरोपियों की उनके मूल स्थानों से पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए जांच का नेतृत्व किया था। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के इलाकों में राजमिस्त्री का काम करने वाले जोगिंदर को 16 मार्च 2022 को अलीगढ़ से गिरफ्तार किया गया था। सह-आरोपी के बारे में आगे की जांच के कारण कमलेश को कड़कड़डूमा मेट्रो स्टेशन, दिल्ली से 21 मार्च 2022 को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और स्वीकार किया कि राजमिस्त्री का काम करते हुए वह नांगलोई में किराएदार के रूप में अपनी बहन के साथ रहता था। इस दौरान वह पीड़िता के पिता के संपर्क में आया था जो इलाके में मजदूर के तौर पर काम करते थे। धीरे-धीरे वह पीड़िता से बात करने लगा और नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसने अपनी बहन के साथ मिलकर पीड़िता को बहकाया।

आरोपी ने पुलिस को बताया, इसके बाद आरोपी जोगिंदर उसे अपने पैतृक गांव ले गया जहां उसने पीड़िता को शादी के लिए मजबूर किया और उसके साथ अवैध संबंध बनाए। पुलिस ने यह भी बताया कि भगोड़ा घोषित होने के बाद आरोपियों ने अपना पेशा जारी रखते हुए दिल्ली से लोनी, पलवल, गाजियाबाद और एनसीआर के अन्य स्थानों पर अपना ठिकाना बना लिया था। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की सूचना संबंधित थानों को दे दी गई है और उन्हें कोर्ट में पेश किया गया है।

### निर्माणाधीन मकान से गिरकर महिला की मौत

नोएडा। थाना सेक्टर 63 क्षेत्र के छिजारसी गांव में बुधवार रात निर्माणधीन मकान में काम करते समय महिला नीचे गिर गई। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां गुरुवार दोपहर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। छिजारसी गांव में मकान का निर्माण हो रहा है। यहां पर बुधवार रात को 32 वर्षीय महिला लक्ष्मी देवी काम करते समय नीचे गिर गई। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। यहां गुरुवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला के परिजनों ने अभी तक मामले में कोई शिकायत नहीं दी है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी पर चरित्रहीन होने का आरोप लगा गुजाराभत्ते से नहीं बच सकता पति : कोर्ट

**नई दिल्ली।** एक व्यक्ति की उस याचिका को अदालत ने खारिज कर दिया है जिसमें आरोप लगाया गया था कि पत्नी के किसी और व्यक्ति से नाजायज ताल्लुकात हैं। इस लिहाज से वह गुजाराभत्ता देने का अधिकारी नहीं है। अदालत ने कहा कि यह गुजाराभत्ता सिर्फ महिला के लिए नहीं बल्कि उसके दो नाबालिग बच्चों के लिए भी है। जिसकी भरपाई करना उसकी जिम्मेदारी है।

साकेत स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वृंदा कुमारी की अदालत ने पति की बच्चों की फीस की राशि में कटौती करने की याचिका को अदालत ने खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा है कि अगर पति बच्चों की स्कूल की फीस के अलावा उनके मेडिकल बीमा की किस्त भी भरता है तो वह कोई अहसान नहीं कर रहा है। यह उसका दायित्व है। जिसकी अनदेखी वह नहीं कर सकता। साथ ही अदालत ने कहा कि क्योंकि पति ने पत्नी व बच्चों को रहने के लिए वैकल्पिक स्थान नहीं दिया है इसलिए उनके किराये की भरपाई करना भी कानून की दृष्टि से गलत नहीं है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि पति ने पत्नी पर दूसरे व्यक्ति से अवैध संबंध रखने का आरोप लगाया है। लेकिन यह आरोप गुजाराभत्ता कम करे की याचिका से कोई संबंध नहीं रखते। यह तथ्य वह सामान्य मामले की सुनवाई के दौरान पेश करे। यहां बात दो नाबालिग बच्चों के भविष्य की है। जिन्हें उपयुक्त देखभाल के लिए एक मुश्त राशि की आवश्यकता है। मां भी इन बच्चों के भरण-पोषण के एक हिस्से का खर्च उठा रही है। ऐसे में पति के हिस्से आई रकम की भरपाई उसे करनी होगी।

**पति ने होटल के बिल के साथ पत्नी के अवैध संबंधों का किया है दावा**

पति की तरफ से अदालत में तीन अलग अलग समय के होटल के बिल अदालत में पेश किए गए हैं जिनमें उसने दावा किया है कि पत्नी किसी दूसरे व्यक्ति के साथ होटल में ठहरी। यहां तक की पत्नी ने अपनी कार्ड से इन होटल के बिल की भरपाई की। इस पर अदालत ने कहा कि बेशक पति के द्वारा पेश साक्ष्य सही हो सकते हैं।

लेकिन इस बाबत निर्णय घरेलू हिंसा व अन्य मामले पर सुनवाई कर रही अदालत करेगी। यहां मसला गुजाराभत्ते का है और क्योंकि बच्चे इस व्यक्ति के ही हैं। जिसकी खुद यह व्यक्ति पुष्टि कर रहा है। ऐसे में उसे राहत नहीं दी जा सकती।

## टोल लगने से रोडवेज बस का किराया 10 फीसदी बढ़ा

**एजेंसी**

नोएडा। मेरठ एक्सप्रेसवे के रास्ते चलने वाली रोडवेज बसों का किराया 10 फीसदी तक बढ़ा दिया गया है। बढ़ा किराया शुक्रवार से लागू हो जाएगा। नोएडा डिपो से मेरठ एक्सप्रेसवे के रास्ते कई शहरों के लिए बसें चलती हैं। इनमें मेरठ, हरिद्वार, सहारनपुर और शाकुंभरी देवी के लिए बस सेवा शामिल है। 25 से अधिक बसें इन शहरों के लिए नोएडा डिपो से एक्सप्रेसवे के रास्ते निकलती हैं। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश पाल सिंह ने कहा कि शुक्रवार से मेरठ एक्सप्रेसवे पर टोल शुल्क लागू हो रहा है।

ऐसे में बस का प्रत्येक बार में 320 रुपये टोल लगेगा। बस में प्रति व्यक्ति यात्री किराया नौ रुपये बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि नोएडा से मेरठ के लिए पहले 90 रुपये किराया लगता था लेकिन अब 99 रुपये देने होंगे।

वहीं, सहारनपुर के लिए 252 रुपये किराया लगता था, जिसे बढ़ाकर 261 रुपये कर दिया गया है। हरिद्वार के लिए 355 के स्थान पर 364 रुपये किराया देना होगा। शाकुंभरी देवी के लिए पहले 303 रुपये किराया लगता था, जिसे बढ़ाकर 312 रुपये कर दिया गया है।

# संपादकीय

## अपनी डिप्लोमेसी के जरिये भारत ने श्रीलंका में कैसे कर दिया चीन का गेमओवर

पॉवरफुल की क्या परिभाषा हो सकती है, ठेठ देशी अंदाज में समझें तो उसका घर भी अच्छे से चले और पूरे मौहल्ले में भी भौकाल हो। यही बात देशों पर भी लागू होती है। भारत की हमेशा से ये चाह रही है कि उसे दक्षिण एशिया में इज्जत मिले। उसे एक पॉवरफुल कंट्री की तरह देखा जाए। उसकी ये इच्छा उसकी विदेश नीति की दिशा तय करती है। भारत का पड़ोसी मुल्क श्रीलंका के रिश्ते कैसे हैं इसके लिए अलग से एक एमआरआई का पूरा एपिसोड करना पड़ जाएगा। लेकिन संक्षेप में समझें तो तमिलनाडु से जाफरा मोटरबोट से चंद घंटों में पहुंचा जा सकता है। दोनों देशों के बीच सदियों से संबंध हैं। जब भारत और श्रीलंका दोनों ही अंग्रेजों के गुलाम थे तो भारत से तमिल समुदाय के लोग श्रीलंका जाकर बसे। आधुनिक समय में इसी तमिल समुदाय की वजह से श्रीलंका और भारत का भविष्य साथ में जुड़ा हुआ है। राजवी गांधी द्वारा तमिल समस्या को लेकर श्रीलंका में शांति सेना भेजना हो या फिर बदले में नाराज लिट्टे समर्थकों द्वारा राजीव गांधी की हत्या को अंजाम दिया जाना। दोनों देशों के बीच का कनेक्शन काफी पुराना और गहरा है और आज भी तमिलनाडु में हजारों श्रीलंकाई तमिल शरणार्थी रहते हैं। 2007 में सेना भेजने के बाद से लगातार भारत श्रीलंका की मदद करता आ रहा है। लेकिन बाद के दिनों में श्रीलंका भारत की बजाय चीन की गोद में जा बैठा और इसका अब उसे खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। चीन के चक्कर में श्रीलंका दिवालिया घोषित होने की कगार पर पहुंच गया। लेकिन इन सब के बीच भारत ने श्रीलंका में चीन के साथ एक बड़ा खेल कर दिया है। भारत के विदेश मंत्री श्रीलंका के दौरे पर गए थे। जहां भारत और श्रीलंका के विदेश मंत्रियों ने आधा दर्जन महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और श्रीलंका के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भारतीय विदेश मंत्री ने आश्वस्त किया है कि आर्थिक संकट से निपटने में भारत श्रीलंका को निरंतर सहयोग करता रहेगा।

जंग भले ही यूक्रेन में चल रही हो। लेकिन इस युद्ध ने दुनिया के हरेक देश को सतर्क कर दिया है।ज्यादातर देश अपने पड़ोस की सुरक्षा को लेकर सतर्क हैं। इसी कवायद के तहत भारत ने अपने पड़ोसी देश श्रीलंका में अपने सबसे बड़े दुश्मन चीन को तगड़ी मात दे दी है। भारत और चीन के बीच सालों से राजनीतिक वर्चस्व का अखाड़ा बने श्रीलंका में भारत ने चीन को ऊपर अब एक ऐसी बढ़त हासिल कर ली है, जिसकी बराबरी करना चीन के लिए मुश्किल होगा। श्रीलंका के दौरे पर गए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की मौजूदगी में भारत और श्रीलंका के बीच एक समझौता हुआ है। जिसके तहत भारत श्रीलंका के उत्तरी भाग के तीन छोटे द्वीपों में हाईब्रिड एनर्जी के प्रोजेक्ट शुरू करेगा। पहली नजर में भले ही ये एक छोटा सा समझौता लगे लेकिन सुरक्षा के लिहाज से एक अहम मसला है। भारत ने श्रीलंका के साथ जो डील की है वो पहले चीन के हाथ में थी। भारत ने इस डील को चीन को मात देकर हासिल किया है।

जाफना के तीन द्वीपों नैनातिवु, नेदुन्तिवु और अनालाईतिवु पर हाइब्रिड विद्युत परियोजनाएं शुरू करने को लेकर भारत और श्रीलंका के बीच समझौता हुआ है। इससे पहले चीन की कंपनी सिनोसार टेकविन के साथ जनवरी 2021 में इन तीनों द्वीपों में हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने का अनुबंध किया गया था। भारत ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई तो श्रीलंका में फिर से मंथन शुरू हो गया। भारत ने उस वक्त इन इलाकों में चीन की मौजूदगी पर अपनी चिंता जाहिर की थी। जिसके बाद इन परियोजनाओं को निरस्त कर दिया गया था। उत्तरी श्रीलंका के ये तीनों द्वीप भारतीय सीमा के बेहद करीब हैं। यहां चीन के प्रोजक्ट का सीधा मतलब भारत की सुरक्षा को खतरा था। भारत ने इस डील को चीन को मात देकर हासिल किया है। लेकिन भारत ने श्रीलंका के साथ अपनी डिप्लोमेसी के जरिये चीन को बाहर करके ये प्रोजेक्ट अब अपने हाथ में ले लिए हैं।

करीब तीन महीने पहले ही चीन को इन प्रोजेक्ट से बाहर कर दिया गया था। अब यहां भारतीय कंपनियां अपने प्रोजेक्ट शुरू करेंगी। श्रीलंका के साथ भारत की ये डील इसलिए भी महत्वपर्ण है क्योंकि पिछले कुछ सालों से चीन अपनी पकड़ यहां मजबूत कर चुका था।

## कश्मीरी पंडितों की पीड़ा पर दिल्ली विधानसभा में लगे अट्टास ने चौंकाया

**राकेश सैन**

इन्द्रप्रस्थ अभिशप्त है 'शकुनी अट्टहासों' के लिए। द्वापर में लाक्षाग्रह पर शकुनियों ने इसी इन्द्रप्रस्थ में अट्टहास किया था और अब कश्मीरी हिन्दुओं के नरसंहार पर दिल्ली विधानसभा में वही गान्धार नरेश का अट्टहास सुनाई पड़ा है। दिल्ली में कश्मीरी हिन्दुओं के नरसंहार पर बनी 'दि कश्मीर फाइल्स' फिल्म को करमुक्त करने की मांग उठी तो मुख्यमन्त्री अरविन्द केजरीवाल ने जवाब दिया कि फिल्म को सोशल मीडिया प्लेटफार्म यू-ट्यूब पर डाल दो, बिल्कुल निऱ्शुल्क हो जाएगी। इस हल्की-फुल्की टिप्पणी से स्वयं उनके श्रीमुख पर शकुनी अट्टहास तो पसरा ही साथ में पूरी कौरवसभा की बत्तीसी के भी दर्शन हो गए। फिल्म की करमुक्ति की मांग इसलिए की गई थी कि अधिक से अधिक लोग कश्मीर में हिन्दुओं के साथ हुए अत्याचारों को पर्दे पर देख सकें व अतीत से सबक सीख सकें। लेकिन संवैधानिक पद पर विराजमान केजरीवाल ने जिस संवेदनहीनता का परिचय दिया वह लम्बे समय तक मानवता को शर्मसार करता रहेगा।

निर्लज्ज अट्टहासों के बीच समाचार आया कि अमेरिका स्थित अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं धार्मिक स्वतन्त्रता आयोग ने नब्बे के दशक में कश्मीरी हिन्दुओं से हुए अत्याचारों व पलायन को 'नरसंहार' की संज्ञा दी है। आयोग ने कश्मीर हिंसा पीड़ितों की जनसुनवाई की, बड़ी संख्या में पीड़ितों ने शपथपत्र देकर अपने साथ हुई बर्बरता की व्यथा बयान करने के साथ ही आयोग के समक्ष अपने साक्ष्य और प्रमाण पेश किए। पीड़ितों ने आयोग के समक्ष कई मांगें रखीं जिसमें इस प्रकरण को नरंसहार का दर्जा देना भी शामिल था। आयोग ने इसे स्वीकार कर लिया है, इस घोषणा से देश के उस छद्म उदार व धर्मनिरपेक्ष शक्तियों की कलई खुल गई जो 'दि कश्मीर फाइल्स' के रास्ते सामने आए सत्य को झुठलाने का प्रयास कर रहे हैं। इन्हीं शक्तियों में दिल्ली के ये माननीय भी शामिल हैं।

चाहे अट्टहासों का इतिहास पुराना है परन्तु दुनिया के वामपन्थियों ने इसका प्रयोग अपना विमर्श स्थापित करने व सच्चाई को हवा में उड़ाने की तकनीक के रूप में भी किया है। अमेरिका में यथार्थवादी कट्टरपन्थियों के लिए एक व्यावहारिक संग्रहक वामपन्थी विचारक साउल डी. एलिंस्की ने अपनी पुस्तक 'रूल्स फॉर रेडिकल्स' में विरोधी विमर्श (नैरेटिव) को ध्वस्त करने के लिए जिन 13 नियमों का उल्लेख किया है उसमें केजरीवाल मार्का अट्टहास भी शामिल है। क्योंकि तर्कों का जवाब दिया जा सकता है परन्तु उपहास का नहीं। इसमें सामने वाला अपने आप को अपमानित महसूस करता है। उपहास सबसे बड़ा हथियार है जो सामने वाले को निऱ्शस्त्र कर देता है। वामपन्थी चाहे दास कैपिटल को सिद्धान्तिक तौर पर अपना साहित्य बताते हैं परन्तु 'रूल्स फॉर रेडिकल्स' पुस्तक वामपन्थियों की हदीस मानी जाती है। वामपन्थियों द्वारा अपने विरोधियों विशेषकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी जैसों के खिलाफ काफी लम्बे समय से इसी शस्त्र का प्रयोग करते रहे हैं। आज भी सोशल मीडिया में कार्टून, मीम्स, टैक्सट मैसेज, कविताओं, चुटकुलों आदि के सहारे गम्भीर विमर्श को हल्का कर उसे झुठलाने व अपने विचार थोपने का प्रयास होता है। फिल्म के बाद छद्म उदारवादियों व धर्मनिरपेक्षतावादियों की लाख आलोचनाएं कश्मीरी हिन्दुओं की पीड़ा झुठलाने में असफल रहीं परन्तु दिल्ली की निर्मम अट्टहास ने मानो यह कार्य क्षणों में कर दिया।

# क्या सिर्फ भारत की जनता महंगाई से त्राहिमाम कर रही है? दुनिया के अन्य देशों के हालात क्या हैं?

**नीरज कुमार दुबे**




बढ़ती महंगाई के खिलाफ पूरा विपक्ष मोदी सरकार के खिलाफ हमलावर है। देश के विभिन्न राज्यों में विपक्ष के नेता और कार्यकर्ता भाजपा पर महंगाई रोकने में नाकाम रहने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन भी कर रहे हैं। मोदी सरकार वैश्विक हालात को महंगाई का कारण बता रही है तो विपक्ष का कहना है कि सरकार आम आदमी की जेब काटकर अपना खजाना भर रही है और चंद उद्योगपतियों को फायदा पहुँचा रही है। ऐसे में आम आदमी के मन में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक ही है कि सरकार सही बोल रही है या विपक्ष ?

कोरोना महामारी ने वैश्विक अर्थव्यवस्था पर ऐसा कहर ढाया है कि अमीर देशों में गरीबी बढ़ गयी और गरीब देशों के लिए जीना दुश्वार हो गया है। महामारी थमी और अर्थव्यवस्थाओं ने फिर से पटरी पर दौड़ना शुरू किया तो यूक्रेन पर रूस के युद्ध ने ऐसे हालात पैदा कर दिये कि कोई देश प्रभावित होने से नहीं बचा। ये जो महंगाई आपको भारत में देखने को मिल रही है वह सिर्फ हमारे देश की नहीं बल्कि विश्व की इस समय की सबसे बड़ी समस्या हो गयी है। रूस-यूक्रेन युद्ध से सप्लाई चेन पर असर पड़ा है, तेल की कीमतों में इजाफे के चलते हर चीज की महंगाई बढ़ी है जिससे दुनिया के लगभग सभी देशों की सरकारों को जनता की नाराजगी झेलनी पड़ रही है।

आइये आपको विश्व भर में महंगाई के हालात से रूबरू कराने के क्रम में सबसे पहले पड़ोसी देश पाकिस्तान की बात करते हैं। वहां इमरान खान की सरकार पर संकट ही इसलिए आया है क्योंकि पाकिस्तान में महंगाई बेलगाम हो गयी है। पाकिस्तान में महंगाई ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं जिसके चलते इमरान खान की कुर्सी खतरे में पड़ गयी है। श्रीलंका के हालात सबके सामने ही हैं। अभूतपूर्व आर्थिक संकट के दौरान श्रीलंका में महंगाई बेलगाम हो गयी है। श्रीलंका में हालात ये हैं कि चावल 500 और चीनी 300 रुपये किलो तक बिक रही है। बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार, नेपाल मालदीव में भी महंगाई चरम पर है।

थोड़ा दक्षिण एशिया से बाहर चलें और पश्चिमी देशों की ओर देखें तो अमेरिका में महंगाई ने 40 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। देखा जाये तो अमेरिकियों को 1982 के बाद से सबसे अधिक महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका में मंदी का खतरा मंडरा रहा है जो वहां की सरकार की चिंता बढ़ा रहा है और हर चीज की बढ़ी कीमतों ने वहां आम आदमी की कमर तोड़ कर रख दी है। ब्रिटेन की बात करें तो वहां भी बेतहाशा महंगाई देखने को मिल रही है। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने अनुमान जताया है कि सालाना महंगाई की दर इस साल 8.0 फीसदी को पार कर सकती है और अप्रैल में यह 7.25 फीसदी पर रह सकती है। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने एक बयान में माना है कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने महंगाई के मोर्चे पर दिक्कत और बढ़ा दी है।

जर्मनी की बात कर लें तो वहां भी तीन दशक में महंगाई सबसे ज्यादा देखने को मिल रही है जिससे खाने-पीने की वस्तुओं समेत बुनियादी चीजों और ईंधन के दामों में बड़ा उछाल आने की वजह से लोगों का गुस्सा बढ़ रहा है। जर्मनी में जमा पर बैंक ब्याज दरें घटने से बचत पर जोर देने वाले लोग भी निराश दिख रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में महंगाई से इतना बुरा हाल है कि वहां की सरकार के खिलाफ लोगों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। आस्ट्रेलिया में मई में होने वाले चुनावों को देखते हुए वहां की सरकार ने महंगाई को नियंत्रित करने के लिए कुछ उपाय किये हैं जिसके तहत कुछ करों को कम किया गया है। तुर्की में मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 20 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। तुर्की में ऊर्जा की कीमतें लागतार चढ़ रही हैं। तुर्की सांख्यिकी संस्थान के अनुसार, उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें पिछले महीने 4.81त्न बढ़ी हैं। महंगाई को काबू में करने के लिए तुर्की के राष्ट्रपति ने करों में कटौती का ऐलान किया है। स्पेन में महंगाई लगभग चार दशकों में सबसे तेज दर से बढ़ी है और उम्मीदों से आगे निकल गई है जिससे जनता बेहाल है। चीन में भी महंगाई बढ़ रही है और कोरोना के चलते कुछ शहरों में लगे लॉकडाउन की वजह से अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

ग्लोबल महंगाई के जिम्मेदार देश रूस का खुद भी महंगाई से बुरा हाल हो गया है। रूस में वार्षिक मुद्रास्फीति 25 मार्च तक बढ़कर 15.66त्न हो गई, जो सितंबर 2015 के बाद से उच्चतम है। रूस में मुद्रास्फीति पिछले कुछ हफ्तों में तेजी से बढ़ी है क्योंकि रूबल की गिरावट अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। रूस में खाद्य उत्पादों से लेकर कारों तक की मांग में तेज वृद्धि है क्योंकि लोगों को लगता है कि आने वाले समय में इनकी कीमत और बढ़ जायेगी।

जापान की बात करें तो वहां महंगाई मार्च महीने में रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई है। यूक्रेन संकट के चलते जापान में ऊर्जा और खाद्य उत्पादों की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। कनाडा में भी बढ़ती महंगाई के बीच माना जा रहा है कि 7 अप्रैल को आने वाले केंद्रीय बजट में सरकार शायद कुछ राहत उपायों की घोषणा कर सकती है। ईरान में महंगाई ने लगभग 60 सालों का, न्यूजीलैंड में 30 सालों और सिंगापुर में लगभग दस सालों का रिकॉर्ड तोड़ा है तो इजराइल, इटली, दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस, आयरलैंड, स्पेन, चेक गणराज्य, एस्टोनिया, लिथुआनिया, बेल्जियम, आस्ट्रिया आदि देशों की जनता भी महंगाई से त्राहिमाम कर रही है। यही नहीं खाड़ी देशों में भी महंगाई का असर साफ देखने को मिल रहा है।

बहरहाल, इसमें कोई दो राय नहीं कि सरकारों को गरीब जनता को महंगाई से राहत दिलाने के उपाय करने ही चाहिए। भारत की सरकार ने इस दिशा में क्या किया है यदि इस पर बात कर लें तो हाल ही में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को छह महीने के लिए विस्तार दे दिया गया है ताकि गरीबों को हर माह मुफ्त राशन मिलता रहे। यही नहीं केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। कई राज्य सरकारों ने भी अपने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाया है। लेकिन यह भी एक तथ्य है कि सरकारी कर्मचारियों से ज्यादा संख्या निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की है और उन्हें भी राहत मिलनी ही चाहिए। अंत में एक सवाल विपक्ष से भी है जोकि इन दिनों महंगाई के मोर्चे पर मोदी सरकार को घेर रहा है। विपक्ष को यह बताना चाहिए कि जिन राज्यों में वह सत्ता में है वहां महंगाई कम करने के लिए उसने क्या उपाय किये ?

## विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत उसकी नीतियों को बढ़ते समर्थन को प्रदर्शित करती है

**डॉ. सौरभ मालवीय**

योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। मुख्यमंत्री के रूप में यह उनकी दूसरी पारी है। जब वर्ष 2017 में वह पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तब उनके पास शासन का कोई अनुभव नहीं था, परन्तु इस बार उन्हें पांच वर्ष सत्ता में बने रहने का अनुभव है। वह पांच वर्ष की योजनाएं नहीं बना रहे हैं, अपितु वह डेढ़ दशक तक भाजपा को राज्य एवं केंद्र सत्ता स्थापित रखने की रणनीति पर कार्य कर रहे हैं। योगी-दो कैबिनेट में गुजरात मॉडल की झलक स्पष्ट दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुझाव पर यूपी के मंत्रिमंडल को आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत बनाया गया है। इसलिए भाजपा आगामी पन्द्रह वर्षों की रणनीति बनाकर चल रही है।

देश के पांच राज्यों- उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर विधानसभा चुनाव में प्राप्त हुई विजय ने भाजपा में नई ऊर्जा का संचार कर दिया है। इस विजय ने यह भी सिद्ध कर दिया है कि यह भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे की विजय है। जनता ने भाजपा में विश्वास जताया है तथा भाजपा की नीतियों का समर्थन किया है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में अब अधिक समय नहीं बचा है। उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा था, क्योंकि यही चुनाव आगे के लोकसभा चुनाव की दिशा निर्धारित करता है। भाजपा ने सेमीफाइनल तो जीत लिया है, अब फाइनल जीतना शेष है। इसलिए भाजपा फूंक-फूंक कर कदम रख रही है।

इसलिए योगी-दो के मंत्रिमंडल में सूझबूझ से काम लिया गया है। योगी के कुल 52 सदस्यीय मंत्रिमंडल में 16 कैबिनेट, 14 स्वतंत्र प्रभार एवं 20 राज्य मंत्री हैं। पिछली सरकार में मंत्री रहे दिनेश शर्मा, श्रीकांत शर्मा, सतीश महाना, नीलकंठ तिवारी, सिद्धार्थ नाथ सिंह, जय प्रताप सिंह पटेल, सतीश महाना, मोहसिन रजा एवं आशुतोष टंडन सहित 20 लोगों को इस बार योगी मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया गया। ओबीसी नेता व एमएलसी केशव मौर्य दूसरी बार उप मुख्यमंत्री बनाए गए हैं, यद्यपि वह सिराथू से चुनाव हार गए थे। उनके साथ ही बृजेश पाठक को भी उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। पिछली सरकार में वह कानून मंत्री थे। उन्होंने दिनेश शर्मा का स्थान लिया है। सुरेश कुमार खन्ना को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। वह शाहजहांपुर से नौवीं बार विजयी होकर सदन पहुंचे हैं। पिछली कैबिनेट में वह वित्त मंत्री थे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सूर्य प्रताप शाही को भी कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। वह पिछली सरकार में कृषि मंत्री थे। प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी स्वतंत्र देव सिंह को भी कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। वह पिछली सरकार में भी मंत्री रह चुके थे। नंद गोपाल नंदी को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। वह पिछली सरकार में भी मंत्री थे। धर्मपाल सिंह को भी कैबिनेट में स्थान मिला है। वह पिछली सरकार में सिंचाई मंत्री थे। उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल बेबी रानी मौर्य को भी कैबिनेट में स्थान दिया गया है। जाट नेता लक्ष्मी नारायण चौधरी को भी कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। वह बहुजन समाज पार्टी से भाजपा में आए हैं। समाजवादी पार्टी के गढ़ मैनपुरी से विजयी हुए जयवीर सिंह को भी कैबिनेट में स्थान दिया गया है। अनिल राजभर को भी कैबिनेट मंत्री बनाया गया है, वह पिछली सरकार में भी मंत्री थे। वह सपा सरकार में भी रह चुके हैं। राकेश सचान को भी कैबिनेट में स्थान दिया गया है। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार शर्मा को भी योगी कैबिनेट में स्थान दिया गया है। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खास माने जाते हैं। वह आईएएस की नौकरी छोड़कर राजनीति में आए थे। तीसरी बार वियाधक बने योगेंद्र उपाध्याय को भी कैबिनेट में स्थान दिया गया है।

एमएलसी भूपेन्द्र चौधरी को भी कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। वह पिछली सरकार में पंचायती राज मंत्री थे।




## झूलेलाल जयंती चेट्रीचंड्र महोत्सव 2 अप्रैल 2022 पर विशेष



**सदियों से मनाया जाने वाला चेट्रीचंड्र पर्व सद्भावना, भाईचारे एकता, अन्याय पर न्याय की विजय और धार्मिक आस्था का प्रतीक**

भारतवर्ष सदियों से आध्यात्मिकता में विश्वास रखने वाला विश्व का ऐसा पहला देश है जहां हजारों वर्ष पूर्व से ही अखंड भारत में आध्यात्मिकता भारत की संस्कृति की नींव रही है, क्योंकि अगर हम इतिहास को खंगाले तो हमें पौराणिक कथाओं से भरपूर मिलेंगे जो आज भी भारतीय पुरातत्व विभाग की खुदाई या अन्वेशण में अनेक आध्यात्मिकता की वस्तुएं पाई जाती है जो हजारों वर्ष पूर्व की अनुमानित होती है। भारत भर में विभिन्न धर्म, समुदाय और जातियों का समावेश है इसलिए यहां अनेकता में एकता के दर्शन होते हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि यहां सभी धर्मों के त्योहारों को प्रमुखता से मनाया जाता है, चाहे दिवाली हो, ईद या फिर क्रिसमस या फिर भगवान झूलेलाल जयंती। साथियों बात अगर हम इसी आध्यात्मिकता और विश्वसनीयता की करें तो 2 अप्रैल 2022 को वैश्विक स्तरपर जिस भी देश में सिंधी समाज के भाई बहन होंगे वहां झूलेलाल जयंती चेट्रीचंड्र महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है, जो सदियों से मनाया जाने वाला सद्भाव, भाईचारे, एकता, अखंडता, अन्याय पर न्याय की विजय और धार्मिक आस्था का प्रतीक माना जाता है। झूलेलाल जयंती पर्व मनाने का कारक, सभी पर्व त्योहारों की तरह इस पर्व को मनाने के पीछे भी पौराणिक कथाएं हैं ।साथियों बात अगर हम भगवान झूलेलाल की करें तो इतिहास और मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार धर्म की रक्षा के लिए झूलेलाल साईं ने अवतार लिया था इस संबंध में दो कथाएं प्रचलित हैं पहली, संवत् 1007 में सिंध प्रदेश के ठट्टा नगर में मिरखशाह नामक एक सम्राट राज्य करता था। उसने जुल्म करके समुदाय के लोगों को विशेष धर्म स्वीकार करवाया। उसके जुल्मों से तंग आकर एक दिन सभी पुरुष, महिलाएं, बच्चे व बूढ़े सिंधु नदी के पास एकत्रित हुए और उन्होंने वहां भगवान का स्मरण किया। कड़ी तपस्या करने के बाद सभी भक्तजनों को मछली पर सवार एक अद्भुत आकृति दिखाई दी। पल भर के बाद ही वह आकृति भक्तजनों की आंखों से ओझल हो गई। तभी आकाशवाणी हुई कि धर्म की रक्षा के लिए मैं आज से ठीक सात दिन बाद श्रीरतनराय के घर में माता देवकी की कोख से जन्म लूंगा। निश्चित समय पर रतनरायजी के घर एक सुंदर बालक का जन्म हुआ, जिसका नाम उदयचंद रखा गया। मिरखशाह के कानों में जब उस बालक के जन्म की खबर पहुंची, तो वह अत्यंत विचलित हो गया। उसने इस बालक के मारने की सोची परंतु उसकी चाल सफल नहीं हो पाई।

तेजस्वी मुस्कान वाले बालक को देखकर उसके मंत्री दंग रह गए। तभी अचानक वह बालक वीर योद्धा के रूप में नीले घोड़े पर सवार होकर सामने खड़ा हो गया। अगले ही पल वह बालक विशाल मछली पर सवार दिखाई दिया। मंत्री ने घबराकर उनसे माफी मांगी। बालक ने उस समय मंत्री को कहा कि वह अपने हाकिम को समझाए कि हिंदू-मुसलमान को एक ही समझे और अपनी प्रजा पर अत्याचार न करे, लेकिन मिरखशाह नहीं माना ।तबभगवान झूलेलाल ने एक वीर सेना का गठन किया और मिरखशाह को हरा दिया। मिरखशाह झूलेलाल की शरण में आने के कारण बच गया। भगवान झूलेलाल संवत् 1020 भाद्रपद की शुक्ल चतुर्दशी के दिन अन्तर्धान हो गए ।दूसरी कथा, चूंकि सिंधी समुदाय व्यापारिक वर्ग रहा है सो ये व्यापार के लिए जब जलमार्ग से गुजरते थे तो कई विपदाओं का सामना करना पड़ता था। जैसे समुद्री तूफान, जीव-जंतु, चट् ?टानें व समुद्री दस्यु गिरोह जो लूटपाट मचा कर व्यापारियों का सारा माल लूट लेते थे। इसलिए इनके यात्रा के लिए जाते समय ही महिलाएं वरुण देवता की स्तुति करती थीं व तरह-तरह की मन्नते मांगती थीं, जो पूर्ण हुई। चूंकि भगवान झूलेलाल जल के देवता हैं अत्ऱ यह सिंधी समुदाय के आराध्य देव माने जाते हैं। जब पुरुष वर्ग सकुशल घर लौट आते थे तब चेटीचंड को उत्सव के रूप में मनाया जाता था। मन्नतें पूर्ण हुई थी और भंडारा किया जाता था। साथियों बात अगर हम साईं झूलेलाल की करें तो, उपासक भगवान झूलेलाल को उदेरोलाल, घोड़ेवारो, जिन्दपीर, लालसाँई, पल्लेवारो, ज्योतिनवारो, अमरलाल आदि नामों से भी पूजते हैं। भगवान झूलेलालजी को जल और ज्योति का अवतार माना गया है। इसलिए लकड़ी का मंदिर बनाकर उसमें एक लोटे से जल और ज्योति प्रज्वलित की जाती है और इस मंदिर को श्रद्धालु चेट्रीचंड्र के दिन अपने सिर पर उठाते हैं, जिसे बहिराणा साहब भी कहा जाता है। साईं झूलेलाल दिवस - सिंधी समाज का चेट्रीचंड्र विक्रम संवत का पवित्र शुभारंभ दिवस है।

इस दिन विक्रम संवत 1007 सन्ऱ 951 ई. में सिंध प्रांत के नसरपुर नगर में रतनराय के घर माता देवकी के गर्भ से प्रभु स्वयं तेजस्वी बालक उदयचंद्र के रूप में अवतार लेकर पैदा हुए और पापियों का नाश कर धर्म की रक्षा की। यह पर्व अब केवल धार्मिक महत्व तक ही सीमित न रहकर सिंधु सभ्यता के प्रतीक के रूप में एक- दूसरे के साथ भाईचारे को दृष्टिगत रखते हुए सिंधियत दिवस के रूप में मनाया जाता है। साथियों बात अगर हम चेट्रीचंड्र दिवस को अतिउत्साह से मनाने की करें तो इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय स्तरपर सिंधी समुदाय अपने अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रखकर सारा दिन विभिन्न कार्यक्रम, पूजा अर्चना, बहराणा साहब यात्रा में उपस्थित होते हैं और शाम में भव्य जुलूस का आयोजन भारत सहित अनेक देशों में आयोजित किया जाता है जिसमें जगह जगह पर साईं झूलेलाल बहराणा साहब की पूजा अर्चना की जाती है, जुलूस के स्वागतार्थ विभिन्न व्यंजनों को प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है, हर व्यक्ति के सिर पर आयोलाल झूलेलाल की टोपी होती है, जुलूस में विभिन्न प्रकार की प्रेरणादायक झांकियों होती है। बहुत ही उत्साह का माहौल होता है।

साथियों बात अगर हम इस वर्ष 2022 में अपेक्षाकृत अधिक उत्साह की करें तो कोविड महामारी के कारण पिछले 2 वर्षों चेट्रीचंड्र उत्सव का आयोजन साधारण और सीमित रूप से किया जा रहा था परंतु इस वर्ष 2022 में दोनों वैक्सीनेशन डोज़ लगाना, महामारी पर करीबकरीब नियंत्रण और शासन के आदेशों का पालन करते हुए चेट्रीचंड्र उत्सव मनाने का अतिउत्साह समाज बंधुओं में दिख रहा है क्योंकि यह पर्व भाईचारे सद्भावना एकता धार्मिक आस्था का प्रतीक है जो भारतीयों को भारत माता की मिट्टी से गॉडगिफ्ट में मिला है।

## नहीं है इसका भान !



बढ़ा फिर प्रदूषण ।
नहीं है इसका भान ।।
पर बातें निरर्थक ।
रहीं हैं अब तक शान ।।
अपनी जिम्मेदारी से ।
रहे हैं शायद भाग ।।
खत्म ना होती दिखती ।
प्रदूषण वाली आग ।।
आया सब कुछ सामने ।
अब क्या रहे निहार ।।
पर जो बनना चाहिए ।
बना नहीं आधार ।।
बात नहीं बन पाई ।
झेल रहे हैं लोग ।।
समय का ठीक से ।
कब इधर उपयोग ?

**कृष्णेन्द्र राय**

नई दिल्ली
शुक्रवार 01 अप्रैल 2022
Www.gauravshalibharat.com

# योगी ने मंत्रियों को थमाया सौ दिन को एजेंडा



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनियुक्त मंत्रियों को अपनी सरकार के शुरुआती सौ दिनों के कामकाज का एजेंडा सौंपते हुए सरकारी खजाने का दुरुपयोग रोकने और सरकार में अनुशासन का वातावरण बनाने की सख्त हिदायद दी है।

योगी ने बतौर मुख्यमंत्री अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत 25 मार्च को शपथ ग्रहण करने के बाद, ताबड़तोड़ फैसले करना शुरू कर दिये हैं, जिससे सरकार के कामकाज की गति को तेज किया जा सके। सरकार के गठन और मंत्रियों को विभागों का बंटवारा किये जाने के बाद अब सभी की नजरें मंत्रिमंडल के प्रदर्शन पर टिकी हैं।

कामकाज के बारे में मुख्यमंत्री द्वारा मंत्रियों को दिये गये निर्देशों के तहत उन्हें पुराना स्टाफ नहीं रखने और अपनी मर्जी से निजी स्टाफ रखने से बचने को कहा गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी ने भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने और पारदर्शिता बरकरार रखने की अपनी पिछली सरकार की छवि को बनाये रखने के लिये कुछ अहम फैसले किये हैं।

इनमें मंत्रियों को 100 दिन के कामों का लक्ष्य तय करने वाला एजेंडा थमाया गया है। इसके तहत सभी मंत्रियों को अपने विभाग के कामकाज की 100 दिन में समीक्षा कर आगे की कार्ययोजना का मास्टर प्लान बनाना होगा।

योगी ने मंत्रियों को ताकीद की है कि मंत्रिमंडल की बैठक में मंत्री को किसी विषय पर अपने विभागों की कार्ययोजना से मुख्यमंत्री को खुद अवगत कराना होगा। बैठक में मंत्री द्वारा किसी विषय को प्रस्तुत किये जाते समय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव, सिर्फ मंत्री की सहायतार्थ मौजूद रहेंगे। साथ ही मंत्रियों को अगले 100 दिनों के काम से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराना होगा। इतना ही नहीं मंत्रियों को फजूलखर्ची रोकने के उपाय अपनाने को भी कहा गया है। इसमें अपने लिये सरकारी खर्च पर नयी कार खरीदने से मनाही के अलावा किसी मंत्री को मुख्यमंत्री एवं पार्टी के प्रदेश नेतृत्व को बताये बिना प्रदेश से बाहर जाने से भी रोका गया है। योगी ने निर्देश दिया है कि मंत्रीगण, दिल्ली की गैरजरूरी यात्रा करने से बचें। सूत्रों ने बताया कि मंत्रियों को सरकारी या निजी कामों से प्रदेश से बाहर जाने की सूचना देना अनिवार्य होगा। इस निर्देश के पीछे सरकारी खर्च के दुरुपयोग एवं किसी अन्य तरह के विवाद को पनपने से रोकना है। उन्होंने गैरजरूरी सरकारी खर्च पर लगाम लगाने के लिये मंत्रियों को अपने बंगलों को सजाने, कार्यालय को दुरुस्त करने तथा नया फर्नीचर और लग्जरी कार खरीदने जैसे कामों से बचने को कहा है।

## उप्र में छह हजार केंद्रों पर एक अप्रैल से शुरू होगी गेहूं की खरीद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में रबी की मुख्य फसल गेहूं की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से खरीद शुक्रवार से राज्य के 06 हजार क्रय केंद्रों पर शुरु हो जायेगी। सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार इस साल गेहूं की खरीद एक अप्रैल से शुरू होकर 15 जून तक चलेगी। सरकार ने रबी के विपणन वर्ष 2022-23 के लिए गेहूं का एमएसपी 2015 रुपये प्रति कुंतल तय किया है। इस साल खरीद का लक्ष्य 60 लाख मीट्रिक टन रखा गया है। गेहूं की खरीद के लिए किसानों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा, हालांकि खरीफ के विपणन वर्ष 2021-22 में धान बेचने के लिए जिन किसानों ने पंजीकरण कराया है, उन्हें दोबारा ऑनलाइन पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है। ऐसे किसानों कोइ अपने पुराने विवरण को ही अपडेट कर 'लॉक' करना होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गेहूं की खरीद प्रक्रिया को लेकर गुरुवार को समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी क्रय केन्द्र पर गेहूं बेचने में किसानों के समक्ष कोई समस्या नहीं आनी चाहिये। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि क्रय केन्द्रों का चयन इस प्रकार किया जाए ताकि किसानों को अपना गेहूं बेंचने के लिए अधिक दूरी तय न करना पड़े। उन्होंने भंडारण गोदामों और क्रय केंद्रों पर गेहूं की सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। योगी ने कहा कि प्रत्येक दशा में किसानों को गेंहू का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलना चाहिए, लिहाजा सभी केन्द्रों पर पूरी पारदर्शिता के साथ खरीद की जाए और किसानों को उनकी उपज का भुगतान समयबद्ध कर दिया जाए ।

## शार्ट न्यूज

### अपराध नियंत्रण में नाकाम रहने के आरोप में गाजियाबाद के एसएसपी निलंबित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक दायित्वों की पूर्ति में लापरवाही बरतने और अपराध नियंत्रण में नाकाम रहने के आरोप में गुरुवार को गाजियाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पवन कुमार को निलंबित कर दिया। योगी सरकार द्वारा गुरुवार को एक के बाद एक, दो वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को निलंबित किया गया। इससे पहले सरकार ने शासकीय दायित्व के निर्वाह में अनियमितता एवं लापरवाही बरतने के आरोप में सोनभद्र के जिलाधिकारी टी के शिबू को दोपहर बाद जारी आदेश में निलंबित कर दिया था। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से देर शाम जारी बयान में गाजियाबाद के एसएसपी पवन कुमार को भी निलंबित किये जाने की पुष्टि की गयी। मुख्यमंत्री सूचना परिसर की ओर से जारी संक्षिप्त बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में सोनभद्र के जिलाधिकारी और गाजियाबाद जिले के एसएसपी को शासन द्वारा निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की वजह के रूप में इतना ही बताया गया कि कुमार को शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं कर पाने के लिये निलंबित किया गया है। इसके अलावा शिबू के निलंबन की वजह शासकी कार्यों में अनियमितता और जनता से जुड़े मामलों के निस्तारण में लापरवाही बरतना बताया गया है।

### मंहगाई की मार से गरीबों को केन्द्र सरकार राहत दिलाये : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद पेट्रोल डीजल के दाम में लगातार बढ़ोतरी होने के कारण मंहगाई के बेकाबू होने का सीधा असर आम जनजीवन पर पड़ने का हवाला देते हुए केन्द्र सरकार से उचित कदम उठाने की मांग की है। गौरतलब है कि गत 10 मार्च को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद पेट्रोल डीजल की कीमत में लगातार वृद्धि हो रही है। इसके कारण जरूरी वस्तुओं की कीमतों में भी इजाफा हो रहा है। मायावती ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा, देश के पाँच राज्यों में विधान सभा आमचुनाव सम्पन्न होने के बाद अब तक उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में डीजल व पेट्रोल आदि के कई बार दाम बढ़ चुके हैं, जिसकी सीधी मार गरीब एवं मध्यम वर्गों पर पड़ रही है। केन्द्र सरकार इसे कम करने हेतु उचित कदम ज़रूर उठाये।

### बसपा में शामिल होने की खबरों को नसीमुद्दीन ने बताया निराधार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दिकी ने उनके बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में फिर से शामिल होने संबंधी मीडिया रिपोर्टों का खंडन करते हुए गुरुवार को कहा कि वह कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता हैं और आगे भी रहेंगे। गौरतलब है कि बीते दो दिनों से सिद्दिकी की बसपा प्रमुख मायावती से मुलाकात होने के हवाले से उनके बसपा में फिर से शामिल होने की अटकलों से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट प्रकाशित हो रही थीं। उन्होंने आज एक वीडियो के माध्यम से अपना बयान जारी कर इसका खंडन कर दिया। गौरतलब है कि सिद्दिकी कांग्रेस से पहले, बसपा के वरिष्ठ नेता थे। बांदा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सिद्दिकी बसपा की पूर्ववर्ती सरकारों में मंत्री भी रहे। फिलहाल वह उत्तर प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी हैं। सिद्दिकी ने बयान जारी कर कहा कि कहा, बसपा अध्यक्ष सुश्री मायावती जी से मेरी कोई मुलाकात नहीं हुई है। मीडिया में इस प्रकार की जो भी खबरें चलाई जा रही हैं, दरअसल वह मेरी छवि को धूमिल करने की कोशिश है। उन्होंने कहा, मेरी पूरी निष्ठा और ईमानदारी कांग्रेस पार्टी के साथ है। मैं आजीवन अंतिम सांस तक कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता रहूंगा। मेरी नेता प्रियंका गांधी जी, राहुल गांधी जी और सोनिया गांधी जी हैं। मेरे बारे में इस तरीके की जो भी खबरें चलाई जा रही हैं, वह गलत हैं।

### मौसम वैज्ञानिकों की सलाह : ताप वृद्धि से बचने के लिये लगायें देसी पेड़

बागपत। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि ताप वृद्धि के लिये पेड़ पौधों की कमी सीधे तौर पर जिम्मेदार है और इससे बचने के लिये वैज्ञानिक अब पानी का अधिक अवशोषण करने वाले यूकेलिप्टस जैसे पेड़ों के बजाय नीम, शीशम, जामुन और पॉपुलर जैसे देसी पेड़ लगाने का परामर्श दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश के बागपत स्थित कृषि विज्ञान केंद्र की मौसम वैज्ञानिक अंकिता नेगी ने यहां के बढ़ते तापमान पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बागपत का औसत तापमान इस वर्ष पिछले 10 वर्षों की तुलना में 3.4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। उन्होंने गुरुवार को बताया जहां मार्च माह के प्रारंभ में तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस था, वही मार्च के अंतिम दिन तक यह 40 डिग्री सेल्सियस हो गया है। जो बेहद चिंता का विषय है। उनका कहना है कि बागपत की ही तरह ही मेरठ जनपद में भी यही पैटर्न देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि है, बागपत में तापमान के इस प्रकार बढ़ने का कारण वृक्षों की पर्याप्त संख्या न होना है। उन्होंने तापमान को संतुलित बनाये रखने के लिए पेड़ पौधों की संख्या को बढ़ाने, खासकर नीम, पीपल, बरगद, पॉपुलर और शीशम जैसे स्थानीय देसी पेड़ों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि वाहनों के अधिक प्रयोग से भी कार्बन डाई ऑक्साइड बढ़ने से तापमान को बढ़ाने वाली गैसें उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि अधिक संख्या में लगाये गये ईंट भट्ठों से भी तापमान में ऊष्मा , कार्बन डाई ऑक्साइड , कार्बन मोनो ऑक्साइड जैसी तापवृद्धि करने वाली गैसों की मात्रा बढ़ती है। उन्होंने तापमान की अधिकता को रोकने के लिए वाहनों का उपयोग भी कम करने की जरूरत पर भी बल दिया।

### थाने के अंदर एक-दूसरे को पीटने लगे दो सिपाही, वीडियो वायरल होने पर एसपी ने किया सस्पेंड

**बरेली।** यूपी के बरेली का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो को देखकर लोग तरह-तरह के कमेंट भी कर रहे हैं। वीडियो में साफ दिख रहा है कि दो युवक आपस में किसी बात को लेकर मारपीट शुरू कर देते हैं। दोनों के बीच मारपीट होता देखकर कुछ पुलिस कर्मी उनके बीच-बचाव को आ जाते हैं। पुलिसकर्मी जब उनसे मारपीट की वजह पूछते हैं तो वह भी हैरान रह जाते हैं। आपस में भिड़ने वाले और कोई नहीं बल्कि खुद पुलिसकर्मी हैं। दोनों थाने के अंदर ही एक-दूसरे को पीट रहे थे। वीडियो वायरल होने के बाद दोनों को सस्पेंड भी किया जा चुका है। मामला बरेली जिले के फरीदपुर थाने का है। बताते हैं कि थाने के अंदर चालान को लेकर दो पुलिसकर्मियों में आपस में झड़प हो गई। देखते ही देखते दोनों एक-दूसरे के साथ मारपीट करने लगे। दोनों सिविल ड्रेस में थे। मारपीट करने वाला एक सिपाही सीओ पेशी में तैनात है। दोनों को आपस में लड़ता देखकर थाने के अंदर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने पहुंचकर बीच-बचाव कराया। दोनों की इस हरकत को किसी ने अपने वीडियो में कैद कर लिया और वायरल कर दिया।

### माफिया कुंटू समेत 9 आरोपियों को 10 वर्ष कैद की सजा, गैंगस्टर के मामले में आया फैसला

आजमगढ। आजमगढ़ की गैंगस्टर कोर्ट नंबर 6 रामानंद यादव की अदालत ने गुरुवार को माफिया सरगना ध्रुव सिंह कुंटू समेत उसके गिरोह के नौ सदस्यों को गैंगेस्टर एक्ट के तहत दस साल की कैद और 50 50 हजार का अर्थदंड की सजा सुनाया। कोर्ट के फैसले से माफियाओं में हड़कंप मचा है। बता दें साल 2010 में जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले ठेकेदार डमरु सिंह की हत्या कर दी गयी। इस मामले में जीयनपुर का माफिया डान ध्रुव सिंह कुंटू, वाराणसी के चोलापुर का रहने वाला गिरधारी विश्वकर्मा, मऊ जिले के मोहम्मादाबाद का अजीत सिंह, जहानागंज का संजय यादव समेत कुल 11 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। पुलिस ने कुंटू और गिरधारी के अलावा बलिकरन, मुन्ना, राजेंद्र यादव, शिव प्रकाश, मोहर सिंह, योगेश, रामनारायण उर्फ रिंकू सिंह, शिवेश पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। गैंगेस्टर की विवेचना पूरी करके चार्जशीट अदालत में पेश की गई। कोर्ट नंबर 6 रामानंद यादव की अदालत में मुकदमा चल रहा था।

# नाबालिग का अपहरण कर बलात्कार करने के आरोपी को 20 साल की सजा



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में एक नाबालिग किशोरी का अपहरण कर उसके साथ बलात्कार करने के आरोपी युवक को स्थानीय अदालत ने 20 वर्ष का कारावास और जुर्माना लगाने की सजा सुनायी है। मथुरा के अपर सत्र न्यायाधीश (स्पेशल जज पाक्सो ऐक्ट) हरविन्दर सिंह ने आरोपी रॉकी को नाबालिग का अपहरण कर महाराष्ट्र ले जाने और उसकी मर्जी के बिना जबरन शारीरिक संबंध बनाने के आरोप सिद्ध होने पर यह सजा सुनायी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार मथुरा जिले के मगोर्रा गांव में रॉकी पुत्र करन ने 29 अगस्त 2019 को दोपहर गांव की एक नाबालिग किशोरी को नशीला पदार्थ खिलाकर उस समय अपहरण किया जब उसके माता पिता घर पर नहीं थे। जब उसे होश आया तो उसने अपने आप को रेलगाड़ी के एक डिब्बे में पाया। अभियोजन पक्ष का यह भी आरोप है कि नाबालिग को महाराष्ट्र में कई स्थानों पर ले जाया गया, जहां उसके साथ बलात्कार कर दो दिन बाद उसे आगरा के एक रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया गया जहां से वह किसी प्रकार अपने घर पहुंची और आप बीती बताई। इसी बीच घटनावाले ही दिन बालिका की मां तहरीर लेकर थाने पहुंची पर उसकी तहरीर नहीं ली गई। बेटी की आपबीती के आधार पर पुलिस ने 31 अगस्त 2019 को उसकी रिपोर्ट भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 366 और 376 एवं 3/4 पॉक्सो ऐक्ट में लिखी गई। स्पेशल एडीजीसी पॉक्सो कोर्ट अलका उपमन्यु एडवोकेट ने बताया कि बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अदालत में आरोपी को निर्दोष साबित करने की कोशिश की और कहा कि उसका यह पहला अपराध है तथा देर से लिखी एफआईआर और पीड़िता के बयानो पर ही संशय पैदा करने की कोशिश की। स्पेशल एडीजीसी ने बचाव पक्ष की दलीलों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि भले ही यह आरोपी का पहला अपराध है किंतु उसका अपराध एक बहुत बड़ी सामाजिक बुराई है जो अक्षम्य है तथा इसके लिए अभियुक्त को कठोर कारावास दिया जाना चाहिए।

उनका यह भी कहना था कि पीड़िता की मां तो उसी दिन तहरीर लेकर गई थी किंतु पुलिस ने उसे दर्ज नही किया तथा दो दिन बाद दर्ज किया। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि पीड़िता की आयु 16 वर्ष से कम है अत: अभियुक्त को धारा 376 आईपीसी में कम से कम आजीवन कारावास दिया जाना चाहिए। विशेष एडीजीसी के अनुसार विद्वान न्यायाधीश ने डाक्टरों की रिपोर्ट, पीड़िता के बयान आदि के आधार पर अभियुक्त रॉकी को 3/4 पॉक्सो ऐक्ट के तहत 20 वर्ष के कारावास एवं 20 हजार का जुर्माना अदा करने का आदेश दिया। अभियुक्त द्वारा जुर्माना न अदा करने पर उसे एक साल अतिरिक्त सजा भोगना होगा।धारा 366 आईपीसी के अन्तर्गत अभियुक्त को दस वर्ष का कठोर कारावास एवं दस हजार का जुर्माना तथा जुर्माना न अदा करने पर 6 माह की अतिरिक्त सजा, धारा 363 आईपीसी में 7 वर्ष का कठोर कारावास और पांच हजार का जुर्माना तथा जुर्माना न अदा करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भोगने का आदेश दिया है।आदेश में पीड़िता को प्रतिकर दिलाने के लिए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आदेश की एक प्रति भेजने का भी आदेश दिया गया है।

## देवरिया में बैंक की कैश वैन लूटने के प्रयास का मास्टरमाइंड निकला वैन का संरक्षक

एजेंसी

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में एचडीएफसी बैंक की ऋण वसूली करने वाले वाहन 'कैश वैन' को लूटने के असफल प्रयास का मास्टरमाइंड कैश वैन का संरक्षक (कस्टोडियन) ही निकला।

देवरिया के पुलिस उप महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक डा. श्रीपति मिश्र ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में लूट के प्रयास की इस घटना को उजागर करते हुए बताया कि 28 मार्च को सदर कोतवाली क्षेत्र में स्टेशन रोड के पास एचडीएफसी बैंक के कैश वैन को लूटने के असफल प्रयास का मास्टरमाइंड वैन का कस्टोडियन बैजनाथ सिंह था। वह देवरिया जिले के बरहज क्षेत्र में ग्राम भइया बिजौली का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि इस घटना में बाइक सवार तीन लुटेरों ने कैश वैन को लूटने का प्रयास किया था तथा इस घटना में एक लुटेरे शिवम सिंह ने वैन के एक अन्य कस्टोडियन प्रभुनाथ पाण्डेय को गोली मारकर वाहन में रखी नकदी लूटने का प्रयास किया। वैन के गार्ड योगेंद्र तिवारी ने शिवम सिंह को अपनी बन्दूक से गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने मौके से घायल अवस्था में शिवम सिंह को गिरफ्तार कर प्राथमिक उपचार के लिये जिला अस्पताल में भेज दिया था।

उन्होंने बताया कि पुलिस जांच में शिवम सिंह के साथ चार बदमाशों का नाम सामने आया था। जिसमें एक बदमाश दीपक पाण्डेय को महराजगंज पुलिस द्वारा मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कियर गया।

घटना में शामिल एक अन्य बदमाश पुरुषोत्तम जायसवाल (निवासी गोरखपुर जनपद) ने बुधवार को मुठभेड़ के डर से सदर कोतवाली मे आकर आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि लूट के मास्टरमाइंड को आज शहर के पिपरपाती तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस घटना में शामिल चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## कानपुर में 41 हजार असलहा लाइसेंस की फिर होगी एसआईटी जांच

कानपुर। कलेक्ट्रेट में असलहा फर्जीवाड़ा समेत अन्य गोलमाल करने वाले जल्द बेनकाब होंगे। एसआईटी के निर्देश पर डीएम ने आजादी के बाद से अब तक बने सभी 41 हजार असलहों की जांच कराने का फैसला किया है। इसके लिए बकायदा चार मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। 10 कंप्यूटर लगाए जा रहे हैं। सोमवार से जांच शुरू हो जाएगी।

कानपुर में असलहा लाइसेंस फर्जीवाड़ा खुलने के बाद हड़कंप मचा है। फर्जीवाड़ा और कमियां मिलने पर पूर्व डीएम आलोक तिवारी ने एसआईटी जांच की संस्तुति की थी। एसपी एसआईटी देवरंजन वर्मा के नेतृत्व में कमेटी जांच कर रही है। एसआईटी भी शहर आकर पड़ताल कर चुकी है। प्रशासन से फिर असलहा लाइसेंस की जांच करके रिपोर्ट मांगी है। जल्द ही कलेक्ट्रेट के स्टोर रूम से असलहा लाइसेंस की सभी फाइलें निकाली जाएंगी। डीएम नेहा शर्मा ने एसआईटी के जानकारी मांगने की बात कही।

### निर्धारित फॉर्मेट पर देनी होगी जानकारी

एसआईटी ने निर्धारित फॉर्मेट भेजकर पूरी जानकारी प्रशासन से मांगी है। इसमें असलहा लाइसेंसधारी का नाम-पता, पिता का नाम, असलहे का प्रकार, थाना, स्वीकृत करने वाले अफसर, उनका पदनाम व तैनाती और सेवानिवृत्त की बात है।

### एक साल पहले भी हो चुकी जांच

एक साल पहले भी कलेक्ट्रेट में शस्त्र लाइसेंस की जांच हो चुकी है। उस वक्त फर्जीवाड़ा मिलने के बाद ही आलोक तिवारी ने एसआईटी जांच की संस्तुति की थी। टीम ने यहां आकर एक-एक असलहा लाइसेंस फाइलों की जांच की थी। इसमे सैकड़ों फाइलें गायब मिली थी।

### यह मजिस्ट्रेट करेंगे जांच

- राजेश कुमार एसीएम प्रथम
- जियालाल सरोज एसीएम तृतीय
- गुलाब चंद्र एसीएम चतुर्थ
- वान्या सिंह एसीएम पष्ठम

## मेरठ में पकड़ी नकली नोटों की खेप, 52 हजार की फेक करेंसी के साथ तीन गिरफ्तार



**मेरठ।** यूपी के मेरठ शहर में नकली नोटों की बड़ी खेप पकड़ी गई है। आर्मी इंटेलीजेंस की सहायता से लालकुर्ती पुलिस ने मेरठ में सौ- सौ रुपये के नकली नोटों की खेप बरामद दी। पुलिस ने नकली नोट छापने वाले तीन तस्करों को भी दबोच लिया। उनके पास से नोट बनाने वाला प्रिंटर, इंक, नोट में इस्तमाल होने वाला धागा समेत काफी सामान बरामद किया।

आर्मी इंटेलीजेंस शाखा मेरठ को सूचना मिली की मेरठ में पांच युवक 100-100 रुपये के नकली नोट तैयार करके बाजार में चला रहे है। वह हजारों रुपये की खैप मेरठ में उतार चुके है। आर्मी इंटेलीजेंस की सूचना पर लालकुर्ती पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाकर लालकुर्ती चौराहे से नकली नोट चलाने वाले प्रथम सोम निवासी भमौरी थाना सरधना तस्कर को दबोच लिया। उसके पास से 100- 100 रुपये के 16 हजार रुपये बरामद हुए।

उसकी निशानदेही पर पुलिस ने सुभाष नगर स्थित एक मकान में दबिश दी। वहां से पुलिस ने दो अन्य तस्कर निखिल शर्मा निवासी ग्राम नरपत की बिराल मुजफ्फरनगर व प्रियांशु सिंह निवासी बिराल मुजफ्फरनगर को दबोच लिया। उनके पास से नकली नोट 100-100 रुपये के 52 हजार रुपये बरामद हुए। पुलिस ने तीनों तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। तीनों के पास से नकली नोट छापने वाले प्रिंटर, इंकटेक, कटर, 11 अदद रैडिम बाले हरे रंग के टेप, गोंद की शीशी समेत काफी सामान बरामद हुआ। एसपी सिटी डा. विनीत भटनागर का कहना है कि सागर गिरी निवासी भमौरी सरधना व विकास सिंह निवासी बुढ़ाना के साथ मिलकर तीनों गिरफ्तार हुए नकली नोट छापने व इसके बाद उन्हें बाजार में चलाने वाले तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सारे मामले की जानकारी गृह मंत्रालय, आईबी इंटेलीजेंस, शासन को भी भेज दी गई है।

## यूपी बोर्ड पेपर लीक मामले में दो पत्रकारों समेत सात और गिरफ्तार, अब तक 24 पकड़े गए



**बलिया।** यूपी बोर्ड 12वीं के अंग्रेजी के पर्चा आउट मामले में दो पत्रकारों सहित सात लोगों को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में अब तक कुल 24 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रकरण में जांच के साथ सख्त कार्रवाई और आरोपियों पर रासुका लगाने का निर्देश दिया है।

पेपर लीक की वजह से कल 24 जिलों में दोपहर की पाली में 12 वीं अंग्रेजी की परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी।पेपर लीक होने की वजह से रद्द की परीक्षा अब 13 अप्रैल को होगी। कल ही बोर्ड ने इस बारे में सूचना जारी कर दी थी। इसके साथ ही बोर्ड ने परीक्षार्थियों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए थे। कल ही इस मामले में बलिया के डीआईओएस को गिरफ्तार कर लिया गया था। कई अन्य संदिग्धों को भी पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की थी। अब तक की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए बलिया रसड़ा के डिप्टी एसपी शिवनारायण व्यास ने बताया कि गुरुवार को इस मामले में सात और लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों में दो स?थानीय दिग्विजय सिंह और मनोज गुप्ता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 24 लोगों को इस सम्बन्ध में गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने इस मामले में बुधवार बलिया शहर कोतवाली, नगरा और सिकंदरपुर में तीन अलग-अलग एफआईआर दर्ज की हैं। यूपी के अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह बलिया के डीएम और एसपी को सूचना मिली थी कि दूसरी पाली का पर्चा आउट हो गया है। बुधवार को ही इस सम्बन्ध में दो आरोपियों को बलिया कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया था। 10 आरोपियों को नगरा और पांच को सिकंदरपुर से गिरफ्तार किया गया है। बलिया के जिला विद्यालय निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा भी गिरफ्तार लोगों में शामिल हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मामले की जांच यूपी एसटीएफ को सौंपी है।

### प्रतापगढ़ से लखनऊ जाते समय हादसा

## मिट्टी लदे डंपर से टकराई कार, चार लोगों की दर्दनाक मौत

एजेंसी

**बाराबंकी ।** बाराबंकी के लोनीकटरा थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। हाथी का पुरवा गांव के पास एक कार और मिट्टी से लदे डंपर की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना बुधवार रात हुई जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चौथे व्यक्ति ने लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में दम तोड़ दिया। कार में सवार सभी लोग प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले थे और लखनऊ जा रहे थे।

प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव ने बताया कि तेज रफ्तार कार गांव के पास डंपर से टकरा गई ।स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार सभी लोगों को बाहर निकालकर हैदरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि चौथे व्यक्ति को लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

मृतकों की पहचान इरशाद खान (30), अबुबकर राइन (32), लुकमान राइन (33) और इमरान (25) के रूप में हुई है।

## यूपी में पहली बार पब्लिक बताएगी कैसा काम रही है पुलिस

एजेंसी

गोरखपुर। पुलिसवालों के काम का अब पब्लिक भी मूल्यांकन करेगी। सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों पर पोल के जरिये पब्लिक यह बताएगी कि उनके इलाके के पुलिसवालों का काम कैसा है? समस्याओं के निस्तारण में पुलिस की कार्यप्रणाली कैसी है? ग्रेडिंग के आधार पर परफार्मेंस तय होगा और नम्बर दिया जाएगा। अच्छा नम्बर मिला तो फिर थानेदारी बचेगी वरना नाकामी का सर्टिफिकेट मिलेगा।

एडीजी गोरखपुर अखिल कुमार ने गोरखपुर जोन स्तर पर ट्रायल के तौर पर इसे एक अप्रैल से लागू किया है। परिणाम अच्छे आए तो इस व्यवस्था को डीजीपी के माध्यम से पूरे प्रदेश में भी लागू किया जा सकता है।

अभी तक पुलिस की परफार्मेंस सालाना, छमाही या हर महीने आने वाली अपराधों की संख्या या फिर बदमाशों के खिलाफ हुई कार्रवाईयों के आधार पर ही तय किया जाता था पर अब इसी के साथ पब्लिक की राय को भी जोड़ दिया गया है। गोरखपुर जोन के 11 जिलों में पुलिस की परफार्मेंस जानने के लिए पब्लिक पोल का भी सहारा लिया जाएगा।

### 1-आईजीआरएस पोर्टल

आईजीआरएस पोर्टल पर जो भी शिकायतें दर्ज होती हैं उसके निस्तारित होने पर उसमें पब्लिक की ओपेनियन भी दर्ज होती है कि वो संतुष्ट है या असंतुष्ट है। जिसका डाटा जोन कार्यालय में आता है। इसके आधार पर ग्रेडिंग होगी।

### 2-ट्वीटर व फेसबुक पोल

एडीजी जिलों की पुलिस के बारे में ट्विटर व फेसबुक पर लोगों की राय जानेंगे। एडीजी जोन व जिले की पुलिस के हैंडल पर पोल का आप्शन दिया जाएगा। जिसमें एक्सीलेंट, गुड, एवरेज व कोई राय नहीं का विकल्प आएगा। जिसपर लोग अपनी राय देंगे जो सीधे एडीजी के पास आएगा। इसमें पोल में भाग लेने वाले की नाम आदि गोपनीय रहेगा। यह हर माह की 1 से 7 तारीख तक चलेगा। इन 7 दिनों के अंत में जो औसत आएगा वही उस जिले का नंबर होगा।

### 3-डिजिटल प्लेटफार्म के अन्य माध्यम से पोल

वहीं इस पोल को डिजिटल प्लेटफार्म के अन्य माध्यम जैसे व्हाटसएप ग्रुपों व बीट पुलिसकर्मियों के व्हाटसएप ग्रुप पर लिंक डालकर पोल कराया जाएगा।

वहीं अखबारों व सोशल मीडिया न्यूज एप में क्यूआर कोड के जरिए भी पोल कराया जाएगा।

## शार्ट न्यूज

### शक्कर में खरीदी, नारियल महंगा, खाद्य तेलों में नरमी, दलहन मजबूत, दाल- चावल में पूछपरख

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में लिवाली रही। नारियल महंगा बिका। खाद्य तेलों में गिरावट हुई। आज सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। दलहन में तेजी की रंगत रही। वहीं मसूर महंगी बिकी। दालों में ग्राहकी बताई गई। चावल में उठाव सुधार लिए रहा। शक्कर में उठाव रहा। आज शक्कर में कामकाज 3490 से 3540 रुपये के स्तर पर चला। शक्कर में 08 गाड़ी आवक हुई। नारियल में लिवाली रही इससे भाव ऊंचे रहे। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव रहा। साबूदाना में लिवाली बताई गई। खाद्य तेल में गिरावट दर्ज की गई। आज सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। तिलहन में सोयाबीन में प्लान्टो की लिवाली रही। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में आज दलहन नरमी लिए रहे। आज मसूर ऊंची बिकी। दालों में लिवाली से भाव मजबूत बने रहे। चावल में खरीदी सुधार लिए रही।

### लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें यथावत

**नयी दिल्ली।** सरकार ने राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र, किसान विकास पत्र, सुकन्या समृद्धि योजना जैसी लघु बचत योजनाओं के लिए अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में ब्याज दरों को यथावत रखने का निर्णय लिया है। इस संबंध में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी कार्यालयीन परिपत्र में कहा गया है कि एक अप्रैल 2022 से 30 जून 2022 तक की पहली तिमाही में लघु ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। जो दरें वित्त वर्ष 2021-22 की अंतिम तिमाही में रही वहीं दरें अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यथावत रहेगी। इस संबंध में रिजर्व बैंक सहित सभी संबंधित पक्षों को जानकारी दे दी गयी है।

### रुपया 16 पैसे मजबूत

**मुंबई।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर पड़ने के साथ घरेलू स्तर पर बैंकों और डीलरों द्वारा अमेरिकी मुद्रा की बिकवाली किये जाने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 16 पैसे उछलकर 75.74 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। पिछले सत्र में रुपया 75.90 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज 23 पैसे की मजबूती के साथ 75.67 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह 75.83 रुपये प्रति डॉलर के निचले और 75.66 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस की तुलना में 16 पैसे चढ़कर 75.74 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।


### वेदांतु ने डब्ल्यूएवीई 2.0 किया लॉन्च

**नयी दिल्ली।** लाइव ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफार्म वेदांतु ने आज इंटरैक्टिव और प्रभावी क्लासरूम व्हाइटबोर्ड ऑडियो वीडियो एनवायरनमेंट (डब्ल्यूएवीई) 2.0 को लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इस पेटेंट तकनीक, लर्निंग के अनुभव और प्रदर्शन की पहचान को एक नए स्तर पर फिर से परिभाषित करेगी। लर्निंग प्लेटफॉर्म का 2.0 संस्करण, हर बच्चे को प्रेरित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ बनाने तथा भारत में शिक्षा को एक नए पैमाने पर ले जाने की कल्पना करता है। डब्ल्यूएवीई की शक्ति छात्र जुड़ाव, शिक्षण प्रभावशीलता और लर्निंग के परिणामों को मापने के लिए एमआई /एमएल का उपयोग करके रियल टाइम में 100 से अधिक मापदंडों को मापने की अपनी अभूतपूर्व क्षमता में है। यह तकनीक चेहरे की पहचान, सामग्री, व्हाइटबोर्ड उपयोग विश्लेषण, वर्बल इंटरेक्शन विश्लेषण, संदेह विश्लेषण, स्वर और भावना विश्लेषण, और बहुत से अन्य तरीकों के माध्यम से सटीक उत्तर प्रदान करती है। अकल्पनीय पैमाने पर प्रौद्योगिकी और पर्सनलाइजेशन के आगमन के साथ छात्र आज अध्ययन विधियों के साथ बेहतर तरीके से जुड़ते हैं जो मज़ेदार, इंटरैक्टिव और रेवार्डिंग हैं। डब्ल्यूएवीई 2.0 प्रत्येक बच्चे के लिए व्यक्तिगत शिक्षण, लर्निंग और पहचान लाता है, यह 10गुना अधिक आकर्षक, प्रभावी, प्रेडिक्टेबल है और लाखों छात्रों के लिए एक बहुत छोटी सी कीमत पर लर्निंग के लिए डिज़ाइन किया गया। उन्नत एआई/एमएल प्रौद्योगिकी के एकीकरण के साथ, वेदांतु ऑनलाइन शिक्षा के भविष्य के लिए मानक स्थापित कर रहा है। इस प्लेटफार्म के यूजर एक्सपीरियंस का उद्देश्य सभी छात्रों की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करना है। वेदांतु के सीईओ और सह-संस्थापक वामसी कृष्णा ने कहा, हम अपनी पेटेंट तकनीक के साथ छात्रों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपनी स्थापना के बाद से डब्ल्यूएवीई का उपयोग 4000 से अधिक शिक्षकों द्वारा 2/4 करोड़ छात्रों को 7 करोड़ घंटों तक पढ़ाने के लिए किया गया है। ये छात्र 7300 से अधिक शहरों और कस्बों से थे, जो कि भारत के कुल शहरों और कस्बों का लगभग 92 प्रतिशत है। डब्ल्यूएवीई 2.0 के साथ, हम एक ऐसा लर्निंग एक्सपीरियंस बनाना चाहते हैं जो जिज्ञासा जगाए और हर छात्र को पूरी लर्निंग की प्रक्रिया में और अधिक तल्लीन कर दे। हम एक ऐसी पेशकश का आविष्कार करने के लिए उत्साहित हैं जो शिक्षा की सीमाओं को आगे की ओर बढ़ा रही है और भारत में शिक्षा क्षेत्र में मौजूदा चुनौतियों का समाधान कर रही है। भौगोलिक सीमाओं के बावजूद, हमारा लक्ष्य पूरे देश में बच्चों के लिए बड़े पैमाने पर एजुकेशन प्रदान करना है।

### ओरिफ्लेम ने पेश किया एसेंशियल ऑयल का मिश्रण

**नयी दिल्ली।** स्वीडिश ब्यूटी उत्पाद कंपनी ओरिफ्लेम ने माइंड एंड मूड के साथ एसेंशियल ऑयल के बाजार में कदम रखा है। कंपनी ने आज यहां कहा कि यह ब्रांड सुंदरता की और व्यापक परिभाषा को मानता है, इसलिये यह सिर्फ अच्छा दिखने से परे है। ओरिफ्लेम के अनुसार सुंदर होने का अर्थ है अच्छा दिखना और अच्छा महसूस करना, बाहर से भी और अंदर से भी। उसने कहा कि आज के समय में सेहत का मतलब सिर्फ शारीरिक तंदुरुस्ती नहीं, बल्कि भावनात्मक स्वास्थ्य भी है। बड़े पैमाने पर अब लोग अपनी भावनात्मक सेहत का ध्यान रखने लगे हैं। चूंकि, हमारा व्यवहार, प्रतिक्रिया, निर्णय और मूड के पीछे भावनाएं ही सबसे बड़ी ताकत के रूप में काम करती हैं। इसलिये अपनी भावनानत्मक सेहत का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। ओरिफ्लेम के माइंड एंड मूड एसेंशियल ऑयल ब्लेंड्स 100 प्रतिशत प्राकृतिक और सावधानी से सोर्स किए गए हैं, जिन्हें भावनात्मक सेहत के लिये तैयार किया गया है। ये चार संस्करण एनर्जाइज मी, एम्पावर मी, बैलेंस मी और रिलैक्स मी में उपलब्ध है।

### महंगाई की मार, दिल्ली में 80 प्रति लीटर महंगा हुआ पेट्रोल-डीजल



नयी दिल्ली। देश में तेल विपणन करने वाली कंपनियों ने गुरुवार को लगातार सातवें दिन पेट्रोल और डीजल के दाम वृद्धि की। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल-डीजल के दामों में क्रमश- 80-80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुयी है। इस वृद्धि के बाद दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 101.81 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 93.07 रुपये प्रति लीटर हो गया है। राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को पेट्रोल की कीमत 101.01 रुपये और डीजल 92.27 रुपये प्रति लीटर थी। मुंबई में पेट्रोल-डीजल के दामों में 84 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गयी, जिससे यहां पेट्रोल की कीमत बढ़कर 116.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 100.94 रुपये प्रति लीटर हो गया है। तेल कंपनियां बीते दस दिनों में अब तक पेट्रोल-डीजल की कीमतें नौ बार बढ़ा चुकी हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिनों की स्थिरता के बाद बढ़नी शुरू हुई हैं। रूस के यूक्रेन पर हमला करने के कारण वैश्विक स्तर पर तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित होने की आशंका में इनकी कीमतों में उछाल आया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढाव देखने को मिल रहा है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 4.54 प्रतिशत गिरकर 108.30 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 5.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.89 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की नित्य प्रतिदिन समीक्षा होती है और उसके आधार पर प्रतिदिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

# सस्ती उड़ानों में हिस्सा बढ़ाने की तैयारी में टाटा

नयी दिल्ली। टाटा समूह सस्ती उड़ानों के बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की योजना पर काम कर रहा है और इसके तहत समूह की एयरलाइन एयर एशिया इंडिया को हाल में अधिग्रहित एयर इंडिया एक्सप्रेस में मिलाया जा सकता है।

एयरलाइन उद्योग के सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसके साथ ही एयर इंडिया की क्षमता का एक हिस्सा सस्ती उड़ानों के क्षेत्र में लगाने की भी योजना है।

सूत्रों के अनुसार मौटे तौर पर रणनीति यह है कि एयर इंडिया की पूर्ण-सुविधा वाली उड़ाने दिल्ली-मुंबई और चेन्नई-मुंबई जैसे प्रमुख मार्गों पर रखी जाएं तथा अन्य मार्गों पर समूह की किफायती सेवा उड़ानें परिचालित की जाएं।

सस्ती उड़ानों के बाजार में समूह की सक्रियता बढ़ने से इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी बजट-उड़ान सेवा कंपनियों पर दबाव बढ़ सकता है।

सूत्र ने कहा, ''एयर इंडिया एक्सप्रेस में एयर एशिया इंडिया के पूर्ण विलय में अभी कुछ समय लग सकता है, लेकिन टाटा समूह के तहत एयर इंडिया के नए प्रबंध-तंत्र ने सिद्धांत के तौर पर यह तय कर लिया है कि पूर्ण सुविधा वाली उड़ान सेवाएं प्रमुख मार्गों तक ही सीमित रखी जाएंगी।

उनका कहना है कि एयर इंडिया अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर अपनी सेवाओं को मजबूत करने का अभियान जारी रखेगी।

इस संदर्भ में टाटा समूह को भेजे गए सवाल पर कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुयी है। टाटा समूह एयर इंडिया और उसकी अनुषंगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस को खरीदने के बाद इस एयरलाइन को घाटे से उभारने की रणनीति पर काम कर रही है। उड्डयन उद्योग के एक विशेषज्ञ ने कहा कि एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ एयर एशिया इंडिया का विलय और घरेलू मार्गों पर सस्ती उड़ानों में बढोतरी करने का समूह का फैसला एक तार्किक कदम हो सकता है। बीते कुछ सालों में सस्ती उड़ानों



की तरफ ग्राहकों का झुकाव बढ़ने के मद्देनजर देश में सस्ती उड़ानों के बाजार में बड़ी तेजी से विस्तार दिखा है। टाटा समूह की एयर लाइन विस्तारा और एयर इंडिया पूर्ण सुविधा वाली एयर लाइन हैं। घरेलू विमान यात्रा बाजार में उनका सम्मिलित हिस्सा 21 प्रतिशत है।

बाकी के बाजार में सस्ती सेवाएं देने वाली इंडिगो, स्पाइसजेट और गो फर्स्ट बाजार में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। पूर्ण सुविधा वाली एयरलाइन कंपनियां मुख्य तौर पर यात्रियों को उड़ान के दौरान मनोरंजन, चेक-इन सामान और पसंद के खान-पान सुविधा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराती है। पर उनके किरा महंगे होते हैं। कम किराए वाली एयरलाइनों में यात्रा के दौरान यात्रियों को कोई अतिरिक्त सुविधा नहीं दी जाती।

क्लब वन एयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और भारत में कतर एयरवेज के पूर्व मुख्य राजन मेहरा ने कहा, मुझे लगता है कि टाटा अपनी एयरलाइन विस्तार को पूर्ण सेवा श्रेणी की एयरलाइन में स्थापित करने जा रहा है। विस्तारा अब अपनी गतिविधियों में सुधार कर रही है। विस्तार का भोजन और उसकी सेवाएं सुधरी है। वे खूब विज्ञापन भी कर रहे हैं। मेरे हिसाब से विस्तार पूर्ण सेवा और एयर इंडिया घरेलू बाजार में सस्ती उड़ानों के बाजार में विस्तार करने का सोच रही है।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रथम श्रेणी की सुविधाओं के साथ एयर इंडिया एक अच्छी पूर्ण सेवा के क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने की रणनीति अपना सकती है।

उन्होंने कहा, मेरे मुताबिक भविष्य में यह एयरलाइन बड़े और लंबी दूरी की उड़ानों के लिए उपयुक्त विमान खरीदेंगे और पूर्ण रूप से अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करेंगे। घरेलू स्तर पर पूर्ण सेवा के लिए विस्तारा और सस्ती उड़ानों के क्षेत्र एयर इंडिया एक्सप्रेस एवं एयर एशिया इंडिया को काम में लिया जाएगा। यह आगे के लिए उनकी रणनीति हो सकती हैं।

घरेलू बाजार में टाटा समूह की सभी एयरलाइनों में हिस्सेदारी में तेजी दिखी है। बाजार में जनवरी के मुकाबले हिस्सेदारी फरवरी में बढ़कर 10.2 प्रतिशत से 11.1 प्रतिशत हो गयी है।

टाटा समूह ने एयर इंडिया और उसकी अनुषंगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस को सरकार के निजीकरण कार्यक्रम के तहत खुली नीलामी प्रक्रिया में खरीदा है और गत 27 जनवरी को इनका नियंत्रण टाटा समूह के हाथ में आ गया है।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, टाटा समूह की अन्य एयरलाइंस विस्तार और एयर एशिया इंडिया की बाजार हिस्सेदारी जनवरी में 4.6 फीसदी और 7.5 फीसदी से बढ़कर फरवरी में क्रमश-5.8 फीसदी और 9.7 फीसदी हो गई है। इस अवधि के दौरान देश की सबसे बड़ी वाहक कंपनी इंडिगो की हिस्सेदारी जनवरी में 55.5 फीसदी से गिरकर 51.3 फीसदी रह गयी।

विमानन उद्योग के सूत्रों ने बताया कि घरेलू स्तर पर एयर इंडिया में अभी कुछ खास नहीं बदला है। पूर्णकालिक सीईओ की नियुक्ति के बाद ही इसमें बड़ा फर्क दिख सकता है। एक विमानन अनुभवी ने कहा।'

# शेयर बाजार में तेजी पर लगा ब्रेक, सेंसेक्स निफ्टी गिरावट में

मुंबई। वैश्विक तर से मिले नाकरात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर हेल्थकेयर, आईटी, टेक, वित्त, एनर्जी और बेसिक मटेरियल्स जैसे समूहों में हुयी बिकवाली के कारण शेयर बाजार में जारी तेजी पर ब्रेक लग गया और इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में 0.20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 115.48 अंक टूटकर 58568.50 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 33.50 प्रतिशत गिरकर 17464.75 अंक पर रहा। बीएसई में दिग्गज कंपनियों में जहां बिकवाली हुयी वहीं छोटी और मझौली कंपनियों में लिवाली का जोर रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 0.29 प्रतिशत बढ़कर 24107.97 अंक पर और स्मॉलकैप 0.31 प्रतिशत उठकर 28215.65 अंक पर रहा।

बीएसई में कुल 3507 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1896 गिरावट




में और 1500 बढ़त में रही जबकि 111 में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई में शामिल समूहों में से अधिकांश प्रमुख समूह हरे निशान में रहे जिसमें टेलीकॉम 1.90 प्रतिशत, एफएमसीजी 1.12 प्रतिशत और पावर 0.88 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। गिरावट में रहने वालों में हेल्थकेयर 0.98 प्रतिशत, आईटी 0.33 प्रतिशत, धातु 0.43 प्रतिशत, टेक 0.18 प्रतिशत, एनर्जी 0.09 प्रतिशत, बेसिक मटेरियल्स 0.06 प्रतिशत और वित्त 0.01 प्रतिशत शामिल है।

वैश्विक स्तर पर लगभग सभी प्रमुख सूचकांक गिरावट में रहे। इसमें हांगकांग का हैंगसेंग 1.06 प्रतिशत, जापान का निक्केई 0.73 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.35 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.44 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.23 प्रतिशत शामिल है। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 96 अंकों की तेजी के साथ 58779.71 अंक पर खुला। सत्र के दौरान उतार चढ़ाव जारी रहा और इस दौरान यह 58890.92 अंक के उच्चतम और 58485.79 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 58683.99 अंक की तुलना में 115.48 अंक अर्थात 0.20 प्रतिशत गिरकर 58568.50 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से 15 बढ़त में और 15 गिरावट में रही।

एनएसई का निफ्टी 21 अंकों की बढत के साथ 17519.20 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 17559.80 अंक के उच्चतम और 17435.20 अंक के निचले स्तर के बीच रहा।

अंत में यह पिछले दिवस के 17498.25 अंक की तुलना में 33.50 अंक अर्थात 0.19 प्रतिशत उतरकर 17464.75 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल कंपनियों में से 20 बढ़त में और 30 गिरावट में रही।

## ऊषा इंटरनेशनल की जापानी कंपनी जैनोम के साथ साझेदारी



नयी दिल्ली। कंज्यूमर ड्यूरेबल्स कंपनी और सिलाई मशीन बनाने वाली ऊषा इंटरनेशनल ने आज जापान की सिलाई मशीन कंपनी जैनोम कॉर्पोरेशन के साथ अपने सहयोग को अगले 20 वर्षों के लिये बढ़ाने की घोषणा की है।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह अनुबंध टेक्नोलॉजिकली एडवांस्ड सिलाई मशीनों की पेशकश के द्वारा मौजूदा और नये जमाने के ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करते हुए बाजार को और भी बड़ा बनाने के लिये कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर देता है।

भारत में सिलाई मशीन कैटेगरी के लिये वृद्धि की अपार संभावना है और ऊषा फुली ऑटोमैटिक सिलाई मशीनों के इस व्यवसाय में वृद्धि का नेतृत्व करने का लक्ष्य रखती है और कंपनी को अगले 10-15 सालों में इस व्यावसाय के दोगुना होने की उम्मीद है।

जैनोम कॉर्पोरेशन के साथ ऊषा की भागीदारी 1993 में शुरू हुई थी, जब उसने पहली बार भारत में जैनोम की मशीनों का विपणन आरंभ किया था। आज इस कैटेगरी के बाजार में 65 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ कंपनी को गर्व है कि उसने भारत में फुली ऑटोमैटिक सिलाई मशीनों का बाजार विकसित किया है।

उपयोगकर्ता के लिये अनुकूल ऊषा जैनोम सिलाई मशीनें भारत के सिलाई प्रेमियों को काफी पसंद आई हैं, क्योंकि उनकी गुणवत्ता उन्नत है और वे सभी आयु समूहों के लिये सिलाई के अत्याधुनिक अनुभव की पेशकश करती हैं, जिससे ग्राहकों के साथ इस ब्राण्ड का रिश्ता और मजबूत हो जाता है। जापानी टेक्नोलॉजी में नवाचारों और प्रीमियम फीचर्स की पेश करती हुईं ये सिलाई मशीनें सिलाई का पूरा अनुभव शानदार और उन्नत बना देती हैं।

## यह भारत में निवेश का है सही समय: गोयल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले एवं खाद्य तथा सार्वजनिक वितरण और कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत आज जिस प्रकार से लागत तथा भरोसे का लाभ प्रस्तुत कर रहा है, उसे देखते हुए यह देश में निवेश करने का सही समय है। गोयल ने दुबई में एक्सपो 2020 के भारत सम्मान दिवस समारोह के अवसर कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के निवेशकों को भारत की व्यवसाय अनुकूल नीतियों तथा देश में विदेशी कंपनियों के लिए अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। एक्सपो 2020, दुबई के सबसे बड़े तथा सर्वाधिक प्रतिष्ठित मंडपों में से एक भारत पैवेलियन का उद्घाटन श्री गोयल ने गत वर्ष पहली अक्टूबर को किया था। इस मंडम में अब तक 16 लाख से अधिक दर्शक आ चुके हैं।

यह एक्सपो 31 मार्च को संपन्न हो रही है। गोयल ने कहा कि नया भारत निडर और आत्म-विश्वास से भरपूर है जहां हम प्रत्येक भारतीय की समृद्धि देखना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, '' अगले 25 वर्षों में भारत एक मजबूत और समावेशी देश का प्रतीक होगा।''

## पहली तिमाही के नयी आवासीय परियोजनाओं में हुयी बढोतरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आवासीय रियल एस्टेट सेगमेंट में वर्ष 2022 के पहले तीन महीनों में और वृद्धि देखी गई है और इस दौरान देश के आठ प्रमुख शहरों में फ्लैटों की कीमतों में बढोतरी दर्ज की गयी है। इसमें होम लोन पर ब्याज दरों के निचले स्तर पर होने और सरकार द्वारा प्रायोजित सब्सिडी योजनाओं ने उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित किया है।

आरईए इंडिया के स्वामित्व वाली ऑनलाइन रियल एस्टेट की प्रमुख फर्म प्रॉपटाइगर डॉटकॉम की रिपोर्ट के अनुसार घर की बिक्री और नए लॉन्च की संख्या ने जनवरी से मार्च, 2022 के बीच की अवधि में साल-दर-साल वृद्धि हुयी है। पहली तिमाही में 70,623 इकाइयां बेची गईं जो पिछले वर्ष की समान अवधि में बेची गयी 66,176 इकाइयों की तुलना में सात प्रतिशत अधिक है। इसी अवधि में नयी परियोजनाओं के लाँच में 50 प्रतिशत की सालाना वृद्धि हुई जो नई आपूर्ति के मामले में सुधार काफी अधिक है। वर्ष 2021 की पहली तिमाही में 53,037 इकाइयों की तुलना में चालू वर्ष की पहली तिमाही में कुल 79,532 इकाइयाँ लॉन्च की गईं।

रियल इनसाइट रेजिडेंशियल - जनवरी-मार्च 2022 नाम जारी इस तिमाही रिपोर्ट में शामिल बाजारों में अहमदाबाद, बेंगलुरू , चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई महानगर क्षेत्र, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और पुणे शामिल हैं। पहली तिमाही में 45-75 लाख रुपये की कीमत वाली आवासीय इकाइयों की मांग सबसे अधिक थी। मुंबई और पुणे की आवास बिक्री में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी थी, इनकी कुल बिक्री में संयुक्त हिस्सेदारी 56 प्रतिशत रही।

मुंबई महानगर क्षेत्र के बाजार ने 31 मार्च की समाप्त तिमाही में नई आपूर्ति के मामले में भारी उछाल आया, जो कि वर्ष-दर-वर्ष 246 प्रतिशत अधिक है। इस बाजार द्वारा शानदार प्रदर्शन मुख्य रूप से इस पैरामीटर पर आवास बाजार के समग्र अच्छे प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार था क्योंकि विश्लेषण में शामिल आठ बाजारों में से चार ने नए लॉन्च में कमी दिखी। मार्च तिमाही के दौरान जिन शहरों में नए लॉन्च में गिरावट देखी गई, उनमें अहमदाबाद, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर और कोलकाता शामिल हैं।

तिमाही के दौरान घरों के मूल्य वृद्धि में भी तेजी आई। विश्लेषण में शामिल प्रत्येक बाजार में नई संपत्तियों की औसत दरें ऊपर की ओर बढ़ती दिख रही है। दरों में इस वृद्धि का अधिकांश कारण भवन निर्माण सामग्री की कीमतों में वृद्धि को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। संपत्ति की कीमतों में सबसे तेज वृद्धि चेन्नई में दर्ज की गई थी, जहां पिछले एक साल में संपत्तियों की औसत दर में 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मूल्य वृद्धि के मामले में पुणे और अहमदाबाद ने इस दक्षिणी बाजार का अनुसरण किया। दोनों ही बाजारों में उनकी औसत संपत्ति दरों में 8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

## आधार से नहीं जोड़ने पर बंद पैन को शुरू करने के लिए चुकाना होगा जुर्माना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** स्थायी खाता संख्या (पैन) को आधार से जोड़ने पर विफल रहने वालों का पैन पर रोक लगा दी जायेगी और इसको शुरू करने के लिए निर्धारित जुर्मान चुकाना होगा जो पहले तीन महीने के लिए 500 रुपये और उसके बाद एक हजार रुपये होगा।

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अनुसार आयकर अधिनियम 1961 की धारा 234एच के तहत शुल्क निर्धारित करने के लिए आयकर नियम, 1962 के प्रावधानों में संशोधन किया गया है। पैन को आधार से जोड़ने का आज अंतिम दिन है और अब तक इस तिथि में बढोतरी के बारे में जानकारी नहीं दी गयी है।

आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के तहत प्रत्येक व्यक्ति जिसे 1 जुलाई, 2017 तक 'पैन' आवंटित किया गया है और जो 'आधार नंबर' प्राप्त करने का पात्र है उसके लिए 31 मार्च, 2022 को या उससे पहले निर्धारित प्राधिकारी या प्राधिकरण को अपने आधार नंबर के बारे में सूचित करना आवश्यक है। ऐसा करने में विफल रहने पर उस व्यक्ति के पैन को निष्क्रिय कर दिया जाएगा और ऐसी सभी प्रक्रियाएं जिनमें 'पैन' की आवश्यकता होती है, उन पर रोक लगा दी जाएगी।

पैन को फिर से तभी चालू किया जा सकता है जब उस व्यक्ति द्वारा निर्धारित शुल्क के भुगतान के बाद निर्धारित प्राधिकरण को आधार नंबर के बारे में सूचित कर दिया जाएगा।

करदाताओं को 31 मार्च, 2023 तक निर्धारित प्राधिकारी को अपने आधार नंबर के बारे में सूचित करने का अवसर प्रदान किया गया है, ताकि स्वयं पर बिना कोई व्यापक प्रतिकूल प्रभाव पड़े ही वे आधार नंबर और पैन को आपस में लिंक करा सकें। इसके परिणामस्वरूप करदाताओं को अपने आधार नंबर के बारे में निर्धारित प्राधिकारी को सूचित करते समय बतौर शुल्क 1 अप्रैल, 2022 से तीन महीने तक 500 रुपये और उसके बाद 1000 रुपये देने होंगे।

हालांकि, 31 मार्च 2023 तक उन करदाताओं, जिन्होंने अपने आधार नंबर के बारे में निर्धारित प्राधिकारी को सूचित नहीं किया है, का पैन इस अधिनियम के तहत आवश्यक समस्त प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए इस्तेमाल में लाया जा सकेगा। अपनी आय से संबंधित टैक्स रिटर्न भरना, रिफंड की प्रोसेसिंग, इत्यादि इन प्रक्रियाओं में शामिल हैं।

31 मार्च, 2023 के बाद उन करदाताओं का पैन निष्क्रिय हो जाएगा, जो पहले से ही तय आवश्यकता के अनुसार अपने आधार नंबर के बारे में निर्धारित प्राधिकारी को सूचित करने में विफल रहते हैं, और इसके साथ ही अपने आधार नंबर को प्रस्तुत नहीं करने, सूचित नहीं करने या उद्धृत नहीं करने के कारण इस अधिनियम के तहत निर्धारित समस्त सख्ती इस तरह के करदाताओं पर लागू होंगी।

## ऑटोमोबाइल कंपनी के यहां से1.35 करोड़ की नकदी जब्त, तीन करोड़ के आभूषणों पर अस्थायी रोक

नयी दिल्ली। आयकर विभाग द्वारा दिल्ली एनसीआर में कार्यरत एक प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी के यहां की गयी छापेमारी में 1.35 करोड़ रुपये की अघोषित नकदी जब्त होने के साथ ही तीन करोड़ रुपये के आभूषणों पर अस्थायी रोग लगा दी गयी और अब तक हुयी जांच में 800 करोड़ रुपये गलत तरीके से व्यय करने का पता चला है।

विभाग ने आज यहां जारी बयान में कहा कि गत 23 मार्च को दिल्ली एनसीआर की एक प्रमुख ऑटोमोबाइल समूह के यहां छापेमारी की गयी जो रियल एस्टेट के साथ ही चार्टर्ड विमान परिचालन के क्षेत्र में भी कार्यरत है। विभाग दिल्ली एनसीआर में एक साथ 35 परिसरों में छापेमारी की थी।

तलाशी में दौरान कई तरह के दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य बरामद किये गये जिससे कारोबार के उद्देश्य से व्यय दिखाये गये हैं लेकिन इसके लिए पूर्ण साक्ष्य नहीं है। इसके तरह के आठ सौ करोड़ रुपये से अधिक के व्यय है




जो एक विशेष इवेंट मैनेजमेंट कंपनी से ली गयी सेवाओं के लिए भुगतान दिखा गया है। इस तरह से इस कंपनी ने धनराशि का गबन किया है जो आयकर कानून के प्रावधानों के अनुसार गैर कारोबारी उद्देश्य से व्यय के दावे को पुख्ता नहीं करते हैं।

जांच के दौरान पता चला है कि दिल्ली में कई काजगी कंपनियों से 10 एकड भूमि खरीदी गयी है। इस तरह के लेनदेन में 60 करोड़ रुपये के लेनदेन शामिल है।

इस भूमि सौदे का असली लाभार्थी संबंधित ऑटोमोबाइल समूह के प्रमुख व्यक्ति हैं। इस सौदे को पूरा करने वालों से पूछताछ में स्वीकार किया है कि इस भूमि सौदे में अधिकांश नकदी में लेनदेन हुयी।

तलाशी के दौरान यह भी पता चला है कि समूह की रियल एस्टेट इकाई ने विभिन्न परियोजनाओं की बिक्री में नकदी में लेनदेन हुयी है।

समूह के चार्टर्ड विमान के परिचालन में भी फर्जी बुकिंग किये जाने और इस तरह से 50 करोड़ रुपये की आय दिखाये जाने के प्रमाण मिले हैं।

उल्लेखनीय है कि दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी हीरो मोटोकॉर्प के प्रमुख पवन मुंजाल के यहां हाल ही में विभाग ने छापेमारी की थी।

## शार्ट न्यूज

### मैं आईपीएल नीलामी में नाम देना चाहता था लेकिन ऐसा नहीं कर सका : करेन

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स की राजस्थान रॉयल्स के ख़िलाफ़ पिछले अक्तूबर के आईपीएल में हार के दौरान जब सैम करेन की पीठ में दर्द हुआ तो उन्हें लगा यह कोई ख़ास चिंता की बात नहीं होगी। लगभग छह महीने बाद करेन लंदन के ओवल मैदान पर अपने छोटे करियर के सबसे निराशाजनक अंश पर चिंतन कर रहे थे। एक शुरुआती परीक्षण से पता चला कि वह टी20 विश्व कप से तो बाहर हो गए हैं। दूसरे स्कैन ने पुष्टि की कि उनके पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ़्रैक्चर हो गया था। इससे उनका एशेज़ का हिस्सा होना भी असंभव लगने लगा। उन्हें उम्मीद थी कि वह आईपीएल का हिस्सा ज़रूर होंगे लेकिन उन्हें नीलामी में अपना नाम ना जोड़ने की सलाह मिली। अब वह अगले हफ़्ते सरे के लिए वॉरविकशायर के विरुद्ध काउंटी चैंपियनशिप में एक नए अवतार में नज़र आएंगे, बतौर विशेषज्ञ बल्लेबाज़। करन ने क्रिकइंफो से कहा, %इससे पहले मैं कभी गंभीर तरह से चोटिल नहीं हुआ था। यह मेरे लिए ख़ासा मुश्किल था क्योंकि एक क्रिकेटर के जीवन में विश्व कप और ऑस्ट्रेलिया में एशेज़ सीरीज़ दो सबसे बड़े टूर्नामेंट हो सकते हैं। उन्होंने कहा,पहले दो महीनों में मैंने कुछ ख़ास नहीं किया क्योंकि मुझे विश्राम की ज़रूरत थी। मैंने कुछ दिन मेक्सिको में छुट्टियां भी मनाईं और गेम से दूर रहा। मुझे स्कूल छोड़ने के बाद पिछले छह वर्षों में ज़्यादा सोचने या आराम करने का कोई मौक़ा नहीं मिला है। तो यह अनुभव अच्छा था। हालांकि पिछले दो महीनों से मैं खेलने के लिए बेताब हूं। इतने ठंड के मौसम में अजीब लग रहा है कि पहला मैच बस एक हफ़्ते बाद है। मैं पिच पर लौटना चाहता हूं, फ़िट रहना चाहता हूं और फिर एक अच्छा सीज़न खेलना चाहता हूं।

### कोलकाता को पंजाब से रहना होगा सतर्क

**मुम्बई।** कोलकाता नाईट राइडर्स (केकेआर) को कल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से आखिरी ओवर में मिली हार के बाद शुक्रवार को होने वाले आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स से सतर्क रहना होगा। कोलकाता ने अपने दो मैचों में से एक जीता है जबकि पंजाब की टीम पहला मैच जीतने के बाद लगातार दूसरी जीत के इरादे से उतरेगी। कोलकाता ने बेंगलुरु के खिलाफ डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में रणनीतिक चूक की थी जिससे उसके पास आखिरी दो ओवर में गेंदबाज नहीं रह गए थे। 19 वें ओवर में हर्षल पटेल ने वेंकटेश अय्यर की गेंदों पर दो चौके मारे जबकि आखिरी ओवर में दिनेश कार्तिक ने आंद्रे रसेल पर छक्का-चौका मारकर मैच ही समाप्त कर दिया। केकेआर के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने पिच को लेकर कहा कि इस पिच पर स्पंजी टेनिस बॉल जैसी उछाल थी, जिससे बल्लेबाज़ों के लिए अपनी मर्ज़ी के मुताबिक शॉट खेलना काफ़ी मुश्किल सिद्ध हो रहा था। ऐसी परिस्थिति होने के बावजूद केकेआर के दस में से आठ बल्लेबाज़ बड़े शॉट लगाने के चक्कर में, गेंद को सीमारेखा के बाहर पहुंचाने के प्रयास में आउट हो गए। वह भी तब स्कोर बोर्ड साफ़ तौर पर इस ओर इशारा कर रहा था कि अगर उन्होंने अपना इरादा नहीं बदला तो पूरी टीम सस्ते में ही सिमट जाएगी। पंजाब की टीम इस मुकाबले में एक बार फिर अपने आक्रामक बल्लेबाजों पर भरोसा करेगी जिन्होंने अपनी टीम के पहले मैच में बेंगलुरु के खिलाफ 206 रन के लक्ष्य को 19 ओवर में हासिल कर लिया था। शाहरुख़ खान और ओडीन स्मिथ ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए नाबाद 24 और नाबाद 25 रन बनाकर जीत अपने नाम की। दोनों बल्लेबाजों ने कुल पांच छक्के मारे और बेंगलूर के गेंदबाजों को हतप्रभ कर दिया।

### मुंबई के प्रथम श्रेणी खिलाड़ी राहुल मांकड का 66 साल की उम्र में निधन

**मुम्बई।** मुंबई के पूर्व प्रथम श्रेणी खिलाड़ी और दिग्गज भारतीय हरफ़नमौला वीनू मांकड के बेटे राहुल मांकड का 66 साल की उम्र में लंदन में निधन हो गया। वह कुछ समय से बीमार थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज़ राहुल ने 1972 से 1985 के बीच 47 प्रथम श्रेणी मैच खेले और 2111 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 162 रन था। उनके नाम पांच शतक और 12 अर्धशतक दर्ज है। उनके भाई अशोक मांकड और अतुल मांकड भी प्रथम श्रेणी क्रिकेटर थे। जहां अशोक ने बाद में भारत का भी प्रतिनिधित्व किया, वहीं अतुल ने सौराष्ट्र के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला। मुंबई के पूर्व बल्लेबाज़ शिशिर हट्टंगड़ी ने राहुल के लिए फ़ेसबुक पर श्रंद्धाजलि लिखी। वहीं पूर्व भारतीय तेज़ गेंदबाज़ टीए सेकर ने ट्वीट करते हुए लिखा कि उनके निधन का ख़बर पाकर स्तब्ध हूं। वह एक क्रिकेटिंग परिवार से ताल्लुक रखते थे और एक बेहतरीन क्रिकेटर के साथ एक अच्छे इंसान भी थे।

### बेंगलुरु के खिलाफ रोमांचक मैच आगामी मैचों में हमारी मानसिकता को दर्शाएगा : अय्यर

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ बुधवार को यहां रोमांचक आईपीएल मैच में हार के बाद उन्हें सच में यह मैच रोमांचक लगा। श्रेयस ने कहा, मैदान पर जाने से पहले मैंने अपने खिलाड़ियों से बात की थी और उन्हें बताया था कि यह मैच मैदान पर हमारे चरित्र और रवैये को परिभाषित करने वाला है, चाहे हम स्कोर डिफेंड कर पाएं या नहीं। हम जिस तरह से मैदान पर लड़ाई लड़ेंगे, वह अगले कुछ मैचों में हमारी मानसिकता को दर्शाएगा। जिस तरह से हमने इस मैच को खेला और उसे आखिरी ओवर तक ले गए, उस पर मुझे सच में गर्व है। केकेआर के कप्तान ने कहा, उस समय यह सच में मुश्किल था, क्योंकि मैं अपने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों को उपलब्ध रखना चाहता था और कुछ विकेट जल्दी हासिल करना चाहता था, लेकिन यह काम नहीं किया। बेंगलुरु के बल्लेबाजों की सराहना करता हूं। वे बीच के ओवरों में अच्छा खेले। उन्होंने सबसे मुश्किल दौर को जल्द से जल्द निकाल लिया। अंत में मैंने वेंकटेश अय्यर के साथ जाने का फैसला किया, क्योंकि उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गेंदबाजी करने का अच्छा अनुभव है और हमें टूर्नामेंट की शुरुआत में उनका समर्थन करने की जरूरत है। यह सच में महत्वपूर्ण है कि वे जल्द से जल्द आत्मविश्वास हासिल करें और इसे पाने के लिए यह सबसे अच्छे मैचों में से एक था।

### महिला हॉकी जूनियर विश्व कप में जीत के साथ शुरुआत करना भारत का लक्ष्य

पोटचेफस्ट्रूम। सलिमा टेटे के नेतृत्व वाली भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम एक अप्रैल से शुरू होने वाले 2022 महिला एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए पूरी तरह तैयार है। 2018 में यूथ ओलंपिक खेलों में अंडर-18 टीम को ऐतिहासिक रजत पदक दिलाने वाली कप्तान सलीमा टेटे ने बुधवार को एक बयान में कहा, खिलाड़ियों में काफी उत्साह है। सभी ने इस पल के लिए बहुत मेहनत की है और टूर्नामेंट की तारीख आगे बढ़ने का इस्तेमाल बेहतर प्रदर्शन करने के लिए किया है। हमने एक टीम के रूप में सुधार करने की कोशिश है, ताकि हम यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। सलीमा ने महिला हॉकी जूनियर विश्व कप के लिए टीम की तैयारियों के बारे में कहा, जल्दी दक्षिण अफ्रीका आने से हमें काफी मदद मिली है। हम यहां अच्छी मात्रा में प्रशिक्षण सत्र करने में सक्षम हुए हैं, जिससे हमें मौसम के अनुकूल होने में मदद मिली है। दिन में यहां बहुत गर्मी और आर्द्रता( ह्यूमिडिटी) हो जाती है। भुवनेश्वर में हमारे आखिरी शिविर में हमें निश्चित रूप से थोड़ी मदद मिली, जहां हमने दक्षिण अफ्रीका आने से पहले काफी गर्म परिस्थितियों में प्रशिक्षण लिया था। जूनियर महिला हॉकी टीम की कप्तान ने कहा, टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए आश्वस्त है। हम अच्छी तरह से तैयार हैं और हमारे पास अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। हमारा उद्देश्य एक बार में एक मैच पर फोकस करना, अच्छी शुरुआत करना और योजना के अनुसार खेलना होगा। पूल डी में मौजूद भारतीय टीम टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत दो अप्रैल को वेल्स के खिलाफ मुकाबले से करेगी।

# आईपीएल के टीवी और ओटीटी अधिकारों की बिक्री के बाद होगा बोली का आखिरी दौर

नयी दिल्ली। आईपीएल 2023 से 2027 सीजन तक के मीडिया अधिकारों की बोली के सभी दौरों की समाप्ति और अधिकारों की बिक्री से करोड़ों रुपए कमाने के बाद भी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) पर धन वर्षा जारी रहेगी।

क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार टीवी और ओटीटी अधिकारों की बिक्री के बाद बीसीसीआई ई-बोली के आखिरी दौर में किसी एक पार्टी को आईपीएल के टीवी और ओटीटी दोनों अधिकारों को हासिल करने का मौका देगा, जिससे बीसीसीआई के पास और करोड़ों रुपए आएंगे।

उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई द्वारा मीडिया अधिकारों के लिए जारी निविदा के आमंत्रण (आईटीटी) दस्तावेज में टीवी अधिकार प्राप्त करने वालों के लिए ई-बोली के अंतिम दौर में डिजिटल अधिकारों को खरीदने के प्रावधान किए गए हैं। इसी तरह डिजिटल अधिकार धारक भी टीवी अधिकार हासिल कर सकते हैं।

भारतीय मीडिया कंपनी एवं खेल प्रसारणकर्ता निंबस कम्युनिकेशंस के पूर्व सीईओ हरीश थवानी ने इस अभूतपूर्व प्रणाली को समझाते हुए कहा, यह एक तरह से राइट टू मैच का अधिकार है जो पहले खिलाड़ियों के लिए होने वाली नीलामी में दिखता था। यह सिर्फ हर संपत्ति के मूल्य में वृद्धि करेगा।

एक टीवी स्टेशन के कार्यकारी ने इस पर और अधिक प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक संयुक्त बोली के जरिए सभी संपत्तियों को जीतने का एक तरीका हो सकता है। बेशक कोई समग्र बोली योजना नहीं है, लेकिन यह सब उसमें जोड़ा जा सकता है।




बीसीसीअई ने कहा कि टीवी अधिकार या ओटीटी अधिकार जीतने वाले को दोनों अधिकारों के लिए बोली लगाने का मौका देने के पीछे बीसीसीआई का उद्देश्य प्रत्येक बंडल में अधिकतम मूल्य प्राप्त करना है।

बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण सिंह धूमल ने इस बारे में कहा, टीवी अधिकार प्राप्त करने वाले चाहें तो डिजिटल राइट्स के लिए भी अपनी किस्मत आजमा सकते हैं। अगर आप पिछले बार की प्रक्रिया को देखें तो टीवी अधिकारों के लिए लगाई गई सोनी की बोली स्टार की तुलना में अधिक थी और फेसबुक की डिजिटल बोली हॉटस्टार की तुलना में बड़ी थी, लेकिन स्टार ने संयुक्त बोली के साथ दोनों अधिकार प्राप्त कर लिए, जो दूसरों के योग से अधिक थी। ऐसे में यह पता लगाने का कोई तरीका नहीं है कि प्रत्येक संपत्ति का वास्तविक बाजार मूल्य क्या है।

धूमल ने कहा, आईटीटी को इस तरह से तैयार किया गया है कि यह छोटी पार्टियों को मौका देता है। जिनके पास बड़े पैकेज खरीदने के लिए मोटी रकम नहीं है, यह आईटीटी गैर-अनन्य बंडल में या अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों के लिए उनकी भागीदारी सुनिश्चित करता है। कोई सिर्फ ब्रिटेन, कोई मिडल ईस्ट और कोई ऑस्ट्रेलियाई क्षेत्रों के लिए इच्छुक हो सकता है, इसलिए वे बोली प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। इसी तरह कोई सभी 74 मैचों के लिए इच्छुक नहीं हो सकता है, इसलिए वे सीमित पैक के लिए जा सकता है।

क्रिकबज के मुताबिक बंडल ए में बोली जीतने वाले ही बंडल बी के बोली जीतने वालों को चुनौती दे सकते हैं, न कि कोई और। इसी तरह बंडल बी के विजेता बंडल सी के विजेताओं को चुनौती दे सकते हैं, हालांकि यह माना जा सकता है कि ऐसा होने की संभावना बहुत कम है, क्योंकि डिजिटल अधिकार धारक 18 गैर-अनन्य मैचों के लिए दो बार भुगतान करेंगे।

चुनौती की प्रणाली बेशक जटिल हो सकती है, लेकिन आईटीटी दस्तावेज के साथ, संभावित बोलीदाताओं को स्पष्टीकरण मांगने का अधिकार है। पिछले रिकॉर्ड से पता चलता है कि बीसीसीआई किसी भी तरह के सुधार के लिए तैयार है। टीवी अधिकारों के लिए 49 करोड़ रुपए, डिजिटल के लिए 33 करोड़ रुपए, 18 गैर-अनन्य मैचों के लिए 16 करोड़ रुपए और शेष विश्व के अधिकारों के लिए तीन करोड़ रुपये के साथ इस पूरी कवायद में कुछ दिन लग सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि ई-नीलामी 12 जून को शुरू होगी।

# पांचवीं बार महिला विश्व कप फाइनल में आमने-सामने होंगे ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड

**क्राइस्टचर्च।** आईसीसी महिला विश्व रैंकिंग की नंबर एक ऑस्ट्रेलिया और नंबर तीन टीम इंग्लैंड पांचवीं बार आईसीसी महिला विश्व कप के फाइनल में एक-दूसरे से भिड़ेगी।




क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल मैदान पर तीन अप्रैल को 2022 आईसीसी महिला विश्व कप का फाइनल खेला जाएगा। दोनों ही टीमें बड़ी जीत के साथ काफी आत्मविश्वास लेकर फाइनल में पहुंची हैं। ऑस्ट्रेलिया ने जहां मंगलवार को पहले सेमीफाइनल में वेस्ट इंडीज को 157 रन से एकतरफा अंदाज में हराया था, वहीं गत विजेता इंग्लैंड ने आज दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 137 रन से रौंदा।

उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड इससे पहले चार बार (1973, 1978, 1982, 1988) महिला विश्व कप के फाइनल में आपस में भिड़ चुके हैं, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने तीन बार इंग्लैंड को हरा कर खिताब जीता है, जबकि इंग्लैंड एक बार ही ऑस्ट्रेलिया को हरा पाया है। ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा हमेशा भारी रहा है। वहीं मौजूदा संस्करण की बात करें तो इसमें भी ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड से मजबूत टीम लगी है। ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल सहित अपने सातों लीग मैचों में जीत हासिल की, जबकि इंग्लैंड को सात लीग मैचों में चार में जीत और तीन में हार मिली। पिछले कुछ समय की बात करें तो इंग्लैंड महिला टीम ने भी विश्व क्रिकेट में अपना दबदबा बनाया है। इंग्लैंड ने महिला विश्व कप के पिछले 2017 संस्करण का खिताब जीता था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में भारत से हार कर बाहर हो गया था, जबकि इंग्लैंड तब भी दक्षिण अफ्रीका को हरा कर फाइनल में जगह बनाई थी। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया के पास सातवां महिला विश्व कप खिताब जीतने का मौका है तो वहीं इंग्लैंड पांचवीं बार खिताब को अपने नाम करने के करीब है।

# महिला आईपीएल 10 साल में भारत को अपराजेय बना देगा : हीली

मेलबोर्न। ऑस्ट्रेलिया की स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज़ अलीसा हीली ने बीसीसीआई और पीसीबी के घोषित महिला टी20 प्रतियोगिताओं की घोषणा का स्वागत किया है। उनका यह भी मानना है कि महिला आईपीएल के आने से 10 साल में भारतीय टीम अपराजेय बन सकती है। महिला विश्व कप सेमीफ़ाइनल में ऑस्ट्रेलिया को वेस्टइंडीज़ के विरुद्ध एक शतकीय पारी से जीत दिलाने के बाद हीली ने कहा, महिला आईपीएल और महिला पीएसएल जैसे टूर्नामेंट की योजना बहुत अच्छी ख़बर है। यह महिला क्रिकेट के लिए अगला क़दम है और ठीक इसी की ज़रूरत थी।

महिला बीबीएल, किआ सुपर लीग और द हंड्रेड जैसी प्रतियोगिताओं को हमने पूरे विश्व में सफल होते देखा है। ऐसे में महिला आईपीएल का आना और भारत में खेल को बढ़ावा देने का मौक़ा पाना बहुत ज़रूरी है। हीली ने



कई सालों से महिला आईपीएल का समर्थन किया है। महिला क्रिकेट के कई शीर्ष खिलाड़ियों की तरह उनका मानना रहा है कि भारतीय टीम की प्रगति के लिए आईपीएल जैसी प्रतियोगिता का होना बेहद ज़रूरी है।

हीली आईपीएल के साथ होने वाले महिला चैलेंज के पहले सीज़न में एक प्रदर्शनी मुक़ाबले का हिस्सा थीं और उन्होंने कहा, भारत महिला क्रिकेट में एक विशाल अप्रयुक्त बाज़ार है। उनकी आबादी के साथ 10 साल में यह एक अपारेजय टीम बनने की क़ाबिलियत रखती है। उनको बस एक मंच चाहिए जहां उनके प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपने गेम को दिखा सकें। हीली और दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी 2018 में एक वन-ऑफ़ प्रदर्शनी मैच खेलने के बाद से टी20 चैलेंज का हिस्सा नहीं बन पाई हैं। उसके अगले साल बीसीसीआई और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बीच समझौता नहीं हो पाया था और उसके बाद 2020 में टी20 चैलेंज महिला बीबीएल के साथ ही आयोजित हुआ था। 2021 में इन मैचों का आयोजन नहीं हुआ था।

हीली ने माना कि उनकी उपलब्धता भी शेड्युलिंग पर निर्भर होगी । उन्होंने कहा, मैं दावे से नहीं कह सकती कि आगे बढ़ते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को प्राथमिकता मिल सकती है या घरेलू लीगों को। मैं उत्साहित हूं कि कम से कम ऐसे टूर्नामेंट की बात की जा रही है और उम्मीद है इनका आयोजन भी अब दूर नहीं।

# अपनी कुर्सी खतरे में देख इमरान खान को आई भारत की याद, लगाया इल्जाम

**इस्लामाबाद।** हिंदी की एक बड़ी मशहूर कवाहत है। खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे... मतलब अपनी नाकामी का ठीकरा दूसरों के सिर फोड़ना। ऐसा ही कुछ पाकिस्तान में हो रहा है। पाकिस्तान सरकार में सूचना एवं प्रसारण मंत्री फवाद चौधरी ने इमरान खान सरकार को गिराने की कोशिश के पीछे भारत का हाथ बताया है। फवाद चौधरी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि नवाज शरीफ लंदन में बैठकर पाकिस्तान की इमरान खान सरकार को गिराना चाहते हैं। फवाद चौधरी ने आगे कहा कि सबको पता है



कि नवाज शरीफ के भारत के साथ कैसे संबंध हैं। फवाद चौधरी ने कहा कि भारत और इजराइल के लोगों से नवाज शरीफ की मुलाकातें ढकी छिपी नहीं है।

यही नहीं, फवाद चौधरी ने पाकिस्तानी मीडिया पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि पाक मीडिया के भी कुछ लोग इमरान सरकार को गिराने की साजिश में शामिल हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान की इमरान खान सरकार का गिरना लगभग तय माना जा रहा है। गुरुवार देर शाम इमरान खान देश के नाम संबोधन भी कर सकते हैं। कहा जा रहा है कि इसी संबोधन में इमरान खान पीएम पद से इस्तीफा देने का ऐलान करेंगे इमरान खान ने ये भी कहा है कि वो बागी सांसदों के खिलाफ सख्त एक्शन लेंगे।

पाकिस्तान में अबतक के सियासी हालात पर नजर डालें पाकिस्तान में केयरटेकर पीएम को छोड़कर अबतक कुल 19 प्रधानमंत्री रहें हैं। बड़ी बात ये है कि इन 19 में से सिर्फ तीन ऐसे पीएम हैं जो चार साल से ज्यादा पीएम पद पर बने रहने में कामयाब हुए हैं। इनमें लियाकत अली खान, नवाज शरीफ और यूसुफ रजा गिलानी का नाम शामिल है। नवाज शरीफ तीन कार्यकाल के दौरान नौ साल तक पाकिस्तान के पीएम रहे वहीं बेनजीर भुट्टो दो कार्यकाल में साढ़े पांच साल तक पाकिस्तान की पीएम रहीं।

### यक्रेन विवाद को लेकर फ्रांस के खुफिया विभाग प्रमुख का इस्तीफा

**पेरिस।** फ्रांसीसी सैन्य खुफिया के प्रमुख जनरल एरिक विदौद को यूक्रेन में रूसी सैन्य अभियान की संभावना का आकलन करने में असफल रहने पर उन्हें पद से हटने के लिए कहा गया है। फ्रांसीसी समाचार पत्र एल ओपिनियन ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। समाचार पत्र के अनुसार श्री विदौद सात महीने से पद पर आसीन थे। समाचार पत्र को बताया कि इस मुद्दे की समझ की कमी और अपर्याप्त सूचना के कारण यह कदम उठाया गया है। फ्रांसीसी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के प्रमुख थियरी बर्कहार्ड ने गर्मियों में श्री विदौद को पद से हटाने की योजना बनाई थी, लेकिन खुफिया प्रमुख ने उन्हें तुरंत सैन्य प्रतिष्ठान छोड़ना पसंद किया।

# भारत-चीन बॉर्डर मसले पर अमेरिका ने बोला तो ड्रैगन ने लगा दी लताड़

नई दिल्ली। चीन ने भारत-चीन बॉर्डर मसले पर अमेरिकी अधिकारी के कमेंट पर वाशिंगटन को लताड़ लगाई है। चीनी राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सीनियर कर्नल वू कियान ने बीजिंग में मीडिया से बातचीत में कहा है कि चीन और भारत पक्ष बातचीत और परामर्श के जरिए बॉर्डर मसले को ठीक से संभालने के लिए सहमत हुए हैं। हम तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप का कड़ा विरोध करते हैं।

#### अमेरिकी अधिकारी ने की थी लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर टिप्पणी

कर्नल वू ने इंडो-पैसिफिक सिक्योरिटी अफेयर्स के लिए अमेरिकी सहायक रक्षा सचिव एली रैटनर के कमेंट पर टिप्पणी की, जिन्होंने कहा था कि भारत लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के साथ चीनी पक्ष से गंभीर स्थिति का सामना कर रहा है जिस पर अमेरिका कड़ी नजर रख रहा है।

#### किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप का विरोध करता है चीन

वू ने अमेरिका पर निशाना साधते हुए कहा है कि चीन-भारत बॉर्डर मसला चीन और भारत के बीच का मामला है। दोनों पक्ष किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप का दृढ़ता से विरोध करते हुए बातचीत और परामर्श के जरिए सीमा मुद्दे को ठीक से संभालने के लिए सहमत हुए हैं।

#### 11 मार्च को भारत और चीन ने की थी बातचीत

बता दें 11 मार्च को चीनी और भारतीय सेना ने भारत में मोल्दो/चुशूल बॉर्डर मीटिंग पॉइंट पर चीन-भारत कोर कमांडर स्तर की बैठक के 15वें दौर का आयोजन किया था। बैठक के बाद दोनों पक्षों ने मसलों के समाधान को बढ़ावा देने के लिए बातचीत जारी रखने पर चर्चा की। अब वू ने कहा है कि बैठक सकारात्मक और रचनात्मक थी। दोनों पक्षों ने दोहराया कि बचे हुए मसलों के समाधान से क्षेत्र में शांति बहाल करने में मदद मिलेगी और द्विपक्षीय संबंधों के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# अफगानिस्तान से आतंकवाद पर ईरान ने जताई चिंता

बीजिंग। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन ने गुरुवार को कहा कि तेहरान तालिबान द्वारा अफगानिस्तान के अधिग्रहण (आतंकवादी गतिविधियों के लिए संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों के तहत) के बाद से क्षेत्र में बढ़ती आतंकवादी गतिविधियों के बारे में चिंतित है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के मुताबिक चीन के टुंशी में मंत्रिस्तरीय बैठक में अमीर-अब्दुल्लाहियन ने कहा है, तीसरा मुद्दा आतंकवादियों और कट्टरपंथी समूहों द्वारा की जा रही भर्ती है। दाएश (रूस में आतंकवादी संगठन के रूप में प्रतिबंधित इस्लामिक राज्य) के विस्तार ने अफगानिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों के लिए निसंदेह कोई जगह नहीं छोड़ी है कि अब हमें पड़ोसी देशों के साथ मिलकर सामूहिक उपाय अपनाने की जरूरत है ताकि हम आतंकवाद का मुकाबला कर सके। टुंशी क्षेत्र में 30 से 31 मार्च को आयोजित अफगानिस्तान के पड़ोसी देशों के तीसरे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन से इतर अफगानिस्तान के मसले पर विस्तारित ट्रोइका की बैठक का भी आयोजन किया गया, जिसमें रूस, चीन, अमेरिका, पाकिस्तान ने भाग लिया।

### पाकिस्तानी रुपये में ऐतिहासिक गिरावट

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल के बीच गुरुवार को पाकिस्तानी रुपये में भारी गिरावट आई जिसके बाद एक अमेरिकी डॉलर की कीमत 184.03 पाकिस्तानी रुपये के बराबर हो गई। इतिहास में पहली बार पाकिस्तानी राशि ने डॉलर की तुलना में 183 का आंकड़ा पार किया है। 2018 में सत्ता में आए प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ नेशनल असेंबली में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है जिस पर मतदान तीन अप्रैल को होना है लेकिन इमरान सरकार के प्रमुख सहयोगी दल पहले ही विपक्षी खेमे में शामिल हो गये हैं। देश में आसमान छूती मंहगाई के लिए इमरान सरकार की आर्थिक नीतियों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। जियो टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, एक जुलाई, 2021 को वित्तीय वर्ष की शुरुआत के बाद से अब तक राष्ट्रीय मुद्रा 25 रुपये (या 16.46 प्रतिशत) से अधिक गिर चुकी है। मार्च के महीने में भी पाकिस्तानी रूपया अमेरिकी डॉलर की तुलना में 3.38 प्रतिशत गिरा । रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 11 महीनों से इसमें गिरावट का रुख बना हुआ है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान मुद्रा डीलरों ने कहा है कि राजनीतिक अनिश्चितता ने अर्थव्यवस्था के लिए समग्र रूप से नकारात्मक भावना पैदा की है।

### अविश्वास प्रस्ताव वापस नहीं लेगा विपक्ष

इस्लामाबाद। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की सांसद एवं सूचना सचिव शाजिया अता मारी ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान का संयुक्त विपक्ष प्रधानमंत्री इमरान खान के विरुद्ध पेश किया गया अविश्वास प्रस्ताव वापस नहीं लेगा। शाजिया ने श्री इमरान से इस्तीफा मांगते हुए कहा, प्रधानमंत्री के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव नियत तरीके से आगे जाएगा। एआरवाई न्यूज के अनुसार श्रीमती शाजिया ने कहा कि श्री खान ने नेशनल असेंबली में बहुमत खो दिया है। उन्होंने कहा कि संयुक्त विपक्ष के पास अविश्वास प्रस्ताव के पारित होने के लिए 177 से ज्यादा मत हैं। खबरों के अनुसार पाकिस्तान के सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने पहले कहा था कि अंतरराष्ट्रीय आर्थिक स्थिति को देखते हुए विपक्ष को श्री खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव वापस ले लेना चाहिए। नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता शाहबाज शरीफ ने सोमवार को श्री खान के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था।

### इमरान ने की नेशनल असेंबली भंग करने की पेशकश

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने गुरुवार को उनके खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव वापस लिए जाने पर नेशनल असंबली भंग करने की पेशकश की। जिओ न्यूज के मुताबिक एक खास शख्सियत ने नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता शाहबाज शरीफ को इस पेशकश का संदेश दिया। अविश्वास प्रस्ताव से पहले चर्चा के लिए नेशनल असेंबली के सत्र से पहले विपक्ष की बैठक के दौरान यह महत्वपूर्ण खुलासा हुआ। सूत्रों ने कहा, प्रधानमंत्री को एक सुरक्षित रास्ता निकालने को कहा गया है। श्री खान ने कहा कि यदि विपक्ष उनके सुझाव से सहमत नहीं है तो वह किसी भी स्थिति का सामना करने को तैयार हैं। विपक्ष ने गुरुवार को बैठक के दौरान इस संदेश की समीक्षा की।

### शेख रशीद अहमद ने राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव के दिए संकेत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के गृहमंत्री शेख रशीद अहमद ने गुरुवार को कहा कि देश के लिए शनिवार रात 12 बजे तक का समय बहुत अहम हैं और देश की राजनीतिक स्थिति परिवर्तन आ सकता है। पाकिस्तान के जियो न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में श्री रशीद ने कहा, देश में शनिवार रात 12 बजे तक का समय बेहद अहम है। उन्होंने देशवासियों से शुक्रवार और शनिवार रात तक इंतजार करने को कहा, क्योंकि अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ और राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव हो सकता है। पंजाब के मुख्यमंत्री उस्मान बुजदार के इस्तीफे के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, नियमों और विनियमों के अनुसार राज्यपाल मुख्यमंत्री को अपने इस्तीफे की पुष्टि करने के लिए बुलाते हैं। इस्तीफा के पुष्टि के दो से तीन दिन बाद उसे मंजूर किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज श्री बुजदार का मुख्यमंत्री के रूप में आखिरी दिन है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# रणबीर, आलिया, आमिर समेत कई सितारों ने ऋषि कपूर को दिया म्यूजिकल ट्रिब्यूट



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और आमिर खान समेत कई सितारों ने दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर को म्यूजिकल ट्रिब्यूट दिया है। ऋषि कपूर की आखिरी फिल्म शर्माजी नमकीन आज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। उनकी इस फिल्म को लेकर उनके बेटे रणबीर कपूर ने एक स्पेशल वीडियो के जरिए अपने पिता को ट्रिब्यूट दिया है।

इस वीडियो को रणबीर की मां और ऋषि कपूर की पत्नी नीतू कपूर ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर किया है।

नीतू कपूर ने इस वीडियो के कैप्शन में लिखा, लवली ट्रिब्यूट टू कपूर साहब। शर्माजी नमकीन। वीडियो में देखा जा सकता है कि रणबीर ने अपने पिता ऋषि कपूर को 1980 में प्रदर्शित म्यूजिक-ड्रामा फिल्म %कर्ज के सदाबहार गाने ओम शांति ओम पर डांस कर ट्रिब्यूट दिया है। रणबीर के साथ वीडियो में आमिर खान, आलिया भट्ट, करीना कपूर, आदर जैन, विक्की कौशल, फरहान अख्तर, अर्जुन कपूर, तारा सुतारिया, अनन्या पांडे और सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने भी ऋषि कपूर को म्यूजिकल ट्रिब्यूट दिया। सभी कलाकार इस वीडियो में ऋषि कपूर के डांस स्टेप्स करते नजर आ रहे हैं। गौरतलब है कि हितेश भाटिया के निर्देशन में बनी शर्माजी नमकीन में दिवंगत ऋषि कपूर के अलावा परेश रावल, जूही चावला और सतीश कौशिक की भी अहम भूमिका है।

इस फिल्म की आधी शूटिंग होने के बादऋषि कपूर का निधन हो गया था। उनके निधन के बाद परेश रावल ने उनके किरदार को निभाया और फिल्म की बची हुई शूटिंग पूरी की थी।

### शिल्पा शेट्टी की फिल्म निकम्मा 17 जून को होगी रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की आने वाली फिल्म निकम्मा 17 जून को रिलीज होगी। शिल्पा शेट्टी की आने वाली फिल्म निक्कमा की रिलीज डेट अनाउंस हो गई है। निक्कमा 17 जून 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म निक्कमा में शिल्पा शेट्टी के अलावा अभिमन्यू दसानी, शर्ली सेतिया नजर आएंगी। निकम्मा को शब्बीर खान ने निर्देशित किया है, वहीं फिल्म को सोनी पिक्चर्स इंडिया ने प्रोड्यूस किया है।

# फिल्म दसवी में अपने किरदार को चुनौतीपूर्ण मानती है निमरत कौर



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री निमरत कौर अपनी आने वाली फिल्म दसवीं में अपने किरदार को चुनौतीपूर्ण मानती है। निमरत कौर जल्द ही जियो स्टूडियो और नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही फिल्म दसवीं में नज़र आनेवाली हैं। इस फिल्म में निमरत कौर के अलावा अभिषेक बच्चन और यामी गौतम की अहम भूमिका है। निमरत कौर जहां फिल्म में अभिषेक बच्चन की पत्नी की भूमिका में हैं, वही यामी गौतम पुलिस ऑफिसर की भूमिका में हैं।इस फिल्म को दिनेश विजन की मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज ने प्रोड्यूस किया है। निमरत कौर फ़िल्म लंचबॉक्स के बाद वह दसवीं में अपने किरदार बिमला देवी को सबसे चुनौतीपूर्ण करार देती हैं। इस फ़िल्म के लिए निमरत ने अपना 15 किलो वजन बढ़ाया है। निमरत कौर ने बताया , मेरे हाइट की लड़की जब 15 किलो वजन बढ़ाएगी तो वो मेरी बॉडी लैंग्वेज सब पर फर्क लेकर ही आएगा। प्रोस्थेटिक मेकअप से आप वो न्याय अपने किरदार के साथ नहीं कर सकते हैं. जो नेचुरल तरीके से मोटे पर कर सकते हैं। तुषार जलोटा द्वारा निर्देशित यह फिल्म जियो सिनेमा एंड नेटफ्लिक्स पर 07 अप्रैल 2022 को रिलीज हो रही है।

# कटरीना कैफ और विकी कौशल ने शेयर की रोमांटिक तस्वीरें





**मुंबई।** कटरीना कैफ ने फाइनली विकी कौशल के साथ अपने वकेशन की तस्वीरें शेयर की हैं। इन्हें देखकर फैन्स खुश हो रहे हैं। विकी कौशल और कटरीना कैफ शादी के बाद से अपने-अपने प्रोजेक्ट्स में बिजी थे। अब फाइनली साथ में बढ़िया वक्त बिताने के लिए टाइम निकाला है। दोनों ने जगह का खुलासा नहीं किया है। हालांकि कुछ फैन्स कयास लगा रहे हैं कि वे मालदीव में हैं। कटरीना ने तीन फोटोज शेयर की हैं। इनमें समुद्र, बीच, सनसेट, हट और खूबसूरत हरियाली दिख रही है। शादी के तुरंत बाद भी कटरीना ने फोटोज शेयर की थीं लेकिन इनमें साथ में विकी नहीं थे।

### कटरीना ने शेयर की खूबसूरत तस्वीरें

विकी कौशल और कटरीना कैफ ने अपनी वकेशन के फोटोज फैन्स के साथ शेयर किए हैं। पहली तस्वीर में कटरीना विकी के साथ यॉट पर दिख रही हैं। उन्होंने विकी के कंधों पर अपने हाथ रखे हैं। इसके बाद कटरीना की एक सिंगल फोटो है। एक और फोटो में सीनिक ब्यूटी दिख रही है।

### छिपाते रहे अफेयर

कटरीना और विकी ने अपना कोर्टशिप पीरियड लोगों से छिपाने की कोशिश की थी। हालांकि कई बार उनकी साथ में तस्वीरें लीक हुईं। इसके बाद दोनों शादी की खबरें छिपाने की कोशिश करते रहे। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स में डिटेल्स आती रहीं। शादी के बाद से वह अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फोटोज शेयर करते रहते हैं। पहली बार दोनों ने वकेशन के फोटोज शेयर किए हैं।

### कटरीना घर पर लाईं पॉजिटिविटी

विकी और कटरीना ने राजस्थान में सवाई माधोपुर में शादी की थी। वेडिंग फंक्शन में उनके करीबी ही शामिल हुए थे।

कटरीना शादी के बाद पूरी तरह से कौशल फैमिली के रंग में रंग चुकी हैं। उनके देवर सनी कौशल ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि उनकी भाभी घर में पॉजिटिविटी लाई हैं।

# राजामौली को सबसे महान भारतीय फिल्म निर्देशक मानती है कंगना रनौत

एजेंसी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत दक्षिण भारतीय निर्देशक एसएस



राजामौली को महान भारतीय फिल्म निर्देशक मानती है। एसएस राजामौली निर्देशित आरआरआर बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुयी है और इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। कंगना रनौत ने अभी यह फिल्म नहीं देखी है, लेकिन वह राजामौली की तारीफ करती नहीं थक रही हैं।

कंगना ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर लिखा, एसएस राजामौली सर ने साबित कर दिया है कि वह अब तक के सबसे महान भारतीय फिल्म निर्देशक हैं।

कंगना ने लिखा कि, राजमौली ने कभी भी असफल फिल्म नहीं दी है, फिर भी उनके बारे में सबसे अच्छी बात उनकी सफलता नहीं है बल्कि एक कलाकार के रूप में उनकी विनम्रता, एक व्यक्ति के रूप में सादगी और अपने राष्ट्र और उनके धर्म के लिए उनका महान प्रेम है। आप जैसा रोल मॉडल पाकर बहुत अच्छा लगा सर। ईमानदारी से आपकी प्रशंसक। गौरतलब है कि आरआरआर एक एक्शन एंटरटेनर है जिसमें राम चरण और जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में हैं।

### टाइगर श्राफ ने शेयर किया वर्कआउट वीडियो

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने सोशल मीडिया पर अपना वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। टाइगर श्राफ अपनी फिटनेस और शानदार डांस मूव्स के लिये जाने जाते हैं। टाइगर अक्सर सोशल मीडिया पर अपने वर्कआउट सेशन के फोटोज और वीडियो फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं। टाइगर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वर्कआउट के दौरान का एक वीडियो साझा किया है, जिसमें में पुलअप्स लगाते हुए दिख रहे हैं। टाइगर ने इस वीडियो को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। वीडियो में टाइगर का फेस तो नहीं दिख रहा है लेकिन वह शर्टलेस होकर पुलअप्स लगाते नजर आ रहे हैं। टाइगर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म हीरोपंती 2 को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म हीरोपंती 2 में टाइगर श्रॉफ बबलू के मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं। फिल्म में उनके साथ तारा सुतारिया और नवाजुद्दीन सिद्दीकी की भी अहम भूमिका है। अहमद खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। यह फिल्म 29 अप्रैल, 2022 को ईद के मौके पर रिलीज होगी।

### नुसरत भरूचा और सनी कौशल की फिल्म 'हुड़दंग' का ट्रेलर रिलीज़

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा और अभिनेता सनी कौशल की आने वाली फिल्म 'हुड़दंग' का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। नुसरत भरूचा और सनी कौशल की जोड़ी वाली फिल्म 'हुड़दंग' का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। इस ट्रेलर में सनी और नुसरत की केमिस्ट्री खूब जम रही है। सनी कौशल इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के एक स्टूडेंट के रोल में हैं जो आरक्षण के खिलाफ जंग लड़ने को तैयार है। वहीं दूसरी तरफ नुसरत भरूचा के प्यार में पागल सनी कुछ भी करने को तैयार दिख रहे हैं। सनी कौशल यानी डद्दू इस फिल्म में आईएएस बनने का ख्वाब देख रहे हैं।

# प्रभास की फिल्म 'सालार' में काम नहीं कर रहे हैं जॉन अब्राहम




मुंबई। बॉलीवुड के माचो हीरो जॉन अब्राहम का कहना है कि वह दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की फिल्म सालार में काम नहीं कर रहे हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि जॉन अब्राहम फिल्म 'सालार' में काम कर रहे हैं। इस बारे मे पूछे जाने पर जॉन ने कहा, मैं कभी भी क्षेत्रीय फिल्म नहीं करूंगा। मैं एक हिंदी फिल्म हीरो हूं और वही रहूंगा। मैं सिर्फ साउथ की फिल्मों में होने के लिए सेकेंड लीड बनकर या किसी भी और बॉलीवुड सितारे की तरह वहां काम नहीं करूंगा।

जॉन अब्राहम अपनी फिल्म अटैक का पहला पार्ट लेकर आ रहे हैं। जॉन ने कहा, मैं एक बहुत अच्छी फिल्म ला रहा हूं और यदि मुझे फिल्म पर यकीन नहीं होता तो मैं कभी इसका प्रचार नहीं करता। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की कहानी वॉर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित है। फिल्म में जॉन अब्राहम का रोल कंप्यूटर प्रोग्रामिंग से बनाए सोल्जर का है, जो आतंकवादियों से मुकाबला करता है और देश को बचाता है। अटैक का पहला पार्ट 1 अप्रैल, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रहा है। इस फिल्म में जॉन के अलावा जैकलीन फर्नाडीस, रकुल प्रीत सिंह ,प्रकाश राज और रत्ना पाठक शाह भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आयेंगी।

# इस चमत्कारी झील की मिट्टी शरीर पर लगाने से दूर हो जाती हैं गंभीर बीमारियां

प्रिया मिश्रा

**यह रहस्यमई झील पेरू के हुआकाचाइना में स्थित है। इस झील को ओएसिस ऑफ अमेरिका के नाम से भी जाना जाता है। कहा जाता है कि इसका पानी और मिट्टी में ऐसा जादू है कि इसके पानी में नहाने या फिर शरीर पर इसकी मिट्टी का लेप लगाने से सभी बीमारियां दूर हो जाती हैं।**



हमारा पूरा संसार अजूबों और रहस्यों से भरा हुआ है। दुनिया में ऐसी कई अनोखी और रहस्यमयी जगहें हैं जिनके बारे में जानकार लोग दंग रह जाते हैं। इनमें से कई रहस्यों के पीछे की गुत्थी तो वैज्ञानिक भी अभी तक नहीं सुलझा पाए हैं। आप भी जब इन जगहों के बारे में जानेंगे तो सोच में पड़ जाएंगे कि आखिर ऐसा कैसे हो सकता है। भारत के कई ऐसी झीलें हैं, जिनके बारे में कहा जाता है कि यहाँ नहाने से गंभीर बीमारियां ठीक हो जाती हैं। इसके पीछे की असली वजह क्या है, ये तो कोई नहीं जानता। लेकिन पर्यटकों के बीच ये जगहें खूब मशहूर हो रही हैं। आज के इस लेख में हम आपको एक ऐसी झील के बारे में बताने जा रहे हैं जिसके बारे में कहा जाता है कि यहाँ एक जलपरी मौजूद है। ऐसा कहा जाता है कि यह जलपरी यहाँ आने वाले लोगों की बीमारियां दूर कर देती है।

यह रहस्यमई झील पेरू के हुआकाचाइना में स्थित है। इस झील को ओएसिस ऑफ अमेरिका के नाम से भी जाना जाता है। दुनियाभर से पर्यटक यहाँ घूमने आते हैं और इस झील में डुबकी लगाते हैं। इंटरनेट पर मौजूद आंकड़ों के मुताबिक, इस क्षेत्र की कुल आबादी 100 लोगों की है लेकिन यहां हर साल 10 हजार से भी ज्यादा पर्यटक घूमने आते हैं। इस झील के आसपास रेत के ऊंचे टीले भी हैं। इस झील के बारे में ऐसा कहा जाता है कि इसका पानी और मिट्टी में ऐसा जादू है कि इसके पानी में नहाने या फिर शरीर पर इसकी मिट्टी का लेप लगाने से सभी बीमारियां दूर हो जाती हैं। यहां के स्थानीय लोगों के अलावा पर्यटक भी इस झील की मिट्टी का लेप भी शरीर पर लगाते हैं।

इस झील का निर्माण कैसे हुआ इसके पीछे भी एक बहुत दिलचस्प कहानी है। ऐसा कहा जाता है कि यहाँ एक राजकुमारी ने नहाने के लिए अपने कपड़े उतारे तो उसकी नजर अपने शीशे पर पड़ी। राजकुमारी ने देखा कि एक शिकारी उसकी तरफ बढ़ रहा था। जिसके बाद वह वहां से भागने लगी और इसी बीच उसका शीशा वहीं गिर गया। कहा जाता है कि इसी ने एक झील का रूप ले लिया। ऐसा भी कहा जाता है कि जब राजकुमार भाग रही थी तो उससे जो रेत उड़ी उससे झील के पास रेत के टीले बन गए। लोगों का ऐसा भी मानना है कि वह राजकुमारी इसी झील में एक जलपरी के रूप में रहती है और सबकी बीमारियां ठीक कर देती है।

# टूटे हुए कॉम्पैक्ट पाउडर को न समझें बेकार, जानें इसे ठीक करने की आसान टिप्स

प्रिया मिश्रा



कॉम्पैक्ट पाउडर चेहरे पर एक्स्ट्रा ऑयल और पसीना नहीं आने देता है। लेकिन कभी गलती से कॉम्पैक्ट पाउडर गिरकर टूट जाता है। ऐसे में अक्सर महिलाएं इसे बेकार समझकर फेंक देती हैं। लेकिन आप इसे दोबारा ठीक करके इस्तेमाल कर सकती हैं। आज हम आपको टूट हुए कॉम्पैक्ट पाउडर को जोड़ने की टिप्स बताने का रहे हैं।

चेहरे पर मेकअप को सेट करने के लिए लड़कियां अक्सर कॉम्पैक्ट पाउडर का इस्तेमाल करती हैं। ये चेहरे पर एक्स्ट्रा ऑयल और पसीना नहीं आने देता है। लेकिन कभी गलती से कॉम्पैक्ट पाउडर गिरकर टूट जाता है। ऐसे में अक्सर महिलाएं इसे बेकार समझकर फेंक देती हैं। लेकिन आप इसे दोबारा ठीक करके इस्तेमाल कर सकती हैं। आज के इस लेख में हम आपको टूट हुए कॉम्पैक्ट पाउडर को जोड़ने की टिप्स बताने का रहे हैं –

### रबिंग अल्कोहल

अगर आपका कॉम्पैक्ट पाउडर टूट गया है तो आप इसे ठीक करने के लिए रबिंग अल्कोहल का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए कॉम्पैक्ट पाउडर में थोड़ा सा रबिंग अल्कोहल मिलाएं और इसे टूथपिक की मदद से अच्छी तरह मिक्स कर लें। इसके बाद इसे करीब 24 घंटे तक सेट होने के लिए रख दिन। इसके बाद आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### सर्जिकल स्पिरिट

आप सर्जिकल स्पिरिट इस्तेमाल करके भी अपने टूटे हुए कॉम्पैक्ट पाउडर को जोड़ सकती हैं। इसके लिए कॉम्पैक्ट पाउडर के सर्जिकल स्पिरिट की कुछ बूंदें डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। इसके बाद इसे सेट होने के लिए छोड़ दें। आपको सर्जिकल स्पिरिट बाजार में या ऑनलाइन मिल जाएगा।

### पानी

आप अपने टूटे और बिखरे हुए कॉम्पैक्ट पाउडर को जोड़ने के लिए पानी का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। हालांकि, पानी का इस्तेमाल कर रहे हैं तो बूंद बूंद करके ही पानी डालें। ज्यादा पानी डालने से कॉम्पैक्ट पाउडर खराब हो सकता है। इसके लिए टूटे हुए कॉम्पैक्ट पाउडर में पानी की कुछ बूंदें डालकर मिक्स कर लें। इसके बाद इसे एक लेयर के रूप में बॉक्स में फैला दें। कॉम्पैक्ट पाउडर को सूखने के लिए करीब 24 घंटे के लिए छोड़ दें।

# इनकम टैक्स को लेकर आज से बदल जाएंगे कई नियम

कमलेश पांडेय

**भारत में क्रिप्टो परिसंपत्ति कर व्यवस्था 1 अप्रैल 2022 से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष में धीरे-धीरे लागू होगी। सर्वप्रथम 30 प्रतिशत कर पर प्रावधान वित्तीय वर्ष की शुरुआत में प्रभावी होंगे, जबकि 1 प्रतिशत टीडीएस से संबंधित प्रावधान 1 जुलाई 2022 से लागू होंगे।**

अगला वित्त वर्ष 2022-23 शुक्रवार 1 अप्रैल से शुरू हो रहा है। इस वित्त वर्ष से प्रभावी आयकर नियमों में कई महत्वपूर्ण बदलाव किये गए हैं।

जिनके मुताबिक क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर आयकर, अद्यतन आयकर रिटर्न दाखिल करना, ईपीएफ ब्याज पर नए कर नियम और कोविड-19 उपचार पर कर राहत जैसे कुछ बड़े बदलाव किये गए हैं जो अब प्रभावी हो जाएंगे।

आज हम आपको इन मुख्य 7 बदलावों के बारे में एक साथ बता रहे हैं, ताकि इसे समझने में आपको कोई दिक्कत न हो।

### पहला, क्रिप्टो टैक्स पर लागू होगी नई व्यवस्था

भारत में क्रिप्टो परिसंपत्ति कर व्यवस्था 1 अप्रैल 2022 से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष में धीरे-धीरे लागू होगी।

सर्वप्रथम 30 प्रतिशत कर पर प्रावधान वित्तीय वर्ष की शुरुआत में प्रभावी होंगे, जबकि 1 प्रतिशत टीडीएस से संबंधित प्रावधान 1 जुलाई 2022 से लागू होंगे। वहीं, वित्त वर्ष 2022-23 के बजट ने क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर आयकर लगाने के संबंध में स्पष्टता लाई है। इसके अलावा, टीडीएस की सीमा निर्दिष्ट व्यक्तियों के लिए प्रति वर्ष ?50,000 होगी, जिसमें ऐसे व्यक्ति या एचयूएफ शामिल हैं जिन्हें आई-टी अधिनियम के तहत अपने खातों का ऑडिट कराना आवश्यक है।

### द्वितीय, कर योग्य होगा उपहार के रूप में प्राप्त क्रिप्टो

अगर आपको क्रिप्टोकरंसी या किसी अन्य वर्चुअल डिजिटल संपत्ति के रूप में कोई भी उपहार मिलता है, तो यह उपहार के रूप में कराधान के लिए उत्तरदायी होगा।

### तृतीय, क्रिप्टो करेंसी में लॉस पर नहीं मिलेगी कोई रिलीफ

क्रिप्टो हानियों को क्रिप्टो लाभ या अन्य संपत्तियों के खिलाफ सेट ऑफ नहीं किया जा सकता है। कहने का अभिप्राय यह कि क्रिप्टो में यदि लाभ होगा तो सरकार को टैक्स देना पड़ेगा। लेकिन इसके उलट यदि आपको किसी डिजिटल एसेट में हानि होती है तो आप उस हानि को अपने फायदे के साथ सेट-ऑफ नहीं करवा पाएंगे।

उदाहरण के लिए यदि आप बिटकॉइन और शिबा इनु दो डिजिटल एसेट खरीदते हैं। बिटकॉइन में 200 रुपये का मुनाफा करते हैं और शिबा इनु में 200 रुपये का नुकसान हो जाता है। तो इस सूरत में आपको बिटकॉइन से हुए फायदे 200 रुपये पर इनकम टैक्स 30 प्रतिशत देना होगा। इसके बदले में 200 रुपये जो आपने शिबा इनु में गंवाए हैं, वो आपका होगा। उस लॉस को आप बिटकॉइन से हुए फायदे के साथ सेट-ऑफ नहीं करवा पाएंगे। जबकि भारतीय शेयर बाजार में निवेश करने पर सेटऑफ का विकल्प होता है।

इससे साफ है कि भारत सरकार ने क्रिप्टो होल्डिंग के दूसरे संस्करण से आय के खिलाफ एक विशेष डिजिटल संपत्ति में होने वाले नुकसान को बंद करके क्रिप्टो के लिए मानदंडों को काफी कड़ा कर दिया है। इससे सरकार क्रिप्टो परिसंपत्तियों का खनन करते समय बुनियादी ढांचे की लागत पर कर छूट की अनुमति नहीं देगी, क्योंकि इसे अधिग्रहण की लागत के रूप में नहीं माना जाएगा।

उदाहरण के लिए, यदि आप बिटकॉइन पर रु 1000 का लाभ कमाते हैं और एथेरियम पर रु 700 का नुकसान करते हैं, तो आपको रु 1000 पर कर देना होगा, न कि रु 300 के अपने शुद्ध लाभ पर। इसी तरह, आप स्टॉक, म्यूचुअल फंड या रियल एस्टेट जैसी अन्य संपत्तियों में लाभ और हानि के खिलाफ क्रिप्टोकरेंसी पर लाभ और हानि सेट नहीं कर सकते हैं।

### चतुर्थ, अपडेटेड आईटी रिटर्न फाइल करने की सुविधा

नए वित्त वर्ष में आयकरदाताओं के लिए एक विशेष सहूलियत यह दी गई है कि यदि आप किसी गड़बड़ी या गलती को सुधार कर फिर से आईटीआर भरना चाहते हैं तो आप इसे भर सकते हैं। इसके तहत टैक्सपेयर अब रिलेवेंट असेसमेंट साल से दो वर्ष के भीतर एक अपडेटड रिटर्न दाखिल कर सकते हैं। क्योंकि आयकर कानून में एक नया प्रावधान डाला गया है जो करदाताओं को आयकर रिटर्न में की गई त्रुटियों या गलतियों के लिए एक अद्यतन रिटर्न दाखिल करने की अनुमति देता है। इसलिए करदाता अब प्रासंगिक निर्धारण वर्ष के अंत से दो साल के भीतर एक अद्यतन रिटर्न दाखिल कर सकते हैं।

### पंचम, राज्य सरकार के कर्मचारियों को मिलेगी एनपीएस में कटौती

राज्य सरकार के कर्मचारी अब नियोक्ता द्वारा अपनी बेसिक सेलरी और महंगाई भत्ते के 14 प्रतिशत तक एनपीएस योगदान के लिए सेक्शन 80 सीसीडी (2) के तहत कटौती का दावा कर सकेंगे, जोकि केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए उपलब्ध कटौती के अनुरूप होगा।

### छठा, पीएफ खाते पर टैक्स

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 1 अप्रैल 2022 से आयकर (25वां संशोधन) नियम 2021 को लागू करने का फैसला किया है।

इसका मतलब यह है कि यदि आप अपने ईपीएफ अकाउंट में 2.5 लाख रुपये तक ही डालते हैं तो वह टैक्स फ्री होगा। लेकिन इससे ज्यादा पैसा डालने पर आपको मिलने वाले ब्याज पर टैक्स चुकाना होगा। यानी कि ईपीएफ खाता में यदि इससे ऊपर योगदान किया जाता है, तो ब्याज आय पर कर लगेगा।

CMYK CMYK CMYK CMYK